# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

वर्ष 73 ▸▸ अंक 117 ▸▸ पृष्ठ 12

रीवा, शनिवार 24 जनवरी, 2026

माघ शुक्ल पक्ष 06, विक्रम संवत् 2082

नगर ▸▸ मूल्य 7 रुपए




**शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी राजस्थान-उप्र में बारिश**

**नई दिल्ली, जेएनएन।** उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव होने से मौसम बदल गया है। राजस्थान, उप्र, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में देर रात से बारिश हो रही है। तेज हवाएं चल रही हैं। कई जिलों में तापमान घट गया है। हिमालय के राज्यों में भी बारिश-बर्फबारी का दौर शुरू हो गया है। हिमाचल के शिमला-मनाली में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। इससे साढ़े तीन महीने से चल रहा ड्राई स्पेल खत्म हो गया है।

# हिंसा: उज्जैन के तराना में बस फूंकी दुकान जलाई, दोनों पक्षों में पथराव

## सीसीटीवी में पथराव करते दिखे युवक, हालात बिगड़ते देख मैदान पर उतरे एसपी

**जागरण, तराना।** उज्जैन के तराना में गुरुवार रात शुरू हुआ विवाद शुक्रवार दोपहर बाद हिंसा में बदल गया। हालात उस समय बेकाबू हो गए, जब एक दुकान में आग लग गई और एक बस को फूंक दिया गया। आगजनी के बाद दोनों पक्षों के बीच पथराव शुरू हो गया, जिसमें एक युवक घायल हो गया। हालात बिगड़ने पर एसपी प्रदीप शर्मा को तराना पहुंचकर मोर्चा संभालना पड़ा।

गुरुवार रात्रि में शुक्ला गली निवासी सोहन ठाकुर पर प्राणघातक हमला करने वाले ईशान मिर्जा, सपन मिर्जा, शादाब उर्फ हेडली, सलमान मिर्जा, रिजवान मिर्जा नावेद व अन्य में से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर आक्रोशित लोगों ने शुक्रवार को थाने पर हनुमान चालीसा पाठ कर पुलिस से आरोपियों का जुलूस निकालने एवं घर तोड़ने की मांग की। आक्रोशित लोगों को समझाइस देने अपर कलेक्टर, एएसपी गुरु प्रसाद पाराशर,एसडीएम बृजेश सक्सेना, तहसीलदार सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया तब कहीं जाकर लोग थाने से हटे।

महेश मार्केट क्षेत्र में स्थित एक भंगार की दुकान में आग लगने पर मौके पर फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया। भंगार खरीदने वाले आजाद खान ने बताया कि यह आग तारों में साट सर्किट से लगी थी, लेकिन सीसीटीवी में तकिया गली में स्थित मस्जिद में जुम्मे की नमाज के बाद मुस्लिमों ने नई बाखल स्थित हिंदू घरों में शीशे एवं वाहनों में तोड़फोड़ कर पथराव करते दिख रहे हैं। इसमें एक युवक और महिला को चोट आई।

गौरतलब है कि तराना में गुरुवार शाम करीब 7.30 बजे दो पक्षों में विवाद हो गया था। उपद्रवियों ने बस स्टैंड पर खड़ी 11 बसों में तोड़फोड़ की तो पुलिस ने धारा 144 लागू कर दी। विवाद की शुरुआत बड़े राम मंदिर के सामने स्थित सुखला गली में हुई थी। यहां विहिप के नगर मंत्री सोहेल ठाकुर खड़े थे। इसी दौरान ईशान मिर्जा सहित कुछ लोग वहां आए। कहने लगे कि यहां क्यों खड़े हो?



## इधर, भोजशाला में एक साथ पूजा-नमाज

**जागरण, धार।** शहर की ऐतिहासिक भोजशाला के इतिहास में पहली बार शुक्रवार को वसंत पंचमी पर शांतिपूर्वक पूजा और नमाज हुई है। चाक-चौबंद सुरक्षा के बीच सूर्योदय से शुरू हुई मां वाग्देवी के पूजा सूर्यास्त तक चली। समापन पर यज्ञ की पूर्णाहुति की गई। इधर, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार पहले से तय व्यवस्था अनुसार भोजशाला परिसर में मुस्लिम समाज ने नमाज अदा की। शाम को शांति पूर्ण कार्यक्रम होने के बाद प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। वहीं हिंदू समाज में भी उत्साह दिखा। भोज उत्सव समिति और सकल हिंदू समाज ने मां वाग्देवी का तेल चित्र गर्भगृह में विराजित कर पूजन किया। हालांकि,भीड़ बढ़ने पर तीन गेट बनाए गए, जिनमें जांच के बाद मुख्य गेट पर प्रवेश दिया जा रहा था। केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर, पूर्व मंत्री राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव, भाजपा जिलाध्यक्ष समेत तमाम बड़े नेताओं ने भी पहुंचे।

- चाक चौबंद पुलिस व्यवस्था के बीच दिनभर हुई पूजा
- दोपहर में तय समय पर करवाई गई नमाज

**ड्रोन से होती रही सर्चिंग:** पूरे आयोजन की सुरक्षा को लेकर पूरे वक्त पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। आईजी अनुराग सिंह और कमिश्नर सुदाम खांडे के साथ कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और एसपी मयंक अवस्थी पूरे समय बारीकी से नजर बनाए हुए थे। भोजशाला समेत पूरे संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस ने ड्रोन से सर्चिंग की, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय स्थिति न बने।



**धार में बने भव्य मंदिर: आलोक कुमार**


आलोक कुमार ने कहा कि भोजशाला में 992 साल पहले मंदिर बना था। वर्ष 2034 में जब इसके एक हजार साल पूरे होंगे तब इसका निर्माण भी राम मंदिर की तर्ज पर होना चाहिए। यहां मां सरस्वती की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा होनी चाहिए। अब समय आ गया है कि मथुरा काशी और धार में भव्य मंदिर बने। देश के केंद्र में स्थित धार को ज्ञान का केंद्र बनाना है। सभी ये संकल्प लें। विहिप प्रमुख ने कहा कि मुगलकाल में इस मंदिर को तोड़ा गया। हिंदुओं को अपमानित किया गया।

### ईमेल से समन भेजने की तैयारी, अमेरिका शेयर बाजार रेगुलेटरी ने कोर्ट से मांगी अनुमति

# अडानी को समन की खबर से 14% तक टूटे शेयर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच अडानी के शेयरों में हैवी गिरावट देखी गई। अमेरिका से आई एक खबर के बाद अडानी ग्रुप के शेयर भरभराकर टूट गए। अडानी पोर्ट से लेकर पावर तक के स्टॉक में 13 फीसदी तक की गिरावट आई, जिससे अडानी ग्रुप के निवेशकों को नुकसान हुआ।

अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लि. के शेयर 12 प्रतिशत गिरकर 812 रुपए, अडानी पावर के शेयर 5.65 प्रतिशत गिरकर 132.65 रुपए, अडानी एंटरप्राइजेज लि. के शेयर 10.65 प्रतिशत गिरकर 1864 रुपए और अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लि. के शेयर भी 7 प्रतिशत गिरकर 1,308 रुपए पर आ गए. अडानी ग्रीन के शेयरों में 14.54 फीसदी की गिरावट आई और यह 772.80 पर बंद हुआ।




**अचानक क्यों आई बड़ी गिरावट?** अडानी और समूह के कार्यकारी सागर अडानी को कथित धोखाधड़ी और 265 मिलियन डॉलर की रिश्वत योजना के संबंध में व्यक्तिगत रूप से ईमेल द्वारा समन भेजने के लिए अमेरिकी अदालत से अनुमति मांगी गई है, जिस कारण निवेशकों का भरोसा डगमगाया है। ऐसे में अडानी एंटरप्राइजेज लि., अडानी पावर लि., अडानी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड और अडानी ग्रीन एनर्जी के शेयरों में शुक्रवार के कारोबार में 14 प्रतिशत तक की गिरावट आई। रिपोर्ट में कहा, भारत ने पहले समन तामील करने के दो अनुरोधों को अस्वीकार कर दिया। अमेरिकी आयोग पिछले साल से अडानी ग्रुप के गौतम अडानी और भतीजे सागर अडानी को समन तामील कराने की कोशिश कर रहा है। यह मामला किसी भारतीय समूह से जुड़ा अमेरिका का सर्वाधिक चर्चित कानूनी मामला बताया जा रहा है। नवंबर 2024 में अडानी ग्रीन एनर्जी ने मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा था कि उसके डायरेक्टर्स पर आपराधिक अभियोग में तीन आरोप लगाए गए हैं,जिनमें कथित इक्विटी फ्रॉड साजिश, कथित वायर धोखाधड़ी साजिश और कथित इक्विटी धोखाधड़ी शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### टीम इंडिया ने घरेलू मैदान पर जीता 100वां टी-20

**रायपुर, जेएनएन।** भारत ने दूसरे टी-20 में न्यूजीलैंड को 28 गेंद शेष रहते ७ विकेट से हराकर ५ मैचों की सीरीज में 2-0 से बढ़त बना ली। न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में ६ विकेट पर 208 रन बनाए। जवाब में भारत ने 15.2 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। प्लेयर ऑफ द मैच इशान किशन ने 76, कप्तान सूर्यकुमार ने नाबाद 82 रन की पारी खेली। यह मैच घरेलू मैदान पर भारत का 100वां टी-20 अंतरराष्ट्रीय था। भारत ने 6वीं बार टी-20 में 200+ लक्ष्य हासिल किया, जो ऑस्ट्रेलिया (7 बार) के बाद दूसरा सबसे अधिक है।



(विस्तृत खबर पेज-11 पर)

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश: पहले से थी विमान में खराबी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** अहमदाबाद में 12 जून 2025 को क्रैश हुए एअर इंडिया के बोइंग 787 विमान में पहले से कई गंभीर तकनीकी दिक्कतें थीं। चार साल पहले प्लेन में आग भी लगी थी। अमेरिका स्थित फाउंडेशन फॉर एविएशन सेफ्टी (एफएएस) ने दावा किया है कि विमान में इलेक्ट्रिकल सिस्टम फेल होने से एक के बाद एक कई सिस्टम बंद हुए। हो सकता है कि यही हादसे की वजह बना हो। विमान टेकऑफ के कुछ ही सेकेंड बाद अहमदाबाद के रिहायशी इलाके में गिर गया था। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हुई थी। सिर्फ एक शख्स जिंदा बचा था। यह बोइंग 787 विमान 2014 से उड़ानों में इस्तेमाल हो रहा था।

### महाराष्ट्र के मंत्री भुजबल मनी लॉन्ड्रिंग केस में बरी

**मुबई, जेएनएन।** मुंबई की विशेष अदालत ने ईडी द्वारा दर्ज मामले में महाराष्ट्र के मंत्री और एनसीपी नेता (अजित गुट) छगन भुजबल को आरोपों से मुक्त कर दिया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) के मामले में पहले ही राहत मिलने के बाद भी ईडी का केस उनके खिलाफ चल रहा था। भुजबल ने इस मामले में डिस्चार्ज की अर्जी दाखिल की थी, जिसका ईडी ने विरोध किया था, लेकिन अदालत ने आज यह अर्जी मंजूर कर ली। अदालत ने आदेश में कहा कि छगन भुजबल कथित रिश्वत देने वाले, रिश्वत लेने वाले दोनों ही एसीबी मामले में पहले ही बरी हो चुके हैं, इसलिए पीएमएलए के तहत दर्ज मामले में भी आरोपों को डिस्चार्ज किया जाता है।

# पीएम ने कश्मीर से 370 का कलंक मिटाया: सीएम

## जबलपुर में केंद्रीय मंत्री नड्डा के साथ कार्यक्रमों में शामिल हुए सीएम डॉ. यादव

**जागरण, भोपाल।** दावोस प्रवास से लौटे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को जबलपुर में केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के साथ अनेक कार्यक्रमों में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने नेताजी सुभाषचंद्र बोस को उनकी जयंती पर याद किया। यहां सीएम ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर से धारा 370 का कलंक मिटा और आज जम्मू-कश्मीर भारत का मोर मुकुट बन रहा है।

जबलपुर में सिद्धि बाला बोस लायब्रेरी एसोशिएशन शताब्दी वर्ष के समापन कार्यक्रम में डॉ. यादव ने कहा कि एसोसिएशन ने बंगाली समाज और जबलपुर की ■ शेष पृष्ठ 7 पर



**शताब्दी स्तंभ का लोकार्पण:** मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री ने सिद्धी बाला बोस लायब्रेरी एसोसिएशन के शताब्दी वर्ष समापन समारोह पर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा का अनावरण किया। उन्होंने सिटी बंगाली क्लब में शताब्दी स्तंभ का लोकार्पण भी किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल और पीडब्ल्यूडी मंत्री राकेश सिंह अन्य अतिथि भी मौजूद रहे।

**बंगाल में बंगाली सुरक्षित नहीं: नड्डा**

इस मौके पर केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं रसायन मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, देश की आजादी में बंगाल की अहम भूमिका रही है, लेकिन आज वहां की स्थिति पूरी तरह से बदली हुई है। मप्र में बंगाली समाज ज्यादा सुरक्षित है, लेकिन देश का नेतृत्व करने वाले बंगाल में बंगाली समाज आज मुसीबत में हैं। अब बंगाल के साथ खड़े होने की जरूरत है। आने वाला अप्रैल बंगाल में बदलाव की मांग रहा है। इसके लिए आप सबके सहयोग की जरूरत है। उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर संसद में विशेष चर्चा करवाई। राष्ट्रगान जन गण मन को भी पूर्ण सम्मान दिया जा रहा है। दिल्ली में कर्तव्य पथ पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थापित की गई है।

## मासूम का रेप कर हत्या करने वाले निहाले की मौत की सजा बरकरार

**जागरण, भोपाल।** राजधानी के शाहजहांनाबाद इलाके में पांच साल की मासूम बच्ची के अपहरण, दुष्कर्म और जघन्य हत्या के मामले में आरोपी अतुल निहाले को दी गई तिहरे मृत्युदंड की सजा हाईकोर्ट जबलपुर ने बरकरार रखी है। आरोपी के परिजनों ने भोपाल के स्पेशल कोर्ट पॉक्सो द्वारा दिए गए फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील की थी। उच्च न्यायालय ने इस अपील पर सुनवाई करते हुए पॉक्सो कोर्ट भोपाल के फैसले को सही ठहराते हुए इसे रेयरेस्ट ऑफ द रेयर (दुर्लभ में दुर्लभतम) श्रेणी का अपराध माना। यह मध्य प्रदेश में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत मिले तिहरे मृत्युदंड को बरकरार रखने का भी पहला मामला है। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस विवेक अग्रवाल और राजकुमार चौबे की युगलपीठ ने अपील खारिज करते हुए आदेश में लिखा कि यह कृत्य बेहद निर्मम और बर्बरता भरा है और ऐसा घिनौने अपराध करने वाले को किसी भी तरह की रियायत नहीं दी जा सकती। 24 सितंबर 2024 को भोपाल के शाहजहांनाबाद ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## शहडोल में नाइट ड्यूटी पर तैनात आरक्षक ने खुद को मारी गोली

**जागरण, शहडोल।** स्थानीय पुलिस लाइन से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां नाइट ड्यूटी पर तैनात पुलिस आरक्षक ने सर्विस रायफल से खुद को गोली मार ली। घटना से महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस लाइन रक्षित केंद्र के आरक्षक शिशिर सिंह राजपूत ड्यूटी के दौरान कुर्सी पर बैठे हुए थे, तभी उन्होंने 7.62 एमएम सर्विस रायफल से सिर में गोली मार ली। गोली आर-पार हो गई, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। घटनास्थल का निरीक्षण के दौरान मौके से आरक्षक का टूटा हुआ मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। प्रारंभिक तौर पर आशंका जताई जा रही है कि आत्मघाती कदम उठाने से पहले आरक्षक किसी से मोबाइल पर बात ■ शेष पृष्ठ 7 पर



# अनिल अंबानी पर 1.5 लाख करोड़ के घोटाले का आरोप, मांगा जवाब

## सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई-ईडी से 10 दिन में स्टेटस रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने अनिल अंबानी पर चल रहे बैंक फ्रॉड मामले में शुक्रवार को नए नोटिस जारी किए हैं। ये नोटिस कोर्ट में दायर की गई पब्लिक इंट्रेस्ट लिटिगेशन (पीआईएल) पर सुनवाई के बाद जारी किए गए हैं।



पीआईएल में अनिल धीरूभाई अंबानी ग्रुप और उसकी कंपनियों पर 1.5 लाख करोड़ रुपए बैंकिंग और कॉर्पोरेट फ्रॉड की कोर्ट मॉनिटर्ड जांच की मांग की गई है। इस पर कोर्ट ने सीबीआई और ईडी से अंबानी के खिलाफ चल रही जांच पर 10 दिन में सीलबंद स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जयमाल्य बागची की पीठ ने नोट किया कि नोटिस पहले भी दिए गए थे, लेकिन अब बॉम्बे हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को व्यक्तिगत रूप से यह सुनिश्चित करने को कहा गया है कि नोटिस अनिल अंबानी तक पहुंचें। कोर्ट ने सीबीआई और ईडी को अगले 10 दिनों के भीतर अपनी जांच की 'स्टेटस रिपोर्ट' दाखिल करने का आदेश दिया है। यह रिपोर्ट सीलबंद लिफाफे में दी जाएगी। याचिकाकर्ता (पूर्व आईएएस ईएएस सरमा) की ओर से पेश वकील प्रशांत भूषण ने इसे 'भारत के इतिहास का सबसे बड़ा कॉर्पोरेट फ्रॉड' बताया। उन्होंने दावा किया कि यह धोखाधड़ी 2007-08 से चल रही थी, लेकिन एफआईआर केवल 2025 में दर्ज की गई। पीआईएल में कहा गया कि सीबीआई की 21 अगस्त की एफआईआर और ईडी की कार्यवाही सिर्फ फ्रॉड के छोटे हिस्से को कवर करती है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सीबीआई और ईडी की तरफ से पेश होकर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का समय मांगा। पिछली सुनवाई में बेंच ने पार्टियों से तीन हफ्ते में जवाब मांगा था। पीआईएल को तीन हफ्ते बाद सुनवाई के लिए पोस्ट किया गया। इससे पहले ईडी ने नवंबर में समूह के खिलाफ अब तक 10,117 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त की जा चुकी है। ईडी के अनुसार, ताजा कार्रवाई में मुंबई के बॉलार्ड एस्टेट स्थित रिलायंस सेंटर, फिक्स डिपॉजिट, बैंक बैलेंस और अनलिस्टेड निवेश सहित 18 संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच की गई हैं। साथ ही रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर की 7, रिलायंस पावर की 2 और रिलायंस वैल्यू सर्विसेज की 9 संपत्तियां भी फ्रीज की गई हैं। ईडी ने समूह की अन्य कंपनियों के एफडी और निवेश भी अटैच किए हैं, जिनमें रिलायंस वेंचर एसेट मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड और फाई मैनेजमेंट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।

**बैंक अधिकारियों की मिलीभगत**

भूषण ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसियां उन बैंक अधिकारियों की जांच नहीं कर रही हैं, जिन्होंने कथित तौर पर फंड्स को डायवर्ट करने में अनिल अंबानी ग्रुप की मदद की। याचिका में आरोप है कि सार्वजनिक धन का व्यवस्थित रूप से दुरुपयोग किया गया और फाइनेंशियल स्टेटमेंट्स में हेराफेरी की गई। बैंक फ्रॉड मामले में 10,117 करोड़ रुपए की प्रॉपर्टी जब्त हुई है। इसमें अनिल अंबानी का पाली हिल वाला घर भी शामिल है।

**रिसर्च** | दावा: चुपचाप ब्लड वेसल को नुकसान पहुंचाती है टाइप 2 डायबिटीज

# टाइप-2 डायबिटीज मरीजों को हार्टअटैक का ज्यादा खतरा

**नई दिल्ली, जेएनएन।** कोई व्यक्ति टाइप 2 डायबिटीज़ के साथ जितने ज्यादा समय तक जीता है, उसे कार्डियोवैस्कुलर बीमारी का खतरा उतना ही बढ़ता जाता है। डायबिटीज जर्नल में छपी कैरोलिंस्का इंस्टिट्यूट की एक नई स्टडी बताती है कि रेड ब्लड सेल्स में होने वाले बदलाव इस बढ़ते खतरे को समझने में मदद कर सकते हैं। रिसर्चर्स एक खास मॉलिक्यूल की ओर भी इशारा करते हैं जो भविष्य में कार्डियोवैस्कुलर रिस्क की पहचान करने के लिए बायोमार्कर का काम कर सकता है। टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों को हार्टअटैक और स्ट्रोक का खतरा ज्यादा होता है, और यह खतरा बीमारी के हर गुजरते साल के साथ बढ़ता जाता है।

पहले की रिसर्च से पता चला है कि रेड ब्लड सेल्स डायबिटीज में ब्लड वेसल के काम करने के तरीके पर असर डाल सकती हैं। नई स्टडी यह दिखाकर एक जरूरी जानकारी देती है कि किसी व्यक्ति को डायबिटीज कितने समय तक है, इसका इस बात पर बहुत असर पड़ता है कि ये ब्लड सेल्स में बदलाव कब शुरू होते हैं और कैसे डेवलप होते हैं। कई सालों के बाद, रेड ब्लड सेल्स सीधे ब्लड वेसल को नुकसान पहुंचाना शुरू कर सकती हैं।



**स्टडीज से मिले सबूत**

इन असर को बेहतर ढंग से समझने के लिए, रिसर्च टीम ने जानवरों के मॉडल और टाइप 2 डायबिटीज वाले लोगों, दोनों की जांच की। चूहों और उन मरीजों से लिए गए रेड ब्लड सेल्स, जो लंबे समय से डायबिटीज से पीड़ित थे, ने नॉर्मल ब्लड वेसल के काम में रुकावट डाली। इसके उलट नए मरीजों के रेड ब्लड सेल्स पर कोई नुकसानदायक असर नहीं दिखा। हालांकि, सात साल तक फॉलो-अप करने के बाद उन्हीं मरीजों में वैसी ही नुकसानदायक प्रॉपर्टीज वाले रेड ब्लड सेल्स बन गए। जब साइंटिस्ट्स ने रेड ब्लड सेल्स में माइक्रो आरएनए-210 का लेवल ठीक किया, तो ब्लड वेसल का काम बेहतर हो गया। सोलना, कैरोलिंस्का इंस्टिट्यूट के मेडिसिन डिपार्टमेंट में एसोसिएट प्रो. और स्टडी के लीड ऑथर जिचाओ झोउ कहते हैं, हमारी स्टडी में जो बात सबसे खास है, वह यह है कि सिर्फ टाइप 2 डायबिटीज होना ही मायने नहीं रखता, बल्कि यह भी मायने रखता है कि आपको यह बीमारी कितने समय से है। कई सालों के बाद ही रेड ब्लड सेल्स ब्लड वेसल पर नुकसानदायक असर डालते हैं।

**क्या है टाइप 2 मधुमेह**

टाइप-2 मधुमेह एक ऐसी स्थिति है, जिसमें शरीर या तो पर्याप्त इंसुलिन नहीं बनाता या इंसुलिन का सही उपयोग नहीं कर पाता (इंसुलिन प्रतिरोध), जिससे रक्त में ग्लूकोज (शर्करा) का स्तर बढ़ जाता है। यह मधुमेह का सबसे आम प्रकार है, जिसके लक्षणों में ज्यादा प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, भूख बढ़ना, थकान, नजर धुंधला होना शामिल हैं। हालांकि, इसका प्रबंधन आहार, व्यायाम और दवाओं से किया जाता है। यह टाइप 1 मधुमेह से अलग है, जो एक ऑटोइम्यून बीमारी है, और गर्भावधि मधुमेह से अलग है, जो गर्भावस्था के दौरान होता है। टाइप 2 मधुमेह एक गंभीर स्थिति है, लेकिन सही प्रबंधन से इसे काबू किया जा सकता है।

## दिल्ली में पदस्थ मप्र कैडर के आईपीएस तिवारी का इस्तीफा

**जागरण, भोपाल।** मप्र कैडर के आईपीएस अधिकारी अभिषेक तिवारी ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने केंद्र, राज्य सरकार को वीआरएस का आवेदन किया है। तिवारी को बेहतर कामकाज के लिए दो बार प्रेसिडेंट मेडल मिल चुका है। मप्र सरकार भी कई बार विशेष कार्यों के लिए सम्मानित कर चुकी है। वर्ष 2024 में सागर में दीवार गिरने से बच्चों की मौत के मामले में हटाए गए श्री तिवारी 2 साल पहले से दिल्ली में डेपुटेशन पर हैं, वह अभी नेशनल टेक्नोलॉजी रिसर्च आर्गेनाईजेशन में पदस्थ हैं। श्री तिवारी बालाघाट में भी बतौर एसपी रह चुके हैं। तिवारी ने इसके पीछे व्यक्तिगत कारणों का हवाला दिया है। कहा जा रहा है कि इस्तीफा मंजूर होने के बाद कोई नया काम देखेंगे। पुलिस अधिकारियों ने भी श्री तिवारी के इस्तीफे की पुष्टि की है। अगस्त 2024 को सागर जिले के शाहपुर के पास जर्जर दीवार गिरने से 9 बच्चों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद तत्कालीन एसपी तिवारी के अलावा कलेक्टर दीपक आर्य और स्थानीय एसडीएम को हटा दिया गया था। उधर,विभागीय जांच के संबंध में गृह विभाग को पुलिस रिपोर्ट के आधार पर केंद्रीय गृह मंत्रालय की स्वीकृति अनिवार्य रहेगी। मप्र गृह विभाग भी वीआरएस मंजूर करने पर फैसला लेगा।



सूर्य की चमक, इशान की यादगार वापसी से टीम इंडिया ने टी-20 में सबसे तेज 200... (पेज : 11)



## ग्रहण की मतदाता जागरुकता की शपथ



**जागरण, रीवा।** 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर नगर निगम कार्यालय के टाउन हॉल में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मतदाता जागरूकता की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था व्यक्त करते हुए निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा बनाए रखने तथा बिना किसी दबाव, प्रलोभन, धर्म, जाति, वर्ग, समुदाय अथवा भाषा से प्रभावित हुए बिना अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एमएस सिद्दीकी, सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी सहित बड़ी संख्या में नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीवरेज कार्यों ने बिछिया क्षेत्र में आवागमन किया बंद



**जागरण, रीवा।** शहर भर में सीवरेज लाइन डालने का कार्य मंद गति से चल रहा है, सीवरेज लाइन डालने के साथ ही इनके कनेक्शन का कार्य अभी भी अपूर्ण है। जिससे शहरवासी परेशान हो रहे हैं, अब बिछिया क्षेत्र में सीवरेज लाइन का कार्य करने के लिए सड़क का खनन कर दिया गया, जिससे उक्त सड़क पर आवागमन बंद हो गया है, सिर्फ दोपहिया वाहन व पैदल लोग निकल पा रहे हैं। शहरवासियों की समझ से परे है कि सीवरेज लाइन डालकर शहरवासियों को सुविधा दी जा रही है या उनकी समस्या बढ़ाई जा रही है। सीवरेज लाइन के कनेक्शन के दौरान कुछ वार्डों के बोरिंग का पानी दूषित हो गया है, जिससे नलों के साथ ही बोरिंग में भी दूषित पानी आने लगा है, वार्ड 25 के कुछ लोग इस पानी के उपयोग से बीमार भी हो गए हैं।

# पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया बसंत पंचमी का त्योहार

### किला सहित जगह-जगह लगे मेले देवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

जागरण, रीवा

जिले में बसंत पंचमी का त्योहार पारंपरिक उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। महामृत्युंजय मंदिर सहित अन्य प्रमुख शिव मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पूजा में नई फसल के अनाज, फूल और फल समर्पित किए गए और कई प्रमुख स्थानों पर पांच दिवसीय मेले का आयोजन भी किया गया। बसंत पंचमी पर जिले में जगह-जगह मेले लगे, जहां बच्चों, बूढ़ों और महिलाओं ने उल्लासपूर्ण सैर करते हुए खरीददारी की। बसंत पंचमी के दिन भगवान शिव की पूजन का विशेष महत्व होता है। इस कारण जिलेभर के तमाम शिवालयों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही भक्तगण भगवान शिव का जलाभिषेक करने कतारबद्ध रहे। श्रद्धालुओं ने बेलपत्र, शमी, धतूरा, दूध, दही, घी, शक्कर, फल-फूल, धूप-दीप नैवेद्य से भगवान शिव का पूजन किया। मंदिरों में हर-हर महादेव, जय शिवशम्भु के जयकारे गूंजते रहे। किला स्थित महामृत्युंजय मंदिर के साथ कोठी कंपाउंड मनकामेश्वर शिवमंदिर, उर्रहट ओंकारेश्वर देवालय, गुढ़ कष्टहरनाथ, देवतालाब शिव मंदिर, अष्टभुजी मंदिर नईगढ़ी, बसामन मामा सेमरिया, बिरसिंहपुर गैवीनाथ धाम, भैरवनाथ मंदिर खामडीह, सोहागी अड़गड़नाथ, गढ़ परासी शिवमंदिर, मऊगंज में हाटा लोढ़ी, गणेशन मंदिर बरांव, खैरा झिरिया सहित अन्य शिवालयों में लोगों ने विधिवत पूजन के साथ जलाभिषेक किया गया। इन मंदिर स्थलों के बाहर भारी मेला भी लगा। ऐसे ही, क्योंटी प्रपात, बहुती प्रपात, पुरवा प्रपात, खंधो माता मंदिर जैसे जिले के अन्य तालाब, पोखरी, जलाशयों में भी मेले सजे रहे। जहां लोग घरेलू उपयोग की सामग्री खरीदने पहुँचे। इन मेलों में चाट-फुल्की के ठेले भी लगे, जिसका आनंद लोगों ने लिया। उक्त स्थानों में अभी अगले दो-तीन दिन मेला लगा रहेगा, जहां लोग जरुरत का सामान खरीदने पहुँचेंगे। क्योंटी में पांच दिन का मेला लगता है जहां दूर-दूर से लोग मेले का आनंद लेने आते हैं।





### शिव भगवान को चढ़ाया गेंहू की बाली

बसंत पंचमी पर्व पर नई फसलों का भी महत्व रहता है। शिव भक्त जहां बैर के फल, धतूरा, पूजा-अर्चना में शिव भगवान को चढ़ाया वहीं खेतों में तैयार होने वाली गेहूं की बाल, घी, दूध, दही आदि का भी उपयोग पूजा में करके अच्छी फसल की कामना की। बसंत पंचमी से मौसम में बदलाव प्रारंभ हो गया है। बसंती बयार जहां गर्मी आने का संदेश देने लगी है वहीं पेड़, पौधों में लगे हुए हरे पत्ते पीले पड़ने लगे हैं।

### माँ सरस्वती की हुई पूजा

गौरतलब है कि यह त्योहार ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा और बसंत ऋतु के आगमन के रूप में भी मनाया जाता है। बसंत पंचमी के दिन माँ सरस्वती के पूजन का विशेष महत्व है। इस लिहाज से जिले के लगभग सभी शिक्षण संस्थानों में सरस्वती पूजन का कार्यक्रम हुआ। जहां छात्रों ने पहले तो माँ सरस्वती की विधिवत पूजा की। तदुपरांत अपने शिक्षकों का भी सम्मान किया। साथ ही, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

### पीले परिधान में पहुंचे शिक्षक

शहर के विभिन्न विद्यालयों में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती का पूजन किया गया। शिक्षक पीले परिधानों में विद्यालय पहुंचे, वहीं बच्चों ने भी पीले व सफेद वस्त्र पहन मां सरस्वती का पूजन, वंदन किया। बसंत पंचमी पूजन को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। पूर्व से ही बसंत पंचमी मनाने की तैयारियां शुरू हो गई थीं। सुबह होते ही विषर्थी अपने विद्यालय पहुंच गए। जहां मां सरस्वती का पूजन करने के बाद आरती की गई, बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया।





### यहां भी हुए कार्यक्रम

बसंत पंचमी पर मार्तण्ड क्रमांक-1 में मां सरस्वती का पूजन किया गया। कायस्थ परिवार द्वारा बसंत पंचमी पर भजन, कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन मौजूद रहे। कोठी मंदिर में बसंत पंचमी के अवसर पर पूजा-पाठ की गई। निराला नगर सरस्वती स्कूल में विद्यालयीन स्टाफ व विद्यार्थियों द्वारा मां सरस्वती की पूजन की गई। गायत्री मंदिर परिसर में हवन, यज्ञ के साथ मां गायत्री का पूजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के पदाधिकारी, कार्यकर्ता व भक्तजन उपसिथत थे। शासकीय हाईस्कूल मैदानी में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती का पूजन किया गया। मॉडल साइंस कॉलेज में बसंत पंचमी पर मां सरस्वती की पूजन का आयोजन किया गया।

## यमुना प्रसाद तिवारी को उपाध्यक्ष का दायित्व



**रीवा।** मप्र कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी निर्देशानुसार प्रभारी महासचिव डॉ.संजय कांबले की सहमति से प्रकोष्ठ के डॉ.एसपीएस तिवारी द्वारा प्रस्तुत नव एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ के प्रदेश पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। जिसमें रीवा जिले के कई वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता यमुना प्रसाद तिवारी को उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। इसके पहले भी श्री तिवारी को कई बड़े पदों की जिम्मेदारी पार्टी द्वारा दी गई, पार्टी की मंशा पर वह हमेशा खरे उतरे, अब इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी दी गई है। श्री तिवारी आम जन की समस्याओं पर हमेशा आगे रहते हैं।

## प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना कार्यक्रम का टाउन हॉल में किया गया लाइव प्रसारण

### 30 पात्र हितग्राहियों ने दिये क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन



**जागरण, रीवा।** प्रधानमंत्री नरेंद मोदी के मुख्य आतिथ्य में रेहड़ी-पटरी एवं छोटे व्यापारियों के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 1 लाख लाभार्थियों को क्रेडिट कार्ड का शुभारंभ एवं ऋण वितरण का राष्ट्रीय कार्यक्रम तिरुवनंतपुरम में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रदेश भर में कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। रीवा में सजीव प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन नगर निगम कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इस दौरान पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों की विशेष सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान शहर के लाभान्वित हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से चेक वितरित किए गए। इसके साथ ही विशेष अभियान के अंतर्गत 30 पात्र हितग्राहियों से क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन भी प्राप्त किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना को पथ विक्रेताओं एवं छोटे व्यापारियों को बिना ब्याज के ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल बताया तथा इसके सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में लेखा समिति अध्यक्ष एवं पार्षद अमिता सिंह, पार्षद अंबुज रजक, नंदलाल ताम्रकार एवं दारा सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नगर निगम से उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी, एम.एस. सिद्दीकी, सिटी मिशन मैनेजर अभिमन्यु सिंह सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में योजना के लाभार्थी उपस्थित रहे।

## नेत्रहीन विद्यालय में मनाया कांग्रेस नेता प्रतिपक्ष का जन्मदिवस



**जागरण, रीवा।** यमुना प्रसाद शास्त्री स्मृति नेत्रहीन विद्यालय में शुक्रवार को मप्रके नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का जन्मदिवस सेवा और संवेदना के साथ मनाया गया। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता विनोद शर्मा ने बताया कि इस अवसर पर दृष्टिबाधित बच्चों द्वारा 24 घंटे का अखंड हनुमान चालीसा पाठ, बसंत पंचमी पर मां सरस्वती का पूजन-हवन कर बच्चों के साथ विशाल भंडारा का आयोजन किया गया।

## राष्ट्रीय संघर्ष समिति की समिति बैठक 30 जनवरी को

**जागरण, रीवा।** राष्ट्रीय संघर्ष समिति (एनएसी) रीवा संभाग द्वारा आगामी 30 दिसंबर को मासिक बैठक का आयोजन विवेकानंद पार्क कॉलेज चौराहा दोपहर 1 बजे की जाना प्रस्तावित है। संभागीय अध्यक्ष यूपी सिंह ने सभी ईपीएस 95 पेंशनर्स कार्यरत एवं सेवानिवृत्त से अपील की कि वरिष्ठ/शीर्ष केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा बनाई गई योजनाओं को पूरा करने में अपना अमूल्य योगदान दें।

# अब अविवाहित-तलाकशुदा बेटियों को आजीवन मिलेगी पेंशन

### आयु सीमा का बंधन खत्म, 50 साल बाद बदलेंगे पेंशन नियम

**जागरण, रीवा।** राज्य शासन द्वारा प्रदेश में 50 साल बाद पेंशन नियम बदलें जाएगे। इसके तहत अब आश्रित विधवा, परित्यक्ता, तलाकशुदा और अविवाहित पुत्रियां आजीवन परिवार पेंशन की पात्र होंगी। इसके लिए अधिकतम 25 वर्ष की आयु सीमा समाप्त होगी। आश्रितों के लिए आय सीमा भी बढ़ाई जाएगी। यह न्यूनतम पेंशन और महंगाई राहत मिलाकर होगी। आश्रित बड़ी संतान चाहे वह बेटा हो या बेटी, जो बड़ा होगा, वह परिवार पेंशन का पात्र होगा। इसके साथ ही कई प्रक्रियात्मक परिवर्तन भी प्रस्तावित किए गए हैं। गौरतलब है कि प्रदेश में पेंशनधारकों के लिए 1976 में पेंशन नियम बनाए गए थे। तब से भारत सरकार कई संशोधन कर चुकी है, जिन्हें प्रदेश के पेंशनरों के लिए लागू करने की मांग पेंशनर्स एसोसिएशन उठाती रही है। मुख्य सचिव अनुराग जैन जब अपर मुख्य सचिव वित्त थे, तब नियमों में परिवर्तन को लेकर सहमति बनी थी, लेकिन प्रक्रिया लंबी खिंचती चली गई। अपर मुख्य सचिव वित्त मनीष रस्तोगी ने समिति बनाई और नियमों में संशोधन के प्रारूप को अंतिम रूप दे दिया।

सूत्रों के अनुसार पेंशन नियम में अब यह प्रविधान किया जा रहा है कि आश्रित के लिए आय सीमा में वृद्धि की जाएगी। यह न्यूनतम पेंशन जो 7750 रुपये प्रतिमाह होती है, और महंगाई राहत जोड़कर निर्धारित होगी यानी न्यूनतम पेंशन में 55 प्रतिशत महंगाई राहत जोड़ी जाएगी। इसका लाभ यह होगा कि इस सीमा के भीतर यदि आश्रित की आय है तो उन्हें भी परिवार पेंशन की पात्रता होगी। इसके साथ ही एक बड़ा परिवर्तन यह भी किया जा रहा है कि आश्रित में अविवाहित बेटी के लिए आयु सीमा का बंधन समाप्त किया जाएगा। अभी 25 वर्ष से अधिक अविवाहित पुत्री को पात्र नहीं माना जाता है। इसके साथ ही आश्रित विधवा, परित्याक्ता, तलाकशुदा बेटियां भी परिवार पेंशन के दायरे में आएंगी।

### विभागों के बढ़ेंगे अधिकार

पेंशनर किसी भी श्रेणी का हो, अभी पेंशन रोकने के लिए प्रकरण कैबिनेट की स्वीकृति के लिए भेजना पड़ता है। लगभग हर कैबिनेट की बैठक में ऐसे प्रकरण आते हैं। अब यह प्रविधान किया जा रहा है कि तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की पेंशन रोकने के मामले में निर्णय प्रशासकीय विभाग ही लेगा। प्रथम और द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों के मामले वर्तमान व्यवस्था के अंतर्गत ही कैबिनेट के समक्ष निर्णय के लिए रखे जाएंगे।

### केंद्रीय सेवा की अवधि भी जुड़ेगी

सूत्रों का कहना है कि केंद्रीय सेवा से प्रदेश में सेवा देने के लिए आने वाले कर्मचारियों की पेंशन की गणना की प्रक्रिया में भी सुधार होगा। इसमें केंद्रीय सेवा की अवधि को भी जोड़ा जाएगा। इसका स्पष्ट प्रविधान नियम में रहेगा। पेंशनर्स एसोसिएशन का कहना है कि हम 18 वर्ष से नियम में संशोधन की मांग कर रहे हैं। जो संशोधन प्रस्तावित किए गए हैं, वे वर्तमान समय के अनुकूल हैं।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह: 200 जोड़े दाम्पत्य बंधन में बंधे

### सांसद सहित जनप्रतिनिधियों ने पुष्पवर्षा कर नवयुगलों को दिया शुभ आशीर्वाद

जागरण, रीवा



मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह आयोजन के जिला स्तरीय कार्यक्रम में 200 जोड़े दाम्पत्य बंधन में आबद्ध हुए। सांसद जनार्दन मिश्रा, विधायक मनगवां इंजी. नरेन्द्र प्रजापति सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुष्पवर्षा कर नवयुगलों को शुभ आशीर्वाद दिया।



मार्तण्ड स्कूल क्रमांक एक एवं तीन के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में सांसद जनार्दन मिश्र ने कहा कि आज का दिन नवदम्पतियों के लिये सौभाग्य का दिन है। हर माँ बाप को अपने संतान की चिंता होती है अब यह चिंता सरकार दूर कर रही है। बेटियों के हाथ पीले कर उन्हें सहायता राशि भी दी जाती है। उन्होंने नवविवाहित बधुओं से अपेक्षा की कि वह पूरे समर्पण भाव से सास-ससुर व पति की सेवा करें। सास-ससुर भी अपनी बहू को अपनी बेटी जैसा प्यार व आशीर्वाद दें। श्री मिश्र ने अपेक्षा की कि नवविवाहित बेटियाँ ससुराल को धनधान्य से परिपूर्ण करेंगी और खुशहाल जीवन जियेंगी।

इस अवसर पर विधायक मनगवां इंजी नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना गरीब वर्ग के लिये सौगात है जिसके माध्यम से जरूरतमंद, निराश्रित व निर्धन परिवारों की बेटियों के विवाह की चिंता सरकार करती है। उन्होंने प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी को योजना के संचालन के लिये साधुवाद दिया। उन्होंने नवदम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए अपेक्षा की कि खुशहाल जीवन जियें। नशे से दूर रहें और कुरीति में न फंसे। इससे पूर्व स्वागत उद्बोधन देते हुए संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय अनिल दुबे ने बताया कि सामूहिक विवाह, निकाह योजनान्तर्गत संशोधित योजना में गरीब, जरूरतमंद, निराश्रित, निर्धन परिवारों की निर्धन एवं श्रमिक संवर्ग की गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली बेटियों का विवाह किया जाता है। सम्मेलन में वधू को 49 हजार रुपये डीबीटी के माध्यम से खाते में दिये जाते हैं। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार के आयोजन जनपद स्तर पर भी किये जायेंगे। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य गीता माझी, पूर्णिमा तिवारी, जनपद अध्यक्ष रीवा सुनीता यादव, राजेश यादव सहित जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेक नामदेव ने किया।

# फ्री में दुकानों का उपयोग, सड़क पर भी कब्जा



### साईं मंदिर के समीप बढ़ती जा रही दुकानदारों की मनमानी

**रीवा।** शहर के साईं मंदिर के समीप ठेला व्यापारियों के लिए निर्मित दुकानों में फ्री में काबिज दुकानदारों की मनमानी बढ़ती जा रही है। यहां बनी दुकानों की ठेला संचालकों से दुकानों की संख्या कम होने पर जिन दुकानदारों को दुकान अलॉट नहीं हुई थी, उन्होंने न्यायालय में केस दायर कर दिया, केस तो दायर हो गया किन्तु दुकानदार दुकानों पर ही काबिज रहे, जो तब से लगाकर आज तक दुकानों का किराया न भर फ्री में ही व्यापार कर रहे हैं, वर्तमान में इनके हौसले इतने बढ़ गए हैं कि दुकानों का 60 फीसदी सामान सड़कों पर जमाने लगे हैं, उसके आगे अपने वाहन खड़े कर देते हैं, जिससे आधी सड़क इनके कब्जे में रहती है, सड़क पर कब्जा होने से यहां से गुजरने वाले वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, वहीं वाहन निकालने के चक्कर में कई बार दुर्घटना का भी अंदेशा बना रहता है।

शहर का तापमान/मौसम
अधिकतम 26.0°c न्यूनतम 8.0°c
जिले भर में मौसम शुष्क रहने के साथ शीतलहर के आसार

•11• राज्य •31• संस्करण मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

## रामलला मंदिर में मना भव्य वार्षिकोत्सव समारोह



**रीवा।** रामलला मंदिर भटवा-पताई में शुक्रवार बसंत पंचमी के अवसर पर भव्य वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस पुन्य अवसर पर पं. राजकुमार शास्त्री भजन गायक द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में वीरेन्द्र सिंह गुड्डू भैया पूर्व सरपंच पताई, वेद व्यास उपाध्याय, सुभाष पाण्डेय, शिवेन्द्र सिंह, मृदुल त्रिपाठी, अभिषेक उपाध्याय, श्रेयांश, चिराग सिंह सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
कामता सोनोग्राफी सेन्टर
(अल्ट्रासाउण्ड)
डॉ. रश्मी शुक्ला
M.D. (Radio Diagnosis) G.S.V.M. Medical College Kanpur
Ex. J.R. AIIMS New Delhi
Ex. Consultant Radiologist Alpha Imaging & MRI Kanpur
Ex. Consultant Radiologist Noble Hospital Kanpur
ए-ब्लॉक, समदड़िया सेन्टर प्वाइन्ट, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा (म.प्र.) 07662-451599,9399312433

## हाईकोर्ट से बड़ी राहत, हेमंत त्रिपाठी फिर बने मनगवां-नईगढ़ी के सीएमओ

### नियमों का हवाला देकर लगाई गई थी रोक



**जागरण,रीवा।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमन्त त्रिपाठी को हाईकोर्ट जबलपुर से बड़ी राहत मिली है। फिडर कैडर के विवाद में आयुक्त नगरीय प्रशासन भोपाल द्वारा हटाने के जारी आदेश पर हाईकोर्ट जबलपुर ने स्थगन दे दिया है। गौरतलब है कि आयुक्त नगरीय प्रशासन भोपाल ने एक आदेश जारी कर हेमंत त्रिपाठी को नगर निगम कर्मचारी मानते हुए फिडर कैडर का हवाला देकर पद से हटाया था। इसके बाद हेमंत त्रिपाठी ने इस आदेश को हाईकोर्ट जबलपुर में चुनौती दी। उन्होंने आयुक्त के आदेश को गलत बताते हुए किए गए स्थानीय विरोध को द्वेषपूर्ण करार दिया। मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट की खंडपीठ ने आयुक्त नगरीय प्रशासन के आदेश पर स्थगन दे दिया और निर्देश दिए कि हेमन्त त्रिपाठी मनगवां एवं नईगढ़ी नगर परिषद में पूर्व की तरह मुख्य नगर पालिका अधिकारी के रूप में कार्य करते रहेंगे। साथ ही उन्हें तत्काल प्रभार दिलाए जाने के आदेश भी जारी किए गए। स्थगन आदेश मिलने के बाद हेमन्त त्रिपाठी ने पुनः मनगवां और नईगढ़ी नगर परिषद पहुंचकर कार्यभार संभाल लिया है।

# एक वर्ष में 100 पायलटों को किया जायेगा प्रशिक्षित : पियूष नारंग

### पायलट ट्रेनिंग सेंटर का हुआ भूमि पूजन

जागरण रीवा/ सतना



सतना जिले को फ्लाइंग एकेडमी के रूम में एक बडी सौगात तब मिल गई जब 23 जनवरी को एटीपी फ्लाइंग एकेडमी प्राईवेट लि. (एरोबी)द्वारा सतना शहर में पायलट ट्रेनिंग सेंटर खोलने के लिए भूमि पूजन कर दिया। शुक्रवार को विधि विधान से हुये इस भव्य भूमि पूजन के पश्चात एटीपी फ्लाइंग एकेडमी के डायरेक्टर पियूष नारंग ने पत्रकारो से रूबरू होकर विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई।

### एक सत्र में 50 पायलटों को करेंगे प्रशिक्षित

एटीपी फ्लाइंग एकेडमी प्राईवेट लि.(एरोबी)के डायरेक्टर पियूष नारंग ने बताया कि पायलेट की ट्रेनिंग 6 महीने की होगी। एक सत्र में 50 पायलटो को प्रशिक्षित किया जायेगा। देश के किसी भी हिस्से से आकर लोग यहां पर दाखिला लेकर पायलट बन सकते है। यहां पर सीपीएल और पीपीएल वर्ग का पायलटो को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

### 5 एयर क्राफ्ट आयेंगे

जानकारी देते हुये कम्पनी के डायरेक्टर श्री नारंग ने बताया कि तकरीबन 4 महीने में सतना शहर में पायलेट प्रशिक्षण केन्द्र संचालित हो जायेगा। उन्होने बताया कि यहां पर 5 एयर क्राफ्ट प्रशिक्षण के लिए मौजूद रहेगें ।4 हजार वर्ग मीटर जमीन ऐरोबी फ्लाइंग एकेडमी को उपलब्ध कराई गई है। जिसमें 26 हजार वर्गफिट में भवन निर्माण कराया जायेगा।

### स्थानीय लोगों को दिया जायेगा काम : डायरेक्टर

एटीपी फ्लाइंग एकेडमी लि. के डायरेक्टर श्री नारंग ने बताया कि जो भी लोग यहां पर ट्रेनिंग लेगें उन्हे हास्टल की सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होने कहा कि तकरीबन 100 से 120 लोगों की जरूरत उन्हे काम के लिए पडेगी। जिस पर वे स्थानीय लोगो को पूरी प्राथमिकता देगें। एक पायलेट बनने में तकरीबन 50 लाख रूपये का खर्च आयेगा। उल्लेखनीय है कि एटीपी फ्लाइंग एकेडमी के डायरेक्टर पियूष नारंग कैपटन भी है। उन्होने कहा कि सतना में वार्ड क्लास ट्रेनिंग सेंटर बनाया जायेगा। जो भी लोग पायलट ट्रेनिंग के लिए दाखिला लेगें उनका चयन लिखित परीक्षा और इंटरव्यू के तहत किया जायेगा। भूमि पूजन के दौरान डायरेक्टर नेहा शर्मा , मुख्य वित्तीय अधिकारी पारस कुमार , मार्केटिंग हेड नंदिता मिश्रा , और इवेंट प्रमुख आकाश जैसवाल मौजूद रहे।

## होप कार्यक्रम का विरोध सीएमएचओ को सौंपा ज्ञापन

### नर्सिंग स्टाफ व कर्मचारियों में नाराजगी



**जागरण,रीवा।** जिले में होप कार्यक्रम के अंतर्गत वृद्धजनों की देखभाल हेतु घर-घर जाकर मरीजों को देखने की योजना के विरोध में नर्सिंग अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यत्नेश त्रिपाठी को ज्ञापन सौंपा गया। नर्सिंग अधिकारियों ने ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि बिना पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था, संसाधन, स्टाफ और स्पष्ट दिशा-निर्देश के इस प्रकार की योजना को लागू करना व्यावहारिक नहीं है। विशेष रूप से महिला नर्सिंग कर्मियों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में नर्सिंग स्टाफ पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ मरीजों को सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान कर रहा है लेकिन बिना पूर्व तैयारी और सुरक्षा के घर-घर जाकर सेवाएँ देना जोखिमपूर्ण है। नर्सिंग संघ की मांग है कि सरकार सबसे पहले कर्मचारियों की सुरक्षा, संसाधनों की उपलब्धता, कार्यभार और परिवहन व्यवस्था सुनिश्चित करे, उसके बाद ही इस तरह की योजनाओं को लागू किया जाए। इस अवसर पर भावना तिवारी, नीलू द्विवेदी सहित समस्त नर्सिंग अधिकारी, हरेंद्र चतुर्वेदी प्रदेश कार्य समिति सदस्य, संविदा कर्मचारी, स्वास्थ्य संघ उपस्थित रहे। नर्सिंग अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक कर्मचारियों की सुरक्षा और संसाधनों को लेकर ठोस व्यवस्था नहीं की जाती, तब तक इस योजना पर पुनर्विचार किया जाना आवश्यक है।

## बाइक सवार बदमाशों ने फोड़े कई कारों के कांच



**जागरण, रीवा।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शिल्पी प्लाजा में शुक्रवार रात बाइक सवार अज्ञात बदमाश जो हाथों में डंडा लिए हुए थे द्वारा यहां खड़ी कई कार व चार पहिया वाहनों के कांच फोड़ कर वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इसकी सूचना यहां के व्यापारियों द्वारा पुलिस को दी गई, करीब आधा घंटा बाद पुलिस सायरन बजाते हुए मौके पर पहुंची किन्तु तब तक वाहनों को क्षतिग्रस्त करने वाले बाइक सवार बदमाश यहां से नदारद हो चुके थे।

## चॉर्टड एकाउन्टेट परीक्षा में 1000 छात्रों ने लिया हिस्सा

**रीवा।** ज्ञानस्थली विद्यालय सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल रीवा में चॉर्टड एकाउन्टेट ऑफइंडिया नई दिल्ली द्वारा 5 जनवरी से 31 जनवरी तक परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। उक्त परीक्षा केन्द्र में फाइनल, इन्टरमिडिएट एवं फॉउण्डशन के लगभग 1000 छात्र ने हिस्सा लिया । चॉर्टड एकाउन्टेट ऑफइंडिया द्वारा हर तीसरे माह परीक्षा का आयोजन ज्ञानस्थली विद्यालय सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल रीवा में कराया जाता है। उक्त परीक्षा केन्द्र में परीक्षा संचालक के रुप में स्कूल के स्टाफका योगदान रहता है।

## माँ वाणी की काव्य आराधना वृद्धाश्रम में आज



**रीवा।** रेडक्रॉस सोसायटी एवं विंध्य काव्य-साहित्य परिषद कलम परिवार के संयुक्त तत्वाधान में आज 24 जनवरी को दोपहर 1 बजे से वृद्धाश्रम स्वागत भवन के सभागार में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर माँ वाणी की काव्य आराधना का कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें नगर को सभी रचनाकार एवं विद्वान शामिल होंगे। आयोजन के मुख्य अतिथि संजय गांधी अस्पताल के पूर्व संचालक डॉ. सी.बी.शुक्ला के साथ अध्यक्षता रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. के.के.परौहा, पूर्व कुलपति एन.पी.पाठक, साहित्यकार चन्द्रिका प्रसाद चन्द्र, रश्मि शुक्ला उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर वरिष्ठ गुरुजनों को सम्मानित करने का भी निर्णय लिया गया है। यह जानकारी कलम परिवार के अध्यक्ष नागेन्द्र मिश्रा मणि ने देते हुये सभी साहित्य प्रेमियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

## हरिहरपुर धाम में प्राकृतिक खेती का नि:शुल्क प्रशिक्षण शुरू



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल की पहल पर बसामन मामा गौ अभ्यारण्य में तीन एकड़ क्षेत्र में प्राकृतिक खेती के प्रकल्प का विकास किया गया है। इसके माध्यम से आसपास के किसानों को प्राकृतिक खेती का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री के हरिहरपुर धाम रीवा में भी प्राकृतिक खेती का मॉडल विकसित किया जा रहा है। हरिरहरपुर धाम में 23 जनवरी से 25 जनवरी तक प्राकृतिक खेती का तीन दिवसीय नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। श्री श्री रविशंकर की संस्था लिविंग ऑफ आर्ट के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण में प्राकृतिक खेती के लिए भूमि तैयार करने, बीजों के उपचार, केमिकल रहित खाद तथा कीटनाशक बनाने एवं मल्टीलेयर फसल की जानकारी दी जा रही है। प्रशिक्षण के दौरान प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाले बीजामृत, जीवामृत, घनजीवामृत, पंचगव्य जगपावनी और अग्निहोत्र खाद के निर्माण की भी जानकारी दी जा रही है। इन सबका निर्माण नाममात्र के खर्च पर गोबर, गोमूत्र, गुड़, बेसन जैसे घर में उपलब्ध पदार्थों से किया जाता है।

## गो एण्ड ड्रॉप हाईटेक पार्किंग जनता के साथ छलावा

### पांच मिनट तो सामान निकालने में ही निकल जाएंगे




**जागरण, रीवा।** रीवा रेलवेस्टेशन की पार्किंग हाईटेक कर उक्त नवीन प्रणाली के तहत स्टेशन में ड्रॉप एण्ड गो जोन को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया गया है इस जोन का उपयोग केवल यात्रियों को छोड़ने अथवा लेने के लिए किया जा सकेगा। 5 मिनट तक वाहनों को रोकने का किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। यदि पांच मिनट से अधिक समय तक खड़ा पाया जानेपर पेनाल्टी सहित 47 रुपए शुल्क वसूला जाएगा। यानी कुल मिलाकर हाईटेक पार्किंग के तहत ड्रॉप एण्ड गो जो सीधे-सीधे जनता के साथ छलावा किया जा रहा है। इसके लिए तीन द्वारों की व्यवस्था की गई है गेट नंबर-1 प्रवेश के लिए, गेट-2 वीआईपी प्रवेश/निकास तथा गेट-3 सिर्फ निकास के लिए निर्धारित किया गया है। ड्रॉप एण्ड गो में निर्धारित किए गए पांच मिनट तो वाहन अंदर आने में ही समाप्त हो जाएंगे। गेट नंबर 1 से वाहन अंदर आएगा, चालक उतरेगा, डिग्गी खोलेगा, सामान उतारेगा,सामान उतारने के बाद डिग्गी बंद करेगा, इसके पश्चात गेट नंबर-3 से वाहन बाहर लाएगा, इतना सब करने के दौरान ही उसके पांच मिनट कब समाप्त हो जाएंगे उसे भी पता नहीं चल पाएगा, बाहर आते-आते समय निकल जाएगा और वाहन चालक से तीन गुना पेनाल्टी वसूली जाएगी। इस व्यवस्था से पार्किंग स्थल पर विवाद की स्थिति भी निर्मित होगी। ड्रॉप एण्ड गो जोन का उल्लंघन करने पर जहां तीन गुना पेनाल्टी वसूली जा रही है वहीं इसके लिए निर्धारित किया गया समय उतने ही गुना किया होता तो लोगों को बात हजम हो सकती है अन्यथा सीधे तौर पर छल ही कहा जा सकता है।

## गणतंत्र दिवस : विकास कार्यों और उपलब्धियों की दिखेगी झलक

### समारोह में विभिन्न विभाग द्वारा निकाली जायेंगी आकर्षक झांकियाँ



**जागरण, रीवा।** गणतंत्र दिवस समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों और जिला तथा प्रदेश स्तर की उपलब्धियों को प्रदर्शित करने वाली झांकियाँ निकाली जाएंगी। इन झांकियों में शासन की प्रमुख योजनाओं, कार्यक्रमों, अभियानों और विकास कार्यों को प्रदर्शित किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि झांकियों की विषयवस्तु अनुमोदन के लिए समिति गठित की गई है। इस समिति का अध्यक्ष जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर को बनाया गया है। समिति में महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, उप संचालक कृषि, उप संचालक उद्यानिकी, कार्यपालन यंत्री पीएचई तथा संयुक्त संचालक सामाजिक न्याय को सदस्य बनाया गया है। गणतंत्र दिवस समारोह में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, उद्यानिकी विभाग, उद्योग विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, केन्द्रीय जेल, वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम रीवा, शिक्षा विभाग की झांकियाँ निकाली जाएंगी। झांकियों से संबंधित अधिकारी झांकी की विषयवस्तु का संक्षिप्त विवरण जिला पंचायत कार्यालय में उपलब्ध कराएं। झांकियों की साज-सज्जा, विषयवस्तु गणतंत्र दिवस समारोह की गरिमा के अनुरूप रखें। यातायात प्रभारी झांकियों के परेड मैदान में क्रमबद्ध रूप से खड़े होने तथा बिना किसी बाधा के भ्रमण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं करें।

## शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को मौन धारण

**रीवा।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों की स्मृति में 30 जनवरी को प्रातः 11 बजे सभी शासकीय कार्यालयों में 2 मिनिट का मौन रखा जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्ष, संभागीय आयुक्त और समस्त कलेक्टरों को इस आशय के निर्देश जारी किए हैं। शहीद दिवस को सम्पूर्ण गरिमा के साथ मनाने की अपेक्षा की गयी है। इस दिन को व्यापक रूप से आम जनता की भागीदारी से मनाए जाने के लिए प्रातः 11 बजे प्रदेश में कार्य और अन्य गतिविधियाँ रोककर दो मिनट का मौन रखा जाए।जहां कहीं संभव हो, दो मिनट के मौन की अवधि शुरू होने तथा समाप्त होने की सूचना सायरन बजाकर या आर्मी गन से दी जायेंगी। सायरन 10:59 बजे से 11 बजे तक बजाए जाने चाहिए और दो मिनट के बाद 11:02 बजे से 11:03 बजे तक पुनः क्लियर सायरन बजाए जाने चाहिए। जहां सायरन उपलब्ध हो वहां यह कार्यविधि अपनाई जाए। सिग्नल (जहां उपलब्ध हो), के अनुसार सभी व्यक्ति खडे हो जाएं और मौन धारण करें। सभी शैक्षणिक संस्थाओं और सार्वजनिक उपक्रमों में शहीद दिवस को पूरी गंम्भीरता के साथ मनाया जाये। स्वतंत्रता संग्राम और राष्ट्रीय एकता के बारे में वार्ताएं और भाषण आयोजित किए जाने के भी निर्देश दिये गये हैं।

## विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन आज से

**रीवा।** आगामी गणतंत्र दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का चरणबद्ध आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने बताया कि जिले में 24 जनवरी से 28 जनवरी तक ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जा रही हैं। इसके लिए नोडल अधिकारी तैनात कर दिए गए हैं। विशेष ग्राम सभाओं में संकल्प से समाधान अभियान की प्रगति की जानकारी आमजनता को दी जाएगी। ग्राम सभा में पंचायत की आय बढ़ाने, ई कोर्ट की स्थापना, नलजल योजनाओं की प्रगति तथा पेयजल व्यवस्था, निर्माण कार्यों की प्रगति तथा नवकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा देने के संबंध में प्रस्ताव रखे जाएंगे।

## मतदाता दिवस के उपलक्ष्य में दिलाई गई शपथ



**जागरण, रीवा।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया जायेगा। इस उपलक्ष्य में आज कलेक्टर कार्यालय में अपर कलेक्टर सपना त्रिपाठी ने शपथ दिलाई। उपस्थित जनों को लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर बेक सहित कलेक्टर कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विंध्य क्षत्रिय एवं क्षत्राणी महासंघ ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

### जरूरतमंद एवं कमजोर तबके की सेवा ही ईश्वर की सच्ची सेवा है



**जागरण, रीवा।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम मंदिर के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर विंध्य क्षत्रिय एवं क्षत्राणी महासंघ के तत्वावधान में सुषमा प्रदीप सिंह जिला अध्यक्षा विंध्य क्षत्राणी के संयोजकत्व में ग्राम भरतपुर गढ़ी सीधी में नववर्ष मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में जरूरतमंद एवं कमजोर तबके के लोगों को गर्म कंबल प्रदान किये गये। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य अतिथियों का हल्दी चंदन रोली एवं पुष्पवर्षा, पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। नववर्ष मिलन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व राज्यसभा सांसद अजय सिंह ने किया तो वहीं मुख्य अतिथि ताला कोठी रीवा कुंवर मान सिंह रहे, विशिष्ट अतिथियों में राम सिंह राजा साहब गोरइया, उदय सिंह पूर्व डीआईजी जेल, कु.प्रदीप सिंह पूर्व बैंक मैनेजर रीवा, कुं.यशवीर सिंह ताला कोठी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ताला कोठी कुंवर मान सिंह ने भगवान श्रीराम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा की वर्षगांठ कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि हमारे समाज की क्षत्राणियां सदैव गरीब समाज की मददगार रहीं। नारियों की शक्ति का ही परिणाम है कि भगवान श्रीराम मंदिर अपने पूर्णता को प्राप्त कर सका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे राज्य सभा सांसद अजय सिंह ने कहा कि प्रत्येक समाज द्वारा दिखाने के लिए अत्याधिक अपव्यय किया जाता है जो किसी भी समाज के लिए अच्छा नहीं है, गरीबों की सच्ची सेवा ही भगवान की सेवा है। कार्यक्रम आयोजक क्षत्राणी सुषमा प्रदीप सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा हम सभी क्षत्राणी बहनें निर्धन गरीब की मदद के लिए आगे आएं और गरीबों के उत्थान में अपना सहयोग प्रदान करें। कार्यक्रम का समापन प्रदेश संयोजक रावेन्द्र सिंह बघेल के आभार से हुआ। कार्यक्रम में जितेन्द्र सिंह बघेल कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष, मुनेन्द्र सिंह परिहार जिलाध्यक्ष, अजय सिंह बघेल, मनोज सिंह बघेल, तेजबली सिंह बैस, सुषमा विनय सिंह, सुषमा सिंह बघेल, अर्चना सिंह सेंगर, रीता सिंह, बीना सिंह, निधी सिंह चौहान, रज्जन सिंह बघेल, रवीभन सिंह कल्चुरी, दुर्गेश सिंह बघेल, आशू सिंह, आर्यन सिंह परिहार, रुद्र सिंह परिहार, सुमन सिंह, किरण सिंह, प्रियंका सिंह, ममता सिंह, प्रिया सिंह, राशी सिंह, रानी सिंह, पुष्पा सिंह, अंशदीप सिंह परिहार, संयम सिंह बैस, अखिल सिंह सेंगर सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित रहे।

## दो बार होगा सीएसडी कैंटीन में कलेक्शन पूर्व सैनिकों को नहीं होगी समस्या

### कैंटीन मैनेजर के प्रयास से मिली बड़ी राहत, काउंटर भी बढ़ाए गए



**जागरण,रीवा।** पूर्व सैनिकों की कैंटीन को लगातार अपडेट किया जा रहा है, यहां आने वाले पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर लगातार विचार करते हुए सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। हाल ही में एक नया काउंटर शुरु किया गया है, जिससे बिलिंग में पूर्व सैनिकों व उनके परिवारों को लंबी कतार का सामना नहीं करना पड़ेगा। कैंटीन प्रभारी कैप्टन प्रदीप सिंह द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयास के बाद अब फरवरी माह से दो बार सामान के कलेक्शन की सुविधा भी शुरु हो रही है, अभी तक एक बार ही कलेक्शन किया जाता था जिससे कुछ दिनों में कैंटीन छोटी होने के कारण पूरा ग्रोसरी सहित लिक्वर समाप्त हो जाती थी लेकिन अब दो बार कलेक्शन होने से पूर्व सैनिकों व उनके परिवार जनों को राहत मिलेगी। इस संबंध में कैंटीन मैनेजर प्रदीप सिंह ने बताया कि सामान की निरंतर उपलब्धता को बनाए रखने के लिए फरवरी माह से दो बार कलेक्शन किया जा रहा है, हाल ही में जबलपुर स्टेशन मुख्यालय से ब्रिगेडियर दिनेश कुमार जांघू ने ईसीएचएस चिकित्सालय और सीएसडी कैंटीन का दौरा किया था। उन्होंने आश्वासन दिया कि जो भी हमारे सैनिकों के सुझाव आ रहे हैं उन सुझावों पर हम निरंतर प्रयास कर रहे हैं। अभी सीएसडी का पूरा स्टाफ अपने निर्धारित कार्यालयीन समय से परे जाकर ज्यादा से ज्यादा लोगों को समान मिले, इसके लिए निरंतर प्रयासरत है। हालांकि यहां कुछ पूर्व सैनिक अपने व्यक्तिगत स्वार्थ के वशीभूत लोगो द्वारा कैंटीन स्टाफ पर दबाव बनाकर बिना नंबर लगाए सीएसडी में प्रवेश के असफल प्रयास के उपरांत तथ्यहीन दोषारोपण कर सैन्य अनुशासन के खिलाफ काम कर रहे हैं। कैंटीन प्रशासन द्वारा पूरी पारदर्शिता के साथ रजिस्टर एंट्री के माध्यम से पहले आओ पहले पाओ का पालन करते हुए सामान की बिक्री की जा रही है। कैंटीन प्रशासन ने तथ्यहीन और भ्रामक जानकारी तथा गुमराह करने वाले व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी की जा रही है।

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

### संपादकीय

## दुर्गम इलाकों के जोखिमों ने उठाए गंभीर सवाल

*सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हमेशा ही जोखिम की स्थिति बनी रहती है। ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों के बीच आतंकवादियों का सामना करना पहले ही एक बड़ी चुनौती रही है। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए हादसे में जिस तरह दस जवानों की जान चली गई, वह दुर्गम इलाके में तैनात सुरक्षा बलों के सामने मौजूद बहुस्तरीय जोखिम का ही उदाहरण है। गौरतलब है कि गुरुवार को डोडा में सेना के एक बुलेटप्रूफ वाहन में सवार फौजी लगभग नौ हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित एक चौकी की ओर जा रहे थे। इस बीच खन्नी टाप के पास वाहन सड़क से फिसल कर दो सौ फुट गहरी खाई में जा गिरा। इतनी ऊंचाई से गिरने के बाद वाहन और उसमें सवार लोगों की हालत का अंदाजा लगाया जा सकता है। दस जवानों की मौत के अलावा ग्यारह अन्य जवान बुरी तरह घायल भी हुए। जाहिर है, आतंकवाद का सामना करने के क्रम में जानलेवा खतरों और हमलों का सामना करने के अलावा इस घटना से वहां ड्यूटी के लिए तैनात सुरक्षा बलों के सामने एक अतिरिक्त चुनौती का पता चलता है। यह इलाका अपनी बेहद मुश्किल भौगोलिक परिस्थितियों के लिए जाना जाता रहा है और वहां सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हमेशा ही जोखिम की स्थिति बनी रहती है। ऊंचे पहाड़ों और घने जंगलों के बीच आतंकवादियों का सामना करना पहले ही एक बड़ी चुनौती रही है।*

*उसमें जब सुरक्षा कारणों से ही सड़कों पर सफर के क्रम में हुए हादसे में जवानों की मौत हो जाती है, तो यह वाहन चलाने में हुई मामूली चूक के खतरनाक नतीजों के साथ-साथ दुर्गम इलाकों में मौजूद रास्तों के बेहद असुरक्षित होने का भी सबूत है। सवाल है कि देश की सुरक्षा के लिहाज से अतिसंवेदनशील इलाकों में सड़कों को इस हालत में कैसे छोड़ा गया है कि किसी वाहन के खाई में गिरने के बाद उसमें सवार लोगों के जिंदा बचने की गुंजाइश बेहद कम होती है।*

*अफसोस की बात यह है कि उस समूचे क्षेत्र में सुरक्षा बलों के सामने मौजूद अलग-अलग जोखिम के समांतर बचाव के मोर्चे पर शायद पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है। वरना हादसे और जोखिम के लिहाज से ज्यादा संवेदनशील जगहों पर सड़कों के किनारे मजबूत सुरक्षा घेरा या पैराफिट लगाने भर से पहाड़ी इलाकों में होने वाले हादसों में जानमाल के नुकसान को कम किया जा सकता है।*

*जम्मू-कश्मीर के पहाड़ी और ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में वाहनों के दुर्घटना का शिकार होने और जवानों की मौत या उनके घायल होने की घटनाएं अक्सर सामने आती रही हैं। वाहन पर से चालक का नियंत्रण खोना एक कारण हो सकता है, लेकिन उस क्षेत्र में संकरी और घुमावदार सड़कों के तीखे मोड़ पर फिसलन का खतरा बना रहता है।*

*ताजा घटना में जिस खन्नी टाप पर सेना का वाहन हादसे का शिकार हुआ, उस तरह की जगहों पर ऊंचाई और कंकड़-मिट्टी की वजह से फिसलन ज्यादा घातक हो जाती है। खासतौर पर दिसंबर-जनवरी के बीच ज्यादा ठंड और बर्फबारी की वजह से सड़क पर फिसलन आम रहती है।*

*ऐसे में उन सड़कों से अगर भारी सैन्य वाहन गुजरते हैं, तो ऊंचाई वाली जगहों पर कई बार वाहन पर नियंत्रण मुश्किल काम होता है और उसमें चूक की आशंका बनी रहती है। हादसों पर लगाम के लिए इलाके में तैनात जवानों को खराब मौसम और परिस्थिति के मुताबिक बेहतर प्रशिक्षण तथा वाहनों के रखरखाव के पहलू पर ज्यादा ध्यान दिया जाना चाहिए।*

*सबसे ज्यादा जरूरी यह है कि सड़कों के बुनियादी ढांचे पर ठोस काम हो और उसे पूरी तरह सुरक्षित बनाने के इंतजाम किए जाएं, ताकि देश की सुरक्षा और आतंकवाद का सामना करने के लिए तैनात सुरक्षा बलों के जवानों के सामने हादसों में जान गंवाने की नौबत न आए।*

### प्रसंगवश

## राज्यपाल और सरकारों के बीच टकराव उचित नहीं

*भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में सत्ता किसी भी राजनीतिक दल की रही हो, राज्यों में विरोधी दलों की सरकारों व राज्यपालों में टकराव की खबरें दशकों से अखबारों की सुर्खियां बनती रही हैं। जनसरोकारों की रक्षा व राज्य सरकारों की बेलगाम नीतियों पर संतुलन के लिये सृजित यह संवैधानिक पद गाहे-बगाहे विवादों की चपेट में आता रहा है। बहुमत की सरकारों को गिराने के खेल पिछली सदी में भी सुर्खियों में रहे हैं। इस कड़ी में कर्नाटक विधानसभा में घटा ताजा अप्रिय घटनाक्रम भी जुड़ गया। ऐसे में राजभवनों को लोकभवन बनाने को यथार्थ में बदलने की जरूरत भी महसूस की जा रही है। निस्संदेह, कर्नाटक विधानसभा में जो भी कुछ घटा वह राजभवन व निर्वाचित सरकारों के बीच जारी टकराव का एक निचला स्तर ही कहा जा सकता है। खासकर उन राज्यों में जहां राजग की सरकारें नहीं हैं। दरअसल, विधानसभा में मंत्रिपरिषद द्वारा तैयार किए गए पाठ को छोड़कर पारंपरिक संबोधन को केवल कुछ पंक्तियों में सीमित करने के निर्णय के बाद कर्नाटक में एक नया विवाद खड़ा हो गया। जिसका प्रभाव कांग्रेस शासित दक्षिणी राज्य के अलावा भी बहुत दूर तक महसूस किया गया। निर्विवाद रूप से नये साल के पहले सदन की शुरुआत में राज्यपाल का संबोधन एक संवैधानिक परंपरा रही है। यह राज्यपाल के व्यक्तिगत बयान के बजाय राज्य सरकार की नीतियों और प्राथमिकताओं का औपचारिक विवरण होता है। लेकिन सत्र की शुरुआत में राज्यपाल थावरचंद गहलोत अपने द्वारा तैयार किया गया संक्षिप्त भाषण देकर सदन से बाहर चले गए। राज्य की कांग्रेस सरकार ने उन पर केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करने का आरोप लगाया। उल्लेखनीय है यहां यह तल्ख टकराव हाल में तमिलनाडु और केरल विधानसभा में हुए अप्रिय घटनाओं के बाद सामने आया है। विडंबना है कि ऐसी ही असहमतियां, हाल के वर्षों में आम हो चली हैं। जिसे भारत जैसे संघीय लोकतंत्र के लिये शुभ संकेत कदापि नहीं कहा जा सकता है।*


*दरअसल, विभिन्न राज्यों में विपक्षी दलों वाली सरकारों के मुखिया आरोप लगाते रहे हैं कि अधिकतर राज्यों में राज्यपाल का उपयोग केंद्र सरकार के राजनीतिक लक्ष्यों को हासिल करने वाले साधन के रूप में ही किया जा रहा है। निस्संदेह, राज्यों में राज्यपालों से उम्मीद की जाती है कि वे केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच एक निष्पक्ष पुल का दायित्व निभाएं। इसमें दो राय नहीं कि किसी भी राज्यपाल को मसविदा संबोधन पर आपत्ति उठाने का अधिकार तो होता है, लेकिन इसके प्रत्युत्तर में संवैधानिक नैतिकता भी अपरिहार्य है। निश्चित रूप से ऐसी किसी भी असहमति को संवाद के माध्यम से हल करने की जरूरत होती है। राज्यपाल और राज्य सरकारों को सदन के भीतर आमने -सामने की भिड़ंत से हर हाल में बचने का प्रयास करना चाहिए। निर्विवाद रूप से किसी भी राज्यपाल और राज्य सरकार का अंतिम लक्ष्य जनता के हितों की रक्षा करना ही होता है। लेकिन किसी भी स्थिति में जब राज्यपाल और राज्य सरकारें विपरीत उद्देश्यों के लिये काम करने लगते हैं, तो शासन की गुणवत्ता का प्रभावित होना स्वाभाविक ही है। निर्विवाद रूप से यह केवल अहम का टकराव मात्र नहीं है। यह सरोकारों के संघवाद की भी एक परीक्षा है। उल्लेखनीय है कि आजकल केंद्र सरकार राजभवनों का नाम बदलकर लोकभवन बनाने की मुहिम चला रही है। केंद्र सरकार का कहना है कि राजभवन का संबोधन औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। निस्संदेह लोकतंत्र में राजभवन राजतंत्र का पर्याय होने का आभास देता है। लोकतंत्र में लोकभवन सही मायनों में लोक का ही प्रतिनिधित्व करता है। लेकिन यह लोकभवन शब्द तब ही सार्थक हो सकता है जब जनता के हितों को राजनीतिक टकराव से ऊपर रखा जाएगा। निश्चित रूप से सत्ता के दोनों ही केंद्रों को जनादेश का सम्मान ईमानदारी से करना ही चाहिए। यह भारत जैसे संघीय लोकतंत्र के लिये अपरिहार्य शर्त भी है जिसका पालन राज्यपाल व राज्य सरकारों को पूरा करना ही चाहिए।*



### दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन

## जमीन के नीचे 44 प्लेटफॉर्म, 100 साल पुराना इतिहास!

**अगर आप सोचते हैं कि रेलवे स्टेशन सिर्फ शोर और भीड़ की जगह होते हैं, तो यह खबर आपकी सोच बदल देगी। दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन 44 प्लेटफॉर्म और 67 ट्रैक के साथ जमीन के नीचे एक पूरी व्यवस्था चलाता है, जहां लाखों लोग रोज सफर करते हैं, लेकिन अफरा-तफरी नजर नहीं आती।**



जब बात रेलवे स्टेशन की आती है, तो हमारे मन में शोर और भीड़ की तस्वीर उभरती है। लेकिन दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन इस मामले में बिल्कुल अलग और अनूठा है। अमेरिका के न्यूयार्क शहर के बीचों-बीच स्थित ग्रैंड सेंट्रल टर्मिनल सिर्फ अपनी विशालता के लिए नहीं, बल्कि अपनी शांति और भव्यता के लिए भी जाना जाता है। 44 प्लेटफॉर्म और 67 ट्रैक वाला यह स्टेशन इंजीनियरिंग का एक ऐसा बेजोड़ नमूना है, जहां हर दिन लाखों मुसाफिरों का आना-जाना लगा रहता है, फिर भी यहां कभी अव्यवस्था महसूस नहीं होती। इतना ही नहीं, 1913 में बना यह स्टेशन आज के आधुनिक दौर में भी पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बना हुआ है। न्यूयार्क की धड़कन माना जाने वाला यह स्टेशन अपनी भव्यता को आज भी बरकरार रखे हुए है।

### मिडटाउन मैनहट्टन की ऐतिहासिक पहचान

न्यूयार्क के सबसे महत्वपूर्ण इलाके मिडटाउन मैनहट्टन में 42वीं स्ट्रीट और पार्क एवेन्यू के चौराहे पर स्थित यह स्टेशन शहर की भौगोलिक और सामाजिक धुरी है। इसका स्थान इतना महत्वपूर्ण है कि इसके चारों ओर बड़े-बड़े दफ्तर, स्कूल, लाइब्रेरी और ऐतिहासिक इमारतें मौजूद हैं। यह स्टेशन सिर्फ ट्रेनों के आने-जाने का जरिया नहीं है, बल्कि यह न्यूयार्क और इसके पड़ोसी राज्यों के दैनिक जीवन को एक सूत्र में जोड़ता है। इतना ही नहीं, इसकी सटीक लोकेशन की वजह से ही यह दुनिया के सबसे व्यस्त और व्यवस्थित केंद्रों में से एक बना हुआ है।

### दो मंजिला अंडरग्राउंड स्टेशन और 44 प्लेटफॉर्म का जाल

आमतौर पर बड़े स्टेशनों पर भी जगह की कमी के कारण अफरा-तफरी देखी जाती है, लेकिन दुनिया का सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन इसके बिल्कुल विपरीत है। यहां के 44 प्लेटफॉर्म और 67 ट्रैक को दो अलग-अलग अंडरग्राउंड लेवल्स (स्तरों) पर बड़ी ही चतुराई से बांटा गया है। इस जादुई डिजाइन की वजह से सुबह के व्यस्त घंटों में भी सैकड़ों ट्रेनें बिना किसी शोर और भीड़भाड़ के अपनी मंजिल तक पहुंचती हैं। न्यूयार्क जैसे भागदौड़ वाले शहर के बीच ऐसी व्यवस्था किसी अजूबे से कम नहीं लगती।

### 100 साल पुरानी इंजीनियरिंग जो आज भी है बेमिसाल

हैरानी की बात यह है कि इस भव्य टर्मिनल का निर्माण उस दौर में हुआ था जब आधुनिक तकनीकें और मशीनें मौजूद नहीं थीं। इसके बावजूद, इसके डिजाइन ने उन समस्याओं का समाधान पहले ही ढूंढ लिया था जो बड़े शहर आज भी झेल रहे हैं। यहां के ढलान वाले प्लेटफॉर्म ट्रेनों को प्राकृतिक रूप से धीमा करने में मदद करते हैं और इसके छिपे हुए स्तर लंबी दूरी की ट्रेनों को लोकल मुसाफिरों से अलग रखते हैं। इतना ही नहीं, इसकी हर बारीक डिजाइन मुसाफिरों का समय और ऊर्जा बचाने के लिए तैयार की गई है।

### शानदार रेस्तरां और विशाल फूड मार्केट

ग्रैंड सेंट्रल टर्मिनल की पहचान केवल पटरियों और ट्रेनों तक सीमित नहीं है। मुसाफिरों की सुविधा के लिए इस परिसर में शानदार रेस्तरां, दुकानें और एक विशाल फूड मार्केट मौजूद है। इस इमारत की सबसे अनूठी विशेषता इसकी ऊंची छत है, जिसे नक्षत्रों और तारों की बेहद खूबसूरत पेंटिंग से सजाया गया है। इस कलाकारी का आकर्षण इतना अधिक है कि बहुत से लोग सिर्फ छत को निहारने और मुख्य हॉल के बीचों-बीच लगी ऐतिहासिक घड़ी के पास दोस्तों से मिलने पहुंचते हैं। भारी भीड़ के बावजूद, स्टेशन का डिजाइन हर मुसाफिर को एक निजी और सुकून भरा अहसास देता है।

### फिटनेस अपडेट

## क्या है ज्यादा फायदेमंद?

## 30 मिनट की एक्सरसाइज या 10 हजार कदम

**"रोज 30 मिनट की एक्सरसाइज शरीर को मजबूत बनाती है और मानसिक स्वास्थ्य सुधारती है, जबकि चलना पाचन और मूवमेंट के लिए फायदेमंद है। 10,000 कदम सभी के लिए जरूरी नहीं। 30 मिनट वर्कआउट और 4,000-8,000 कदम का संतुलन सबसे बेहतर है।**

● मितुशी अजमेरा ●
फिटनेस ट्रेनर



क्या दिन के अंत में आपको भी लगता है कि आज पर्याप्त एक्सरसाइज हुई या नहीं? कभी 30 मिनट का वर्कआउट हो जाता है लेकिन चलना-फिरना कम रहता है, तो कभी 10,000 स्टेप्स पूरे हो जाते हैं पर एक्सरसाइज नहीं हो पाती। फिटनेस ऐप्स के लगातार रिमाइंडर की वजह से यह समझना मुश्किल हो जाता है कि सेहत के लिए असल में क्या ज्यादा जरूरी है। तो सवाल यह है कि क्या 30 मिनट की एक्सरसाइज काफी है या रोज 10,000 कदम चलना बेहतर? फिटनेस नियमों के अनुसार, दोनों के अपने फायदे हैं, लेकिन हर व्यक्ति के शरीर की जरूरत अलग होती है। इसलिए किसी भी रूटीन को अपनाने से पहले यह समझना जरूरी है कि आपके लिए क्या सही है।

### आखिर क्या बेहतर है?

30 मिनट की एक्सरसाइज और 10,000 कदम में से कोई एक ही सबसे अच्छा नहीं है। सबसे सही तरीका है दोनों का संतुलन। रोज 30 मिनट की स्ट्र.ड एक्सरसाइज के साथ 4,000-8,000 कदम चलना शरीर की ताकत, मूवमेंट, मेटाबॉलिज्म और पाचन के लिए बेहतर माना जाता है।

### 10,000 स्टेप्स की सच्चाई

10,000 कदम चलना लंबे समय से फिटनेस का गोल माना जाता है, लेकिन इसके पीछे पुख्ता वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं। मितुशी अजमेरा के अनुसार, चलना, एनईएटी यानी नॉन एक्सरसाइज एक्टिविटी थर्मोजिनेसिस का हिस्सा है, यानी वह मूवमेंट जो एक्सरसाइज के अलावा रोज़मर्रा की दिनचर्या में होती है। चलने से ब्लड सर्कुलेशन, पाचन, जोड़ों की मूवमेंट और रीढ़ की सेहत बेहतर होती है। इसे दिनचर्या में आसानी से शामिल किया जा सकता है जैसे खाने के बाद, ऑफिस में या घर के काम के दौरान। इसके फायदे पाने के लिए 10,000 कदम एक साथ चलना जरूरी नहीं है। ब्रिंगम यंग यूनिवर्सिटी की रिसर्च बताती है कि बुजुर्गों में रोज करीब 7,000 कदम चलने से समय से पहले मौत का खतरा कम हो जाता है, और 10,000 से ज्यादा चलने का कोई अतिरिक्त फायदा नहीं दिखा।

### 30 मिनट की एक्सरसाइज क्यों जरूरी है?

- रोज 30 मिनट की एक्सरसाइज को हाई रिटर्न एक्टिविटी कहा जाता है। स्ट्र.ड वर्कआउट जैसे स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, योग, पिलाटेस, हाई इंटेंसिटी या रेजिस्टेंस ट्रेनिंग शरीर को सिर्फ चलाते नहीं, बल्कि उसे मजबूत भी बनाते हैं।
- अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के अनुसार, हफ्ते में 150 मिनट की मध्यम या तेज एक्सरसाइज जरूरी है, जिसे 5 दिन रोज़ 30 मिनट एक्सरसाइज करके पूरा किया जा सकता है। इससे ताकत, बॉडी पोस्चर, संतुलन और मूवमेंट बेहतर होता है।
- स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से मसल्स मजबूत होती हैं, हड्डियों की घनता बढ़ती है और मेटाबॉलिज्म तेज होता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ आर्थराइटिस के अनुसार, नियमित एक्सरसाइज से ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा भी कम होता है। साथ ही यह ब्लड शुगर, हार्मोन और तनाव को कंट्रोल करने में मदद करती है।

### किन लोगों को 10,000 कदम चलने से बचना चाहिए?

हर किसी के लिए 10,000 कदम का लक्ष्य सही नहीं होता। नए लोग, घुटने, टखने, कूल्हे या कमर की समस्या वाले लोग, या जो पहले से बहुत एक्टिव हैं, उन्हें सावधानी बरतनी चाहिए। अगर ज्यादा चलने से दर्द या थकान बढ़ रही है, तो रूटीन बदलना जरूरी है। शुरुआत में 4,000- 6,000 कदम चलना ज्यादा सुरक्षित और सही होता है।

### टेक्नॉलॉजी अपडेट

## किससे बात कर रहे हैं बच्चे, पैरेंट्स को मिलेगी जानकारी



स्नैपचैट ने नए अपडेट्स का ऐलान कर दिया है। इस अपडेट के तहत फैमिली सेंटर में नए फीचर्स को जोड़ा गया है। ऐप पर पैरेंट्स की पावर को बढ़ाया गया है, जिससे वो बच्चों के अकाउंट पर बेहतर तरीके से नजर रख पाएंगे। लेटेस्ट अपेडेट के तहत पैरेंट्स को बच्चों के अकाउंट्स के बेहतर इनसाइट मिलेंगे। हालांकि, इन जानकारियों को शेयर करते हुए प्राइवेसी का भी ध्यान रखा जाएगा। कंपनी ने फीचर्स को ग्लोबली रोलआउट किया है, जिसमें भारत भी शामिल है। कंपनी ने इस अपडेट को बच्चों की ऑनलाइन सेफ्टी को ध्यान में रखकर जारी किया है। स्नैपचैट का कहना है कि ये अपडेट पैरेंट्स और बच्चों के बीच इनफॉर्म्ड कन्वर्सेशन को बढ़ावा देने के लिए जारी किया गया है।

### प्राइवेट रहेगा कंटेंट

लेटेस्ट अपडेट के तहत फैमिली सेंटर में बच्चों के सोशल इंटरैक्शन की विजिबिलिटी को बढ़ाया गया है। पैरेंट्स देख पाएंगे कि किन यूजर्स के साथ उनके बच्चों की बातचीत ज्यादा है। इसके तहत पिछले 7 दिनों में बच्चों ने किससे ज्यादा बातचीत और दूसरी एक्टिविटीज की हैं, उसकी जानकारी पैरेंट्स को मिलेगी। हालांकि, मैसेज का कंटेंट प्राइवेट रहेगा। यानी क्या बातचीत हुई है ये पैरेंट्स नहीं देख पाएंगे।

### मिलेगा अलर्ट

इसके अलावा स्नैप मैप की ट्रांसपैरेंसी को बढ़ाया गया है। पैरेंट्स देख सकेंगे कि इस प्लेटफॉर्म पर उनके बच्चे अपनी लाइव लोकेशन किससे शेयर कर रहे हैं। हालांकि, पैरेंट्स रियल टाइम लोकेशन ट्रैक नहीं कर सकते हैं। किसी रिस्क का अंदाजा होने पर स्नैपचैट पैरेंट्स को अलर्ट करेगा। स्नैपचैट टीन्स के बीच में काफी पॉपुलर है। इसकी वजह से ऐप पर मिलने वाली प्राइवेसी है। हालांकि, ये प्राइवेसी ही पैरेंट्स की चिंता का विषय है। पहले पैरेंट्स को ऐप की प्राइवेसी की वजह से पता नहीं चलता था कि बच्चे ऑनलाइन किससे बातचीत कर रहे हैं। इस दिशा में स्नैपचैट लगातार काम कर रहा है। लेटेस्ट अपडेट्स भी इसी का हिस्सा है।

### लेटेस्ट गैजेट

## स्मार्टफोन हुआ पुराना, आया एप्पल का छोटू गैजेट 'एआई पिन'

जल्द ही मार्केट में नजर आएगी 'एआई पिन', जिसमें दो कैमरे, तीन माइक और वायरलेस चार्जिंग का सपोर्ट मिलेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह अगले साल लॉन्च होगा। इसका साइज एप्पल एयर टैग के जैसा होगा। आने वाले दिनों में यह स्मार्टफोन के विकल्प में रूप में भी यूज होगा। एप्पल के नए प्रोजेक्ट में कैमरा, माइक और बैटरी भी होगी। यह एयर टैग के साइज का वियरेबल प्रोडक्ट होगा, जिसका साइज 10 रुपये के सिक्के के बराबर है। इस डिवाइस को कंपनी ऐसे डिजाइन कर रही है कि अपकमिंग एआई वियरेबल प्रोडक्ट को एल्यूमिनियम और ग्लास से तैयार किया जाएगा। साथ ही इसमें एआई सपोर्ट होगा। यह इंडिविजुअल काम कर सकेगा।



### 'एआई पिन' में होगा कैमरा और बहुत कुछ

रिपोर्ट के मुताबिक, वियरेबल 'एआई पिन' में कैमरा और कई सेंसर होंगे। इसमें एक स्टैंडर्ड लेंस, दूसरा वाइड एंगल लेंस दिया जाएगा। इसमें एक स्पीकर, एक फिजिकल बटन दिया जाएगा। इसमें वायरलेस चार्जिंग का सपोर्ट दिया जाएगा। यह साल 2027 में लॉन्च हो सकता है।

**एप्पल एयर टैग क्या है?** : एयर टैग एक लोकेशन फाइंडर डिवाइस है। इसको फाइंड माय एप के जरिए सेटअप किया जाता है। भारत समेत दुनियाभर में कई लोगों ने अपने चोरी हुए बैक और बाइक को खोज निकाला है। इसकी बैटरी पूरे एक साल तक का बैकअप देती है। ऐपल स्टोर पर एप्पल एयर टैग की कीमत 2,999 रुपये है।

### उत्तराखंड में बना दिया 'पाकिस्तान'

## देहरादून के मालदेवता में हुई नई वार फिल्म 'बॉर्डर 2' की शूटिंग

**फिल्म 'बॉर्डर 2' रिलीज होते ही दर्शकों में देशभक्ति का जबरदस्त जोश भर रहा है। फिल्म में दिखने वाली पाकिस्तान की सरहद, बंकर और युद्ध के खतरनाक दृश्य असल में भारत की धरती पर ही रचे गए हैं। इस फिल्म की शूटिंग देश की कई ऐसी लोकेशन्स पर हुई है जिन्हें देखकर आप दंग रह जाएंगे।**

सनी देओल के जबरदस्त एक्शन और देशभक्ति के जुनून से सजी फिल्म 'बॉर्डर 2' 23 जनवरी को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। साल 1997 में आई क्लासिक फिल्म 'बॉर्डर' की विरासत को आगे बढ़ाते हुए इस सीक्वल ने आते ही दर्शकों के दिलों की धड़कनें तेज कर दी हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि फिल्म के वो हैरान कर देने वाले युद्ध के सीन, जिन्हें देखकर हर कोई दांतों तले उंगली दबा लेगा, वे असल में कहां फिल्माए गए हैं? सच तो यह है कि पर्दे पर जिसे आप पाकिस्तान की खतरनाक सीमा और कंटीले तार समझ रहे हैं, वह हकीकत में भारत के ही कुछ बेहद खूबसूरत लेकिन दुर्गम इलाकों का हिस्सा है। दरअसल, फिल्म में सरहद का वो असली एहसास पैदा करने के लिए शूटिंग के दौरान भारत के ही कई शहरों को मिनी बॉर्डर में तब्दील कर दिया गया था।




### देहरादून बना मिनी बॉर्डर

फिल्म को पर्दे पर जीवंत बनाने के लिए मेकर्स ने उत्तराखंड के देहरादून को अपना मुख्य बेस बनाया। यहां के संतला देवी और मालदेवता क्षेत्र स्थित हल्दूवाला इलाके में बाकायदा एक विशाल सेट तैयार किया गया था, जिसमें एक तरफ भारत और दूसरी तरफ पाकिस्तान की सरहद दिखाई गई। शूटिंग के दौरान यहां का नजारा किसी असली फॉरवर्ड बॉर्डर पोस्ट जैसा लग रहा था, जहां चारों तरफ बंकर, सैन्य वाहन, टैंक और जवानों के टेंट तैनात थे। खुद सनी देओल ने तीन अलग-अलग मौकों पर यहां पहुंचकर अपने हिस्से के महत्वपूर्ण दृश्यों की शूटिंग पूरी की।

### दुर्गम इलाकों में हुई बॉर्डर 2 की शूटिंग

युद्ध के आक्रामक दृश्यों के अलावा फिल्म में ऋषिकेश और राजाजी टाइगर रिजर्व की प्राकृतिक सुंदरता को भी पिरोया गया है, जो दर्शकों को युद्ध के तनाव के बीच एक सुकून भरा अनुभव देती है। वहीं, टैंकों की गड़गड़ाहट और भारी गोलाबारी के दृश्यों को प्रामाणिक बनाने के लिए उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित बबीना छावनी के सैन्य क्षेत्रों का उपयोग किया गया। इसके अलावा, फिल्म की कहानी हमें पुणे के एनडीए की ट्रेनिंग से लेकर अमृतसर की सरहद और राजस्थान व जम्मू-कश्मीर की धूल भरी चौकियों तक ले जाती है। इन असली लोकेशन्स को चुनने का मकसद सिर्फ दिखावटी खूबसूरती नहीं, बल्कि यह दिखाना था कि हमारे जवान देश के सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में किस तरह अपना जीवन बिताते हैं।

# हाईस्कूल की परीक्षा 13 फरवरी व 12वीं की परीक्षा 10 फरवरी से

## जारी हुआ टाइम टेबल, तैयारियों में जुटा विभाग



जागरण,रीवा

माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश द्वारा हाईस्कूल कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा 13 फरवरी से आरंभ हो रही हैं। वहीं 12वीं की परीक्षा का आयोजन 10 फरवरी से शुरू होगी। हाईस्कूल की परीक्षा 13 फरवरी से 6 मार्च तक आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8 बजे एवं परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.55 बजे प्रश्न-पत्र दिए जाएंगे। प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा। प्रवेश पत्र में भी फोटो लगाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी यथा संभव पेयजल की बोतल स्वयं लेकर आएं। कक्षा 10वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र शुक्रवार 13 फरवरी को उर्दू विषय का होगा। शनिवार 14 फरवरी को नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेमवर्क के समस्त विषयों तथा आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का प्रश्न पत्र होगा। मंगलवार 17 फरवरी को अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होगा। गुरूवार 19 फरवरी को संस्कृत तथा शुक्रवार 20 फरवरी को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी के प्रश्न पत्र तथा मूक बधिर और दृष्टिहीन विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, गायन वादन, तबला पखावज और कम्प्यूटर का प्रश्न पत्र होगा। मंगलवार 24 फरवरी को गणित, शुक्रवार 27 फरवरी को विज्ञान तथा सोमवार 2 मार्च को सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित होगी। अंतिम प्रश्नपत्र शुक्रवार 6 मार्च को हिंदी विषय का होगा। हायर सेकण्डरी की परीक्षा 10 फरवरी से 7 मार्च तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 8 बजे एवं परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.30 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा कक्ष में प्रातः 8.45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षार्थियों को परीक्षा प्रारंभ होने से 10 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.50 बजे उत्तर पुस्तिका एवं 5 मिनट पूर्व अर्थात प्रातः 8.55 बजे प्रश्न-पत्र दिए जाएंगे। प्रत्येक परीक्षार्थी का उपस्थिति पत्रक की फोटो से मिलान किया जायेगा। प्रवेश पत्र में भी फोटो लगाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी यथा संभव पेयजल की बोतल स्वयं लेकर आएं। कक्षा 12वीं के नियमित तथा स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की परीक्षा का प्रथम प्रश्न पत्र मंगलवार 10 फरवरी को होगा। इस दिन अंग्रेजी का प्रश्न पत्र होगा। शुक्रवार 13 फरवरी को एनिमल हस्बैण्डरी मिल्क ट्रेड पोल्ट्रीफार्मिंग एवं फिशरीज, विज्ञान के तत्व, भारतीय कला का इतिहास, अर्थशास्त्र तथा फिजिक्स का प्रश्न पत्र होगा। शनिवार 14 फरवरी को बायोटेक्नॉलाजी, गायन वादन एवं तबला पखावज का प्रश्नपत्र होगा। सोमवार 16 फरवरी को संस्कृत का प्रश्नपत्र तथा मंगलवार 17 फरवरी को ड्राइंग एण्ड डिजाइन का प्रश्न पत्र होगा। बुधवार 18 फरवरी को केमिस्ट्री, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एलिमेंट आफ साइंस एण्ड मेथमेटिक्स यूजफुल फार एग्रीकल्चर, ड्राइंग एण्ड पेंटिंग और गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान के प्रश्न पत्र की परीक्षा होगी। गुरूवार 19 फरवरी को मनोविज्ञान का प्रश्नपत्र होगा। शुक्रवार 20 फरवरी को आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस, नेशनल स्किल्स क्वालिफिकेशन फ्रेम वर्क के सभी विषय और शारीरिक शिक्षा का प्रश्नपत्र होगा।

# 60 वर्ष से अधिक उम्र के परीक्षार्थियों ने भी दी परीक्षा



## अटल बिहारी बाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल की परीक्षाएँ रीवा में प्रारंभ

जागरण,रीवा। अटल बिहारी बाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय भोपाल की सत्र 2024/25 की मुख्य परीक्षाएँ तथा सत्र 2023/24 के अनुपस्थित/पूरक/अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों की परीक्षाएँ प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में 23 जनवरी से प्रारंभ हो गई हैं। यह परीक्षाएँ 31 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा केन्द्र में विशेष आकर्षण उन 60 वर्ष से अधिक आयु के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही, जो निरंतर सीखने और स्वास्थ्य सेवा संबंधी ज्ञान को अपनाने के लिए उत्साहपूर्वक परीक्षा दे रहे हैं। यह सभी के लिए प्रेरणा का संदेश है कि शिक्षा की कोई उम्र नहीं होती।

प्राचार्य डॉ. आरएन तिवारी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सभी डिप्लोमा एवं पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रम सीधे समाज की स्वास्थ्य सेवा, प्राथमिक उपचार, अस्पताल प्रबंधन और जनकल्याण से जुड़े हैं। इनकी प्रमुख उपयोगिताएँ हेल्थ केयर सेक्टर में रोजगार के व्यापक अवसर गाँव/कस्बों में प्राथमिक चिकित्सा सेवाओं के लिए प्रशिक्षित जनशक्ति तैयार, अस्पताल प्रबंधन, स्वास्थ्य व्यवस्था और मरीज सेवा में दक्षता, आकस्मिक स्थितियों में फर्स्ट एड देने की क्षमता, स्वस्थ जीवनशैली और सामुदायिक स्वास्थ्य जागरुकता में योगदान, वरिष्ठ नागरिकों और महिलाओं के लिए विशेष रूप से उपयुक्त और उपयोगी स्वयं/रोजगार, क्लिनिक, हेल्थ काउंसलिंग जैसी संभावनाएँ इन पाठ्यक्रमों की बढ़ती उपयोगिता को देखते हुए विद्यार्थियों में विशेष रुचि और उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में परीक्षा संचालन हेतु उत्कृष्ट व्यवस्थाएँ की गई हैं। विद्यार्थियों में इन पाठ्यक्रमों को लेकर जागरुकता और रुचि बढ़ रही है, जो स्वास्थ्य सेवाओं के भविष्य के लिए शुभ संकेत है।

# छात्रों को सफल स्टार्टअप से संबंधित दी बुनियादी जानकारी



## टीआरएस कॉलेज में आयोजित हुआ कार्यक्रम

जागरण,रीवा। उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार इनक्यूबेशन सेंटर के अंतर्गत माह जनवरी से अप्रैल 2026 की साप्ताहिक प्रशिक्षण गतिविधियों का आयोजित करने के अनुक्रम में टीआरएस इनक्यूबेशन फाउंडेशन द्वारा महाविद्यालय के छात्रों हेतु प्रथम जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अर्पिता अवस्थी के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. आरके दुबे नोडल अधिकारी उद्भव इनक्यूबेशन टीआरएस फाउंडेशन थे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ.आरके दुबे द्वारा बताया गया कि इनक्यूबेशन सेंटर का उद्देश्य केवल नौकरी पाने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले (जॉब क्रिएटर)तैयार करना है। यह भारत सरकार के 'आत्मनिर्भर भारत' और 'स्टार्टअप इंडिया' अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। छात्रों को सफल स्टार्टअप से संबंधित बुनियादी जानकारी देने के साथ ही स्टार्टअप परिचालन हेतु वित्तीय सहायता की जानकारी दी गई। छात्रों को मध्य प्रदेश स्टार्टअप सीड फंड सहायता, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, उद्यमिता प्रोत्साहन, प्रोडक्ट फोटो टाइप सहायता, पेटेंट सहायता इत्यादि जानकारी से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में डॉ.अभिनव तिवारी, डॉ.अर्पिता मिश्रा, डॉ.मंजूश्री मिश्रा, डॉ.दिलीप पांडेय, डॉ. ब्रहेन्द्र मिश्रा, डॉ.अखिलेश शुक्ला सहित महाविद्यालय के लगभग 150 छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बसंत पंचमी पर शैक्षिणिक संस्थानों में हुई वाग्देवी मां सरस्वती की पूजा-आराधना

*जागरण,रीवा। बसंत पंचमी के अवसर पर वाग्देवी मां सरस्वती का विधिविधान से सभी शैक्षिणिक संस्थानों में पूजा अर्चना की गई। इस अवसर सरस्वती स्कूलों में पाटी पूजन कार्यक्रम रखकर नव प्रवेशी छात्रों को अक्षर ज्ञान की प्रक्रिया शुरू की गई। जिले भर के सभी शासकीय व निजी शैक्षिणिक संस्थानों में मां सरस्वती की पूजा और आराधना की गई। इसके साथ होली महोत्सव का शुभारंभ हुआ। फाग का आयोजन भी हुआ।*

## वनस्थली स्कूल में हुआ विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन



रीवा। बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में वनस्थली विद्यालय में विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन श्रद्धा भाव से किया गया। विद्यालय के हिंदी एवं संस्कृत अध्यापक उर्मिला तिवारी व ऊषा तिवारी ने विद्यालय के डायरेक्टर डॉक्टर मनोज तिवारी, प्राचार्य दीप्ति अग्रवाल और सभी अध्यापकों तथा सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति में विधिविधान से पूजा कराकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय में मां सरस्वती का पूजन व हवन किया गया। प्राचार्य दीप्ती अग्रवाल ने कहा कि बसंत पंचमी का पुराणों-शास्त्रों तथा अनेक काव्यग्रंथों में अलग-अलग ढंग से चित्रण मिलता है। इस मौके पर विद्यालय के योगा शिक्षक ओ पी द्विवेदी, सौरभ सिंह, अनामिका तथा संगीत शिक्षक ब्रजभूषण तिवारी, कोमल तिवारी, विनोद, कक्षा अध्यापिकाएं प्रिया परौहा, काजल तिवारी, बीना सिंह, वंदना सिंह, वंदना मिश्रा, मोनिका सिंह, सुकीर्ति मिश्रा, कीर्ति सिंह, पूजा पाण्डेय, ज़ेबा खान, लता एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## के.वी.एम. कान्वेन्ट में स्वच्छता के संकल्प के साथ सरस्वती पूजा



रीवा। बसंत पंचमी के अवसर पर के.वी.एम. कान्वेन्ट हायर सेकेण्ड्री स्कूल एवं जीनियस किड्स प्ले स्कूल बोदाबाग के बच्चों द्वारा विद्यादायनी माँ सरस्वती की आराधना पूजा का भव्य आयोजन किया गया। विद्या एवं ज्ञान की देवी माँ सरस्वती के समक्ष छात्र-छात्राओं ने भजन पूजन संगीत का भी आयोजन किया तथा साथ ही स्वच्छता का संकल्प दोहराया गया। माँ सरस्वती की आराधना पूजा विद्वान पंडित बृजेश शुक्ल द्वारा प्रवचन के साथ कराई गई। स्वच्छता संकल्प में सभी छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षकों में श्रद्धा, शिवानी, जागृति, अंशिका, प्रियंका, प्रतिष्ठा, चंचल संजय, सुष्मिता, मंजू, संगीता, ललिता, प्रतिभा, ज्योती, गरिमा, राजीव, तौहीद, संजय, एवं बांकेलाल का योगदान सराहनीय रहा। अंत में सभी बच्चों को प्रसाद वितरण किया गया।

## लिटिल बैम्बिनोज में उल्लास के साथ मनाई गई बसंत पंचमी



रीवा। विंध्य विहार कॉलोनी स्थित लिटिल बैम्बिनोज स्कूल में बसंत पंचमी का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा, उल्लास एवं सांस्कृतिक गरिमा के साथ मनाया गया। यह आयोजन विद्यालय की डायरेक्टर डॉ. गायत्री शुक्ल के निर्देशन में संपन्न हुआ, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने पूरे मनोयोग से सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान, विद्या और कला की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा एवं हवन के साथ हुआ। छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण पीले वस्त्रों में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं। कार्यक्रम में प्रज्ञा श्रीवास्तव, सुधा सोनी, श्वेता मिश्रा, श्वेता सिंह तिवारी, रश्मि मिश्रा, रूपमाला पांडे, श्रेया सोनी, स्वाति सोनी एवं विवेक चतुर्वेदी सहित विद्यालय परिवार के सदस्यों की सराहनीय सहभागिता रही।

## कायस्थ समाज ने मनाया बसंत उत्सव एवं नेताजी की जयंती



रीवा। चित्रांश परिवार कायस्थ समाज की महिला इकाई के तत्वावधान में पुरातन चित्रगुप्त मंदिर तरहटी में बसंत पंचमी एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान यह निर्णय लिया गया कि आगामी 1 फरवरी को होने वाली बैठक में 13 फरवरी को प्रस्तावित आनंद महोत्सव की रूपरेखा तैयार की जाएगी तथा अधिक से अधिक समाज बंधुओं को इस आयोजन से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला इकाई की अध्यक्ष कुमुद श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर चित्रांश परिवार (कायस्थ समाज) के अध्यक्ष सुशील खरे, उपाध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव,सचिव कल्पना श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, महिला प्रकोष्ठ की सचिव नीलम श्रीवास्तव सहित हेमा श्रीवास्तव एवं तरहटी मंदिर के प्रबंधक वीरेंद्र श्रीवास्तव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## नालंदा स्कूल में ध्यान से आत्मज्ञान कार्यशाला 27 को

रीवा। शहर के अनंतपुर स्थित नालंदा सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में ध्यान से आत्मज्ञान कार्यशाला का आयोजन 27 जनवरी को किया जाएगा। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों को ध्यान से होने वाले फायदे के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रम्हर्षि पत्रीजी मौजूद रहेंगे और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वंदना जैन होंगी। बताया गया है कि पिरामिड स्पिरिचुअल सोसायटी भोपाल द्वारा मध्यप्रदेश नवचेतना ध्यान यात्रा 2026 के तहत स्कूल परिसर में आयोजित कार्यशाला में बच्चों को ध्यान के माध्यम से क्रोध, तनाव, डिप्रेशन, अतीत का भय, कार्यस्थल में तनाव, आर्थिक समस्या एवं रिश्तों में तनाव से मुक्ति के आसान उपाय बताये जाएंगे। ध्यान के माध्यम से लोगों को शांत चित्त, सफलता और संपन्नता, संबंधों में मिठास, भावनात्मक स्थिरता, कार्य कुशलता में वृद्धि, अच्छी एकाग्रता एवं स्वास्थ्य ठीक करने के बारे में बताया जाएगा।

## विद्या, बुद्धि की आराध्य देवी है मां सरस्वती: डॉ प्रभाकर



रीवा। सरस्वती शिशु मंदिर चाणक्यपुरी एवं दीनदयाल धाम में बसंत पंचमी के दिन आराध्य मां सरस्वती का पूजन किया गया। इस अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर दीनदयाल धाम एवं चाणक्यपुरी के संस्थापक डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, व्यवस्थापक सरस्वती गुप्ता एवं प्राचार्य संतोष कुमार पटेल उपस्थित रहे। डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी ने कहा कि मां सरस्वती विद्या,बुद्धि की आराध्य देवी हैं। पूजन के उपरांत पुरोहितों ने वेद मंत्रों द्वारा विद्यारंभ संस्कार कराया । इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## स्नेह विद्यालय में उत्साह से मनाई गयी बसंत पंचमी

रीवा। दिव्यांगता के पुनर्वास के क्षेत्र में कार्यरत लखौरीबाग स्थित स्नेह शिक्षण एवं मानव सेवा संस्थान के अंतर्गत संचालित स्नेह विद्यालय में बसंत पंचमी के उपलक्ष्य में ज्ञान और कला की देवी माँ सरस्वती की पूजा का आयोजन उत्साहपूर्वक हुआ। सभी उपस्थित दिव्यांग छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा श्रद्धा भाव के साथ माँ सरस्वती की विधिवत पूजा आराधना की गई। बच्चों ने भक्तिभाव से परिपूर्ण गीत पर नृत्य कर भक्तिमय वातावरण बना दिया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक एवं अध्यक्ष माननीय राम सेवक साहू, प्राचार्या ऊषा साहू, शुभांगी सोधिया, अंतिमा मिश्रा, ऋचा श्रीवास्तव, मनीषा कुशवाहा, शालिनी कुशवाहा, प्रवीण साहू, सिद्धार्थ सिंह, मनीष प्रजापति, अशोक पटेल, सुषमा कुशवाहा, कल्पना तिवारी सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

## सरस्वती स्कूल जेलमार्ग में लगा बाल मेला



रीवा। बसंत पंचमी के पावन अवसर पर सरस्वती विद्यालय जेलमार्ग में सरस्वती पूजन, विद्यारंभ संस्कार/पाटीपूजन के साथ-साथ शिशु नगरी एवं बाल मेला उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन रघुराज किशोर तिवारी राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के मुख्यआतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष डॉ. यत्नेश त्रिपाठी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अर्चना गुप्ता समिति सदस्य, प्रमोद मिश्रा उपाध्यक्ष एवं घनश्याम दास तमेर सचिव/व्यवस्थापक बाल कल्याण समिति ने की। बाल मेला उत्सव कार्यक्रम में विद्यालय के भैया/बहनों द्वारा कई प्रकार के स्टाल लगाये गये।

## मैदानी स्कूल में मनाया गया बसंत पंचमी पर्व



रीवा। शासकीय हाई स्कूल मैदानी में शुक्रवार को विद्यालय में धूम धाम से बसंत पंचमी का पर्व मनाया गया, पूरे स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने हर्षोल्लास से भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य राघवेंद्र सिंह ने बच्चों को संबोधित करते बसंत पंचमी पर्व की धार्मिक आस्था एवं महत्व को समझाया। स्टाफ में सभी शिक्षक अनिल शुक्ला, सविता उपाध्याय, मनु सिंह, मनोरमा पांडेय, विभा तिवारी, वंदना द्विवेदी, रेणुका तिवारी, उमा मैडम, इंद्रलाल कोरी उपस्थित रहे।

## बंगाली समाज ने माँ सरस्वती पूजन कर मनाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती



रीवा। शहर के रीवा बंगाली क्लब रॉयल पैलेस में बंगाली समुदाय द्वारा बसंत पंचमी के अवसर पर माँ सरस्वती पूजन के साथ स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129 वीं जयंती शुक्रवार को उत्साह के साथ मनाई गई। नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्जित कर उनके जीवन के बारे में बताया गया। इस मौके पर नेताजी को याद किया गया एवं उनके बलिदान, देशभक्ति और स्वतंत्रता संग्राम में भूमिका पर व्याख्यान दिए गए। बसंत पंचमी के अवसर पर समिति के सभी सदस्यों ने माँ सरस्वती का विधि-विधान से पूजन किया। सभी के सह्योग से पूजा व भंडारे का भी आयोजन कराया गया। बसंत पंचमी के दिन समिति के कई सदस्य पीले रंग के परिधानों में नजर आए। पूजन उपरांत विशेष संस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

## गीतांजलि पब्लिक स्कूल में मनाया गया बसंतोत्सव




रीवा। गीतांजलि पब्लिक स्कूल में बसंत उत्सव व विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन भव्य रूप में किया गया। कार्यग्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सैनिक स्कूल प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल एवं मैडम रावल विशिष्ट अतिथि विद्यालय संस्थापक शिवप्रसाद प्रधान, अरुणा प्रधान ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक झलकियाँ प्रस्तुत की। प्राचार्य कर्नल अविनाश रावल ने अपने उद्बोधन में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे लिए सर्वप्रथम राष्ट्रसेवा महत्वपूर्ण है। मंच संचालन नव्या सिंह एवं श्रेया सिंह ने किया।


**बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda**

छतरपुर मुख्य शाखा, छतरपुर
फोन: 9752410624

**अनुलग्नक -1 रिडमशन नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम, 2002) के प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) एवं 8(6) के अंतर्गत सूचना

संदर्भ:- 1. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत जारी दिनांक 29.08.2025 का मांग नोटिस
2. सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत जारी दिनांक 19.12.2025 का कब्जा नोटिस

प्रिय महोदय/महोदया,

चूंकि **बैंक ऑफ बड़ौदा, छतरपुर शाखा, छतरपुर** के प्राधिकृत अधिकारी, जो एक सुरक्षित सिक्यूटर्ड क्रेडिटर है ने सरफेसी अधिनियम 2002 (जिसे आगे 'अधिनियम' कहा जाएगा) की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (जिसे आगे 'नियम' कहा जाएगा) के नियम 3 के साथ पठित, नीचे उल्लिखित तिथियों पर मांग सूचना जारी की है, जिसमें नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं/ बंधककर्ता/जमानतदार से उक्त मांग सूचना में उल्लिखित राशि को उक्त सूचना प्राप्त होने के 60 दिनों के भीतर चुकाने का अनुरोध किया गया है।

और चूंकि आप राशि चुकाने में विफल रहे हैं, इसलिए अधोहस्ताक्षरी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के साथ नियम 4 और/या नियम 8 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, नीचे अनुसूची में विशेष रूप से वर्णित सुरक्षित संपत्तियों (जिन्हें आगे उक्त संपत्तियों के रूप में संदर्भित किया गया है) का कब्जा ले लिया है। सुरक्षित संपत्ति का कब्जा लेने के बाद भी, आपने उपरोक्त कब्जा नोटिस में उल्लिखित बैंक को देय राशि का भुगतान नहीं किया है। सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में आपका ध्यान सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

इसलिए आप सभी से अनुरोध है कि इस नोटिस की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर लागू ब्याज, लागत, शुल्क और खर्चों के साथ कब्जा नोटिस में उल्लिखित बकाया राशि का भुगतान करें और नीचे उल्लिखित अनुसार सुरक्षित संपत्ति को छुड़ा लें। यदि आप इस सूचना की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर उपर्युक्त बकाया राशि का भुगतान करने और सुरक्षित संपत्ति को भुनाने में विफल रहते हैं, तो बैंक ई-नीलामी बिक्री सूचना प्रकाशित करके सार्वजनिक ई-नीलामी के माध्यम से सुरक्षित संपत्ति को बेचने के लिए बाध्य होगा। ई-नीलामी की तिथि, समय और संपत्ति का आरक्षित मूल्य आपको अलग से सूचित किया जाएगा।

| ऋणी /जमानतदार एवं खाते का नाम | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना दिनांक / कब्जा दिनांक |
|---|---|---|
| ऋणी- **आशुतोष सोनकिया** 206, गोल्डन हाइट्स अलकापुरी ग्वालियर म.प्र.-474001 | बंधक संपत्ति का विस्तार स्थित मकान/भूमि/फ्लैट/पंजीकृत सेल डीड नं. 387 दिनांक 24.02.1998, पुस्तक संख्या ए-1, वाल्यूम नं. 184, पृष्ठ संख्या 28 से 31, मकान नं. 1399, सर्वे नं. 297/2, क्षेत्रफल 0.018 ½ हेक्टेयर या 2000 वर्गफुट, ग्राम अजयगढ़, पटवारी हल्का संख्या -14, आर.आई. सर्कल नं. अजयगढ़, वार्ड संख्या 11, तहसील- अजयगढ़, पन्ना, म.प्र. चर्तुसीमाएँ: उत्तरः गली पश्चात अजय कुशवाहा का मकान, दक्षिणः श्री भूरे साहू का मकान, पूर्वः रोड , पश्चिमः श्री दशरथ यादव का मकान | 29.08.2025 / 19.12.2025 / कब्जे का प्रकार सांकेतिक / कब्जा नोटिस प्रकाशन दिनांक 24.12.2025 |

नोटिस दिनांक :16.01.2026, स्थान: छतरपुर
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा



**प्रख्यात हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह के द्वारा प्रतिदिन नियमित OPD रीवा में**



रीवा: अहमदाबाद के प्रख्यात हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ शांतनु सिंह, MBBS, MS (ऑर्थोपेडिक्स) FIJR, OIJR (अहमदाबाद) फेलोशिप इन ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट। कॉम्प्लेक्स ट्रॉमा। ऑर्थोस्कोपिक सर्जन, पूर्व सर्जन गवर्मेन्ट मेडिकल कॉलेज सागर, हड्डी एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ के द्वार कामता मेडिकल (कामता मल्टीस्पेशलिटी डे- केयर क्लीनिक/डायग्नोस्टिक× विजन हार्ट सेंटर), A ब्लॉक समदड़िया कॉम्प्लेक्स न्यू बस स्टैंड रीवा में, प्रतिदिन नियमित सुबह 10 से दोपहर 02 बजे तक एवं शाम 04 से 06 बजे तक हड्डी व जोड़ रोग से सम्बंधित समस्त फ्रैक्चर एवं ट्रॉमा उपचार, घुटना एवं कुल्हा प्रत्यारोपण TKR, THR, ऑर्थोस्कोपी (दूरबीन द्वारा लिगामेंट की सर्जरी), डिजिटल एक्स-रे, प्लास्टर POP एवं स्पिलटिंग, घुटनो में दर्द/ सूजन, कंधे का जकड़ना/ दर्द होना, कमर व कूल्हें के जोड़ों का दर्द, साईटिका/ गठियावात, कंधे के मांस का कटना, घुटने का न मुड़ना, चलने में लड़खड़ाना, जमीन पर न बैठ पाना, गाउट एवं रूमेटाइड ऑर्थराइटिस का उपचार, जोड़ो में इंजेक्शन द्वारा उपचार (इंटर-आर्टिकुलर इंजेक्शन), CTEV (क्लबफुट) जन्मजात टेढ़े मेढ़े पाँव का उपचार, रीड़ की हड्डी से सम्बंधित समस्याएं, सामान्य एवं जटिल फैक्चर, आधुनिक तकनीक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण, बच्चों के हाथ व पैरों की विकृतिया, पुराने फैक्चरों का न जुड़ना, हड्डी में पस पड़ना आदि बीमारियों का परामर्श/ऑपरेशन द्वारा इलाज किया जाता है, डॉ शांतनु को दुरबीन विधि से सम्बंधित सभी प्रकार के आपरेशन में महारथ हासिल है, अधिक जानकारी हेतु कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.



**PGI लखनऊ के प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट डॉ अजय शुक्ला 25 जनवरी रविवार को रीवा में**



रीवा-रीवा में उपलब्ध प्रख्यात एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, SGPGI लखनऊ से डायबिटीज, थायराइड एवं हार्मोन्स रोग सुपर स्पेशलिस्ट, विंध्य प्रदेश (रीवा) में सेवायें देन वाले एकमात्र एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, हार्मोन इंडिया संस्थापक डॉ अजय शुक्ला MBBS, MD (मेडीसिन), DM (एंडोक्रिनोलॉजी×मेटाबॉलिज्म) SGPGI लखनऊ, MRCP SCE (UK) इंडोक्रिनोलॉजी, SCOPE सर्टिफिकेट ओबेसिटी एक्सपर्ट, वर्तमान कंसल्टेंट एवं विभागाध्यक्ष मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल लखनऊ दिनाँक 25 जनवरी 2026 रविवार (प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक) को सुबह 10 बजे से शाम 03 बजे तक रीवा न्यू बस स्टैंड स्थिति कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक×डायग्नोस्टिक (कामता मेडिकल), A-ब्लॉक, समदड़िया कॉम्प्लेक्स में, डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड एवं हॉर्मोन्स से संबंधित बीमारियां जैसे लंबे समय से डायबिटीज व थायराइड से ग्रसित होना बहुत बार इलाज लेने के बाद भी आराम न लगना डायबिटीज के कारण अन्य परेशानी होना, बच्चों में डायबिटीज (मधुमेह), थायराइड या हार्मोन्स की कमी या अधिकता, थायराइड की गांठ या अति दुबलापन, अत्यधिक मोटापा के कारण का पता लगाना व रोकथाम, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स आदि का बढ़ना, किडनी में बार बार पथरी का बनना, (मेटाबोलिक स्प्रोन स्टडी), प्यास का ज्यादा लगना, बार-बार पेशाब का लगना, मासिक धर्म का अनियमित होना या न होना, बांझपन (निःसन्तानता), पोलोस्टिक ओवरी, स्त्रियों में अतिरोमिता, गैलोक्टरिया छाती से असमय स्राव, योवन संबंधी विकार समय से पहले या देर से आना, जनन अंगों के विकास सम्बन्धित रोग व हार्मोन्स की गड़बड़ी, पुरुषों में स्तन का बढ़ना, पुरुषों में टेस्टोस्टेरॉन की कमी, नपुंसकता निःसन्तानता, असमय बुढ़ापा आदि रोगों का परामर्श देकर इलाज किया जाएगा, डॉ शुक्ला विगत 5 वर्षों से प्रत्येक माह में पूर्व निर्धारित दिनाँक को नियमित रीवा में अपनी सेवायें दे रहे हैं और हजारों रोगियों का सफल इलाज कर चुके है, और विंध्य क्षेत्र के लोगों को इलाज के लिए बाहर बड़े शहरों को नही जाना पड़ा है, अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नं- 9399312433 कामता मेडिकल रीवा में संपर्क करें। -Advt.

## संक्षिप्त खबरें

### संभागायुक्त ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई शपथ

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** शुक्रवार को 16वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर संभागायुक्त कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई गई। संभागायुक्त संजीव सिंह ने सभी को शपथ दिलाते हुए लोकतांत्रिक परम्पराओं, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को बनाए रखने, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपायुक्त राजस्व भोपाल संभाग किरण गुप्ता सहित सभी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### भोपाल से हजरत निजामुद्दीन के बीच दो-दो ट्रिप स्पेशल ट्रेन

**नगर संवाददाता, भोपाल।** रेल प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए भोपाल-हजरत निजामुद्दीन-भोपाल के मध्य 02-02 ट्रिप स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 02155 भोपाल से हजरत निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन 24 एवं 26 जनवरी को भोपाल स्टेशन से रात 8 बजे प्रस्थान कर बीना 9:55 बजे एवं दूसरे दिन वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी मध्य रात्रि 12:5 बजे, आगरा कैंट 3:20 बजे, मथुरा 4:20 बजे आगमन कर सुबह 7:20 बजे हजरत निजामुद्दीन स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 02156 हजरत निजामुद्दीन से भोपाल स्पेशल ट्रेन 25 एवं 27 जनवरी को हजरत निजामुद्दीन से दोपहर 12 बजे प्रस्थान कर मथुरा 2:15 बजे, आगरा कैंट 3:05 बजे, वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई झांसी 7:30 बजे, बीना 9:30 बजे आगमन कर दूसरे दिन मध्य रात्रि 12:25 बजे भोपाल स्टेशन पहुंचेगी।

### मां नर्मदा की पूजा में शामिल हुए सीएम-नड्डा

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव तथा केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को बसंत पंचमी पर जबलपुर के ग्वारीघाट में माँ नर्मदा की महाआरती में शामिल होकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने नर्मदा महा आरती के पहले स्वस्ति-वाचन और श्लोकों के मध्य माँ नर्मदा की पूजा कर माँ नर्मदा का दुग्धाभिषेक कर दीपदान भी किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नर्मदा महा आरती के साथ प्रदेश में नर्मदा जयंती पर होने वाले आयोजनों की शुरुआत भी की। महाआरती के समापन पर 15 वर्षीय तेजस्विनी दुबे ने माँ नर्मदा को साफ एवं स्वच्छ रखने का सभी को संकल्प दिलाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री श्री जगत प्रकाश नड्डा ने झंडा चौक से ग्वारीघाट तक रोड-शो कर नागरिकों का अभिवादन किया।

### विदेश सेवा के अफसरों को दिए सफलता के टिप्स

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** राजधानी के प्रशासन अकादमी में प्रशिक्षणर ले रहे भारतीय विदेश सेवा (आईएफएक) के 5 अफसरों ने शुक्रवार को पीएचक्यू पहुंचकर डीजीपी कैलाश मकवाणा से मुलाकात की। भेंट का मकसद प्रशासनिक अनुभवों का आदान-प्रदान, सुरक्षा और सेवाओं के बीच समन्वय मजबूत करना था। डीजीपी ने अधिकारियों को प्रदेश पुलिस की संरचना, व तकनीक आधारित पुलिसिंग के नवाचारों की जानकारी देते हुए अपने कार्यकालों के अनुभवों के जरिए लोकसेवा का अर्थ समझाया। डीजीपी ने इस दौरान प्रशिक्षु आईएफएश अफसरों को सफलता का मंत्र देते हुए कहा कि निस्वार्थ भाव से की गई सेवा ही सच्चे अर्थों में लोकसेवा है। उन्होंने दुर्ग और मुरैना के अपने अनुभवों को साझा करते हुए बताया सर्विस के दौरान अधीनस्थ स्टाफ के प्रति संवेदनशीलता और अनुशासन से ही लीडरशिप प्रभावी हो सकती है।

# एसआईआर: 30 लाख नाम हटने की संभावना से भाजपा-कांग्रेस बेचैन

## भाजपा ने मंत्रियों को गृह जिलों पर फोकस करने को कहा, कांग्रेसी बीएलओ की शिकायत लेकर आयोग के लगा रहे चक्कर

**जागरण, भोपाल।** मप्र में प्रमुख राजनैतिक दल भाजपा और कांग्रेस भले ही अपनी मजबूत स्थिति होने का दावा करें, लेकिन हकीकत यह है कि एसआईआर में तक रीबन 30 लाख वोट कटने की संभावनाओं ने इन दोनों दलों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। आलम यह है कि सरकार चला रही भाजपा ने अपने मंत्रियों को अपने गृह जिलों पर फोकस करने को कहा गया है तो कांग्रेस बीएलओ की शिकायतें लेकर आयोग के चक्कर लगा रही है। पिछले एक सप्ताह से भाजपा और कांग्रेस के रणनीतिकारों की नींद उड़ी हुई है, क्योंकि एसआईआर में लगभग 30 लाख मतदाताओं के नाम कटने की बात सामने आई है। सुनवाई के दौरान काफी नाम जोड़े गए हैं। ये सुनवाई 14 फरवरी तक चलेगी। भाजपा और कांग्रेस की कोशिशें हैं कि बाकी दिनों



में उनके समर्थक मतदाताओं के नाम नहीं कटे। इसके लिए जहां भाजपा ने अपने मंत्रियों और विधायकों को मैदान पर उतार दिया है,तो वहीं कांग्रेस ने भी अपने बीएलओ-2 के जरिए नाम जोड़ने और काटे जाने पर पैनी नजर रखनी शुरु कर दी है।

### आधा जिलों में कार्यकारणी नहीं

भाजपा में भी अंदरुनी तौर पर नेताओं के बीच आपसी खींचतान मची हुई है। जिसका परिणाम यह रहा कि जिलों की कार्यकारणी बनाने में वरिष्ठ नेताओं को पसीना आ गया। अभी भी भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी सहित आधा दर्जन से ज्यादा जिलों में नेताओं के वर्चस्व की लड़ाई की वजह से जिलों की कार्यकारणी गठित नहीं हो सकी है जिससे वहां भी एसआईआर पर संगठन की नजर रखने का काम प्रभावित हो रहा है।

### कांग्रेस के दावे पर प्रभारी भी संतुष्ट नहीं

उल्लेखनीय है कि प्रदेश कांग्रेस ने पिछले दिनों दावा किया था कि राज्य भर में उनके लगभग 65 हजार बीएलओ है, जो पूरी एसआईआर प्रक्रिया पर नजर रखे हुए हैं, लेकिन उनके इस दावे पर राज्य के प्रभारी हरीश चौधरी ने स्वयं यह कहते हुए प्रश्न चिन्ह लगा दिया था कि यदि सभी बीएलओ को बुलाएंगे,तो क्या वे आ सकते है। जानकारों का कहना है कि कांग्रेस प्रभारी स्वयं संतुष्ट नहीं है कि उनके कार्यकर्ता एसआईआर में काटे जा रहे नामों को रोक पाएंगे।

### जी राम जी भी बड़ा टास्क

इधर दोनों दलों के लिए एसआईआर के बाद जी राम जी योजना भी बड़ा टास्क बन गया है। इसे लेकर जिस तरह से कांग्रेस भाजपा पर महात्मा गांधी का नाम हटाए जाने पर सवाल खड़ा कर रही है,तो वहीं भाजपा कांग्रेस को राम विरोधी बताने का बताने का प्रयास कर रही है। कहा जा रहा है कि भाजपा ने अपने मंत्रियों से कहा है कि वे गणतंत्र दिवस पर जी राम जी को लेकर जनता तक संदेश पहुचाए कि कांग्रेस इस मामले पर भ्रामक प्रचार कर रही है। इधर कांग्रेस मनरेगा बचाओ अभियान के जरिए लोगों को यह बताने की कोशिश कर रही है कि भाजपा ने मनरेगा के हितग्राहियों से जीविका छीनने की कोशिश की है। वह गरीबों की हितेषी नहीं है।

### मंत्रियों को भेजा गृह जिलों में

भाजपा से जुड़े सूत्रों की मानें तो पार्टी की एक रणनीति के तहत कुछ मंत्रियों के गणतंत्र दिवस के ध्वाजारोहण समारोह के लिए जिले बदले गए है। इनमें जहां कुंवर विजय शाह को उनके गृह जिले खंडवा,उदय प्रताप सिंह को नरसिंहपुर,एंदल सिंह कंसना को उनकी ही जिले मुरैना,चेतन्य काश्यप को रतलाम धर्मेन्द्र भाव सिंह लोधी को दमोह ,राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी को सतना और राधा सिंह को अपने ही गृह जिले सिंगरौली में ध्वाजारोहण के लिए बतौर मुख्य अतिथि नामांकित किया गया है। जानकारों का कहना है कि इस रणनीति के पीछे भी एसआईआर प्रक्रिया है। जहां अपने गृह जिले में ध्वाजारोहण करने के उपरांत मंत्री कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर एसआईआर को लेकर मंथन करेंगे,जिससे समर्थकों के नाम ज्यादा से ज्यादा जोड़े जा सके।

# गणतंत्र दिवस पर मप्र के इतिहास की सबसे लंबी परेड

## 23 प्लाटून में शामिल 1300 जवान, स्कूली बच्चे और महिला दल मिलकर करेगा मार्चपास्ट

**जागरण, भोपाल।** अगामी 26 जनवरी को प्रदेश में मुख्य गणतंत्र दिवस समारोह भोपाल के लाल परेड मैदान पर होगा। इस दौरान एमपी के गणतंत्र दिवस के इतिहास की सबसे लंबी परेड निकलेगी। सातवीं बटालियन के कमांडेंट हितेष चौधरी के अनुसार इस साल परेड में कुल 23 प्लाटून शामिल होंगी, जिसमें 1300 जवान और डॉग स्क्वॉड शामिल होगा। इसके बाद स्कूली और आदिवासी कलाकारों के द्वारा सासंकृतिक कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। सबसे अंत में प्रदेश के सरकारी विभागों की झांकियां निकाली जाएंगी। गणतंत्र दिवस का यह समारोह सुबह 9 बजे शुरू होकर दोपहर 11.30 तक चलेगा। परेड को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है और शनिवार को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी, जिसमें डीजीपी कैलाश मकवाणा भी शामिल होंगे।



### तिरंगे डोम में बैठेंगे आगंतुक, तैयारी पूरी

आयोजन में शामिल होने लगभग दस हजार लोगों के लाल परेड मैदान पर पहुंचने की संभावना है। इनके बैठने के लिए परेड सर्किल के बाहरी हिस्से में तिरंगे डोम बनाए गए हैं। केसरिया, सफेद और हरे रंग के पर्दों से सजे इस तिरंगे डोम के भीतर ही कुर्सियां लगाई जाएंगीं। इसके अलावा मुख्य आयोजन में शामिल होने वालों के लिए पार्किंग स्थल और प्रवेश द्वार तय कर लिए गए हैं। वीआईपी और वीवीआईपी का आगमन पुलिस कंट्रोल रूम के सामने वाले गेट से होगा जबकि शेष आगंतुक पीएचक्यू के सामने स्थित दोनों प्रवेश द्वारों से दाखिल हो सकेंगे। इस आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था के लिए पांच सौ से अधिक पुलिस फोर्स के साथ डॉग और बम स्क्वॉड को भी तैनात किया जाएगा जो हर गतिविधि पर नजर रखेंगे।

### आईपीएस अफसर परेड कमांडर, सेकंड कमांड महिला अधिकारी को

लाल परेड मैदान पर होने वाली मुख्य परेड के कमांडर आईपीएस अधिकारी आयुष जाखड़ होंगे। वे फिलहाल ग्वालियर में बैतर एसडीओपी पदस्थ हैं। इस परेड की सेकंड कमांडर रतलाम की डीएसपी नीलम होंगी, जो राज्य पुलिस सेवा की अफसर हैं। इस परेड में लगभग एक दशक के लंबे अंतराल के बाद एनएसएस का दल भी शामिल होगा। इसके अलावा परेड में एमपी पुलिस, एसएएफ, पुलिस बैंड, एनसीसी की गर्ल्स और बॉयज विंग, स्काउट और गाइड की टीम के अलावा महिला शौर्य दल भी शामिल होगा। परेड के दौरान पुलिस बैंड का दल देश भक्ति की धुनें बजाते हुए मंच के सामने से गुजरेगा। इस समारोह के मुख्य अतिथि राच्यपाल मंगूभाई पटेल होंगे और प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन एवं डीजीपी कैलाश मकवाणा समेत सभी आला प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी भी इस समारोह में शामिल होंगे।

### पहली बार केंद्रीय सशस्त्र बलों की तीन टुकड़ियां शामिल

प्रदेश में गणतंत्र दिवस पर होने वाली परेड के दौरान पिछले सालों मे केवल दो ही केंद्रीय बलों की टुकड़ियां शामिल होती थीं। इस बार ये आंकड़ा बढ़ गया है। इस बार राच्य स्तरीय परेड में शामिल होने के लिए इंडो तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने अपनी प्लाटून भेजी हैं। इसके अलावा इस बार गृह विभाग की झांकी सबसे आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस झांकी में हाल ही में शुरू की गई डायल 112 सेवा और शहीद स्मारक को दिखाया जाएगा। इसके अलावा अन्य विभागों की झांकियों में भी प्रदेश की कला आर संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

पानी सप्लाई पर संभागायुक्त ने अफसरों को चेताया

# गंदे पानी की सप्लाई हुई तो सबकी जिम्मेदारी तय होगी



**जागरण, भोपाल।** इंदौर में गंदे पानी सप्लाई के बाद लगातार जारी मौतों के बीच शुक्रवार को टीएल बैठक के दौरान संभाग आयुक्त संजीव सिंह ने भोपाल संभाग के सभी अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि संभाग के हर जिले के हर मोहल्ले व क्षेत्र में पेयजल सप्लाई पर बारीक नजर बनाए रखें। यदि किसी भी जगह गंदे पानी की सप्लाई हुई तो जिम्मेदारी सबकी बनेगी और फिर कार्रवाई भी होगी। इससे अच्छा यही है कि पहले ही पानी सप्लाई पर नजर रखी जाए। सभी जिम्मेदार अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों में जाकर देखें कि कहां पानी की सप्लाई कैसी है? किसी भी तरह की खामी मिलने पर सप्लाई में तुरंत बदलाव किए जाएं। किसी भी मोहल्ले या घर से गंदे पानी की सप्लाई की शिकायत आती है, तो तुरंत कार्यवाही करते हुए समस्या का निराकरण करें। ताकि लोगों को साफ पानी की आपूर्ति हो सके।

### सभी को मिले हर योजना का लाभ

संभाग आयुक्त सिंह ने अमले को संकल्प से समाधान योजना तक हर शासकीय योजना का लाभ शहर के साथ ही गांव के लोगों तक भी पहुंचाने को कहा। कहा कि वार्ड व ग्राम पंचायत स्तर पर अमला लोगों के घरों तक पहुंचे और उन्हें योजना के संबंध में जानकारी दे। इस दौरान ग्राम पंचायत व ब्लॉक स्तर पर आने वाले आवेदनों की मॉनीटरिंग कराई जाए। अभियान के तहत चिन्हित 106 सेवाओं एवं योजनाओं के माध्यम से तय समय पर लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाए। पंचायत एवं वार्ड स्तर पर प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर ब्लॉक स्तर पर मॉनीटरिंग करें। नवाचार करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित भी किया जाए।

# आयुष्मान में नहीं थम रहा भ्रष्टाचार 2.15 करोड़ रुपए की हुई रिकवरी

## दक्ष सिस्टम से खुलासा, 100 से अधिक निजी अस्पतालों पर कार्रवाई

**जागरण, भोपाल।** आयुष्मान निरामयम योजना में भ्रष्टाचार रुकने का नाम नहीं ले रहा। बीते एक साल में मध्य प्रदेश में इस योजना में कई खुलासे हुए हैं। जिस पर कार्रवाई करते हुए मप्र




के स्वास्थ्य विभाग ने निजी अस्पतालों से 2.15 करोड़ रुपए की रिकवरी भी की है। जानकारी अनुसार अस्पतालों ने मरीजों को भर्ती दिखाकर करोड़ों रुपए के क्लेम फाइल किए। ऐसे लोगों के कार्ड एक्टिव रखे गए जो अस्पताल तक नहीं पहुंचे और कुछ अस्पताल बंद रहने के बावजूद इलाज का बिल बनाते रहे। इस फर्जीवाड़े को रोकने के लिए मप्र आयुष्मान कार्यालय ने एक रणनीति तैयार की है। जिसे दक्ष सिस्टम का नाम दिया गया है। दक्ष आयुष्मान फ्रेमवर्क के तहत अब तक मध्यप्रदेश में 104 अस्पतालों पर कार्रवाई की गई है। करीब 40 हजार से ज्यादा आयुष्मान कार्ड को रद्द किया गया। फर्जी बिल लेने वाले अस्पतालों से उलटा 2.15 करोड़ रुपए की वसूली तक की गई है।

### एआई की मदद से पकड़ रहे फार्जीवाड़ा

दक्ष सिस्टम को राज्य स्वास्थ्य एजेंसी ने जमीन पर लागू किया। इसके लिए डिजिटल ऑडिट, कार्ड वैरिफिकेशन, प्री-ऑथराइजेशन चेक और एआई आधारित डेटा एनालिसिस को एक साथ जोड़ा था। अब तक 7,883 क्लेम फर्जी या संदिग्ध पाए गए, जिन्हें रिजेक्ट किया है। इन क्लेम की कुल राशि 24.84 करोड़ रुपए थी। इसी तरह फर्जी आयुष्मान कार्ड जिनकी संख्या लगभग 40 हजार से अधिक है, को ऑडिट में डिसेबल कर दिए गए। अस्पतालों में खामियां मिलने पर 47 अस्पतालों को शोकॉज नोटिस, 3 अस्पताल डि-एम्पेनल और 54 स्पेशियलिटी सस्पेंड कर दिए गए।

### एमपी देश में नंबर वन

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश को एंटी फ्रॉड एक्शन कैटेगरी में देश के सर्वश्रेष्ठ राज्य का दर्जा मिला हुआ है। इस सम्मान का आधार बना दक्ष आयुष्मान सिस्टम है। जिसके जरिए आयुष्मान योजना में फ्रॉड, दुरुपयोग और गलत बिलिंग पर जीरो टॉलरेंस की नीति लागू की गई है। यह फ्रेमवर्क रोकथाम, पहचान और कड़ी कार्रवाई पर बनाया है।

### अस्पतालों में मिलीं यह कमियां

■ वैधानिक दस्तावेजों की कमी ■ इंफ्रास्ट्रक्चर की दिक्कतें ■ ऑपरेशनल खामियां ■ क्लिनिकल अप्रॉप्रियेटनेस ■ कुछ अस्पताल पूरी तरह बंद थे, लेकिन पोर्टल पर एक्टिव रहते हुए क्लेम कर रहे थे। ■ कई जगह डॉक्टर कागजों पर थे।

# 18 साल बाद होगी होमगार्ड की भर्ती 5020 पद भरने भेजा गया प्रस्ताव

**जागरण, भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार करीब 18 साल के बाद होमगार्ड की भर्ती करने की तैयारी कर रही है। इसके लिए होमगार्ड मुख्यालय ने गृह विभाग को कुल 5020 पदों पर




भर्ती का प्रस्ताव भेजा है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने हाल ही में घोषणा की थी कि 2028 में उज्जैन में होने वाले सिंहस्थ मेले के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए 5,000 नए होमगार्ड्स की भर्ती की जाएगी। इससे पहले होमगार्ड की भर्ती साल 2008 में हुई थी। तब से अब तक कई बार मांग उठने के बावजूद भर्ती प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई थी।

इस बार होमगार्ड की भर्ती प्रक्रिया में भी बड़ा बदलाव देखने को मिलेंगे। पहले भर्ती केवल शारीरिक दक्षता और मंडल मुख्यालय स्तर पर होती थी, लेकिन अब कर्मचारी चयन बोर्ड (ईएसबी) के जरिए पहले लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को अगले चरण यानी फिजिकल टेस्ट के लिए बुलाया जाएगा।

### भर्ती के बाद भी खाली रहेंगे तीन हजार पद

5020 पदों पर भर्ती हो रही है, लेकिन होमगार्ड्स की कमी पूरी तरह खत्म नहीं होगी। फिलहाल प्रदेश में होमगार्ड आरक्षकों के लिए कुल स्वीकृत पद 16500 हैं। इनमें से केवल 8500 आरक्षक पद ही भरे हुए हैं। ऐसे में नई भर्ती के बाद 5 हजार पदों पर आरक्षक मिलने के बाद भी होमगार्ड आरक्षकों के लगभग 3 हजार पद खाली रह जाएंगे। गौरतलब है कि होमगार्ड के जवानों को कानून व्यवस्था की स्थिति संभालने के साथ ही थानों में भी पुलिस के सहयोग के लिए तैनात किया जाता है।

# दूषित पानी से दो और मौत, मुआवजा न मिलने से रोका अंतिम संस्कार

## अब तक 27 ने तोड़ा दम, घर में इलाज करा रही वृद्धा की मौत

**जागरण, इंदौर।** दूषित पानी से मौतों का सिलसिला थम नहीं पा रहा है। शुक्रवार को भागीरथपुरा के दो और रहवासियों ने दम तोड़ दिया। सप्ताह भर से अस्पताल में भर्ती 63 साल के बद्री प्रसाद के निधन के बाद मुआवजा न मिलने पर परिवार ने अंतिम संस्कार से भी मना कर दिया। मुआवजा न मिलने पर शनिवार को परिवारजन शव रखकर प्रदर्शन करेंगे। वहीं घर में ही उल्टी-दस्त का इलाज करा रही एक वृद्धा की भी आज मौत हो गई। इंदौर में इन दो मौतों के साथ भागीरथपुरा में दूषित पानी से अब तक 27 मौतें हो चुकी हैं। अरविंदो अस्पताल में अब 10 लोग भर्ती हैं। इनमें से एक मरीज वेंटिलेटर पर है। यहां रहने वाले बद्रीप्रसाद उल्टी-दस्त की शिकायत के बाद 17 जनवरी को अरविंदो अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें टीबी की बीमारी भी थी। बद्रीप्रसाद के बेटे शैलेंद्र का कहना है कि उन्हें 4 जनवरी को उल्टी-दस्त के कारण एमवाय अस्पताल में एडमिट किया था। वहां चार दिन रहने के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया था। 17 जनवरी को हालत खराब होने पर अरबिंदो अस्पताल ले गए। शुक्रवार दोपहर को मौत हो गई। मगर अभी तक प्रशासन से मदद नहीं मिली है इसलिए अंतिम संस्कार भी नहीं किया है। शनिवार को भागीरथपुरा चौकी के सामने शव रखकर विरोध जताएंगे। वहीं भागीरथपुरा में ही रहने वाली विद्या बाई (82) ने भी शनिवार को दम तोड़ दिया। वृद्धा के बेटे का कहना है कि उन्हें 10 जनवरी से उल्टी-दस्त की शिकायत थी। घर पर इलाज चल रहा था। मंगलवार को कमजोरी बढ़ने से वे बाथरूम जाने के दौरान गिर गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। उनकी कूल्हे की हड्डी टूट गई थी। ज्यादा उम्र और कमजोरी के कारण सर्जरी नहीं हो सकी। ऐसे में हम उन्हें घर ले आए। गुरुवार रात को फिर तबीयत बिगड़ी तो उन्हें अरबिंदो अस्पताल ले गए। जहां 2 घंटे बाद उनकी मौत हो गई।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### पीएम ने कश्मीर से ...

कला, संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षण प्रदान किया है। डॉ. यादव ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस को नमन कर कहा कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज के माध्यम से भारत की आजादी में अहम भूमिका निभाई। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर उन्होंने जनसामान्य को राष्ट्रीय आंदोलन से जोड़ा।

**अनुसंधान केंद्र बनेगा उज्जैन का डोंगला:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में हो रहे नवाचार और अनुसंधानों से युवाओं को नए अवसर मिलेंगे। राज्य की स्पेस टेक नीति ने नवाचार, अनुसंधान और आधुनिक प्रौद्योगिकी के माध्यम से युवाओं के लिए नए रास्ते खोल दिए है। उन्होंने कहा कि उज्जैन (डोंगला) की खगोलीय विरासत को आधुनिक विज्ञान और एआई तकनीक से जोड़कर राज्य को अंतरिक्ष अनुसंधान के नए केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दावोस से लौटने के बाद ये बात कही।

### मासूम का रेप कर...

थाने में पांच साल की मासूम बच्ची के अपहरण का मामला दर्ज हुआ था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने उस समय भोपाल के सबसे बड़े सर्च अभियानों में से एक को चलाया। इसमें सैंकड़ों पुलिसकर्मियों को बच्ची की खोज में लगाया गया। इस दौरान पुलिस ने वाजपेई मल्टी में ही अतुल निहाले के घर से बच्ची का शव उसके घर से ही प्लास्टिक की टंकी से बरामद किया। इसके बाद पुलिस ने फरार आरोपी अतुल निहाले और उसके परिजनों को गिरफ्तार किया। जांच टीम ने इस दौरान सबूत एकत्र कर महज 78 दिनों में आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र भोपाल की स्पेशल पॉक्सो कोर्ट में पेश किया। अदालत ने भी महज 97 दिनों में ट्रायल पूरा कर आरोपी अतुल निहाले को मासूम के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या के तीनों अपराधों में तिहरा मृत्युदंड सुनाया था। इसके साथ ही सह आरोपी बनाई गई अतुल की मां बसंती निहाले और बहन चंचल को भी सबूत छिपाने और नष्ट करने के आरोप में दो-दो साल कैद की सजा और जुर्माने से दंडित किया । कोर्ट ने मासूम की मां को चार लाख रुपए प्रतिकर राशि देने का भी आदेश दिया था।

### शहडोल में नाइट ड्यूटी ...

कर रहा था और किसी बात को लेकर वे अत्यधिक आवेश में आ गए, इसी दौरान उन्होंने मोबाइल तोड़ दिया और फिर खुद को गोली मार ली। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही आत्महत्या के कारणों का पता लगाने के लिए विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। इस घटना ने पुलिस महकमे में कई सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर ड्यूटी के दौरान मानसिक दबाव और तनाव को लेकर। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही स्थिति पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगी। एसपी रामजी श्रीवास्तव ने कहा कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

# डेयरी के नाम पर 68 लाख का लोन हड़पा

## बैंक से धोखाधड़ी मामले में दो आरोपियों पर एफआईआर

**जागरण, भोपाल।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) की जबलपुर यूनिट ने ऐसे शातिर जालसाज गिरोह का भंडाफोड़ किया है, जिसने बैंक से डेयरी लगाने के नाम पर लाखों का लोन लेकर मशीनरी सप्लायर के साथ मिलकर पूरी राशि हड़प ली। मामला नरसिंहपुर जिले की पंजाब नेशनल बैंक की तेंदूखेड़ा ब्रांच का है। यहां शुद्धि मिल्क प्रोडक्ट के प्रोप्राइटर हेमराज किरार और कानपुर के मशीनरी सप्लायर सोनी सिंह के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने धोखाधड़ी और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार इस मामले में डेरी संचालक और मशीनरी सप्लायर ने मिलकर बैंक के साथ धोखाधड़ी की है क्योंकि सप्लायर ने बैंक द्वारा भेजी गई रकम के बाद मशीनरी न भेजकर इस रकम में से 7 लाख रुपए कमीशन लेकर शेष रकम डेरी संचालक को सौंप दी।

### कागजों पर मशीनें, खाते में वापस आया पैसा

जांच में खुलासा हुआ कि हेमराज ने नरसिंहपुर में मिल्क प्रोडक्ट यूनिट लगाने के लिए बैंक को करीब 97 लाख रुपए का कोटेशन लोन हेतु दिया था। बैंक ने हेमराज पर भरोसा कर इस लोन के लिए 68.60 लाख का ऋण मंजूर कर सप्लायर हेटल डेयरी मशीनरीज कानपुर के खाते में 68.60 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। लेकिन खेल यहीं से शुरू हुआ। सप्लायर सोनी सिंह ने मशीनों की डिलीवरी देने के बजाय इसमें से लगभग 61.50 लाख रुपए वापस हेमराज के एक्सिस बैंक खाते में भेज दिए।

निर्देश — छत्तीसगढ़ से संचालित हो रहा प्रदेश का कामकाज

# प्रभारी के भरोसे होगी प्रदेश में जनगणना...!

**जागरण, भोपाल।** जनगणना की अधिसूचना जारी किए जाने के बाद भी मध्यप्रदेश में इस महाअभियान की तैयारियों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। आलम यह है कि पिछले चार महीनों से प्रदेश में जनगणना निदेशक का पद खाली पड़ा है। वर्तमान में मध्यप्रदेश का अतिरिक्त कार्यभार छत्तीसगढ़ के जनगणना निदेशक के पास है। प्रदेश की जनगणना निदेशक भावना वालिंबे सितंबर 2025 में रिटायर हो गई थीं। उनके बाद से ही यह पद रिक्त है। केंद्रीय जनगणना निदेशालय ने पड़ोसा राच्य के जनगणना निदेशक कार्तिकेय गोयल को एमपी का भी अतिरिक्त प्रभार सौंपा था। सूत्रों की मानें तो कार्यभार मिलने के बाद से कार्तिकेय गोयल पिछले चार महीनों में केवल एक-दो बार ही मध्यप्रदेश आए हैं। वे रायपुर में बैठकर ही वर्चुअली मध्यप्रदेश की गतिविधियों का सुपरविजन कर रहे हैं।



### इसलिए अहम है जनगणना निदेशक का पद

जनगणना निदेशक का पद राज्य के नजरिए से भी बेहद अहम होता है। जनगणना निदेशक ही केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय (महानिदेशक जनगणना) और राच्य सरकार के बीच सेतु की तरह काम करता है। इसके साथ ही निदेशक ही प्रदेश के हजारों सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों की टीम के प्रशिक्षण से लेकर जमीनी स्तर पर डेटा एकत्र करवाने के लिए भी जिम्मेदार होता है। सामान्य तौर पर इस पद पर उसी राच्य कैडर के अपर सचिव या सचिव स्तर के आईएएस अधिकारी को प्रतिनियुक्ति पर तैनात किया जाता है, क्योंकि उसे राज्य की भौगोलिक और प्रशासनिक संरचना की बेहतर समझ होती है।

### केंद्र के फैसले का इंतजार

जनगणना के दौरान इस बार सैंपल सर्वे का दौर पूरा हो गया है और एक अप्रैल से मकानों की लिस्टिंग शुरू होनी है। इसके लिए केंद्र सरकार ने एक दिन पहले ही गजट नोटिफिकेशन जारी कर सवालों की सूची भी तय कर दी है। ऐसे में ये सवाल भी खड़े हो रहे हैं कि इस पद पर एमपी कैडर के किसी पूर्णकालिक अफसर की नियुक्ति न होने से इस विशाल अभियान का संचालन प्रभावित हो सकता है। फिलहाल जनगणना से जुड़े अधिकारी और कर्मचारियों की निगाहें दिल्ली पर टिकी हैं, क्योंकि वहीं से एमपी के नए जनगणना निदेशक का नाम तय होगा। इस बारे में भोपाल के जनगणना कार्यालय में तैनात अधिकारी भी कुछ भी बोलने को तैयार नहीं हैं।

# शिक्षण संस्थानों में मां सरस्वती का पूजा अर्चन कर मनाया वार्षिकोत्सव

## बसंत उत्सव की धूम से गूँज उठा शासकीय महाविद्यालय देवतालाब



**नईगढ़ी, नि.प्र.।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय देवतालाब में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती का पूजन एवं वसंत उत्सव श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक उल्लास के साथ मनाया गया। पूरे महाविद्यालय परिसर में भक्ति, संगीत और उमंग का वातावरण देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महानंद द्विवेदी के मार्गदर्शन में तथा भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रभारी विकास पाठक एवं विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ नवीन शर्मा के कुशल नेतृत्व में संपन्न हुआ। प्रातः विधि-विधान से मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की गई, जिसमें प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं ने सहभागिता कर ज्ञान, विवेक और उज्वल भविष्य की कामना की।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां :** आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाविद्यालय की पूर्व छात्रा अनुभवी सिंह की मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुति कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही। उनकी प्रस्तुति पर दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उत्साहवर्धन किया।

**प्राचार्य ने दिया प्रेरक संदेश :** इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. महानंद द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बसंत उत्सव और सरस्वती पूजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, सकारात्मक ऊर्जा और संस्कारों का संचार करता है। उन्होंने छात्रों से शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया।

**प्राध्यापक एवं कर्मचारियों की रही गरिमामयी उपस्थिति :** कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। प्रमुख रूप से प्रो.रजनीश त्रिपाठी,डॉ. के. पी मिश्रा, प्रो ज्ञानेंद्र सिंह करचुली, डॉ विजय मिश्रा, डॉ कमलेश मिश्रा, डॉ रोहित तिवारी, डॉ, लाल बहादुर तिवारी, डॉ अतुल द्विवेदी, डॉ दिवाकर शर्मा, डॉ. विपिन दुबे, डॉ स्नेहल सिंह, डॉ. रश्मि पाण्डेय, डॉ. प्रियंका द्विवेदी, डॉ, नीतू तिवारी, पंकज मैत्रेय, डॉ प्रतिभा सोनी,डॉ विपेंद्र द्विवेदी, प्रभा त्रिपाठी, रविकांत चौधरी, डॉ धर्मेंद्र पटेल, डॉ रोशन लाल सिंह, विपेन्द्र कुमार द्विवेदी, सुमन विश्वकर्मा, डॉ सूर्य प्रकाश, डॉ विजय शंकर, तसलीम बेगम एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

**छात्र-छात्राओं की रही सक्रिय भागीदारी :** बसंत उत्सव को सफल बनाने में छात्र-छात्राओं की भी अहम भूमिका रही। इसमें कृष्णदेव शुक्ला, हर्षित पाण्डेय, व्यंकटेश कुमार तिवारी, नीलाक्षी शुक्ला, शालिनी दुबे, धर्मेन्द्र कुशवाहा,संध्या मिश्रा एवं विवेक सोनी ने सक्रिय सहभागिता निभाई। अंत मे डॉ प्रमोद मिश्रा ने इस सफल और निर्विघ्न आयोजन के लिए सभी का हृदय से धन्यवाद और आभार प्रकट किया। पूरा कार्यक्रम भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ और स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान सम्पन्न हुआ।

## आनंद उत्सव छात्रों की प्रतिभा निखारने का सशक्त माध्यम

### शास. पीएमश्री हाई स्कूल सोहागी में आनंद उत्सव का हुआ आयोजन

**सोहागी, नि.प्र.।** म. प्र. शासन आनंद विभाग भोपाल के निर्देशानुसार 22 जनवरी को आनंद उत्सव का आयोजन शास. पीएमश्री हाई स्कूल सोहागी में किया गया, जिसमें विभिन्न खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच शेषमणि मिश्रा थे। मुख्य अतिथि शेषमणि मिश्रा, लालजी मिश्रा, मनपूरन शुक्ला, लवकुश कुशवाहा, करुणा शंकर चतुर्वेदी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की वन्दना की। संचालन अनुराग शर्मा ने किया। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी।

### प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने किया दमदार प्रदर्शन

दो सौ मीटर दौड़ प्रतियोगिता सरस्वती ज्ञान मंदिर सोहागी व शास.पूर्व माध्यमिक विद्यालय पंछा की बालक वर्ग मिनी टीम के बीच सम्पन्न हुई जिसमें अमित हरिजन ने प्रथम स्थान ,कप्तान आदिवासी ने द्वितीय,व अर्पित साहू ने तृतीय स्थान हासिल किया। जूनियर बालक वर्ग में शुभम कुशवाहा ने प्रथम व आदर्श मोदनवाल ने द्वितीय स्थान हासिल किया। बालिका वर्ग में चांदनी बसोर प्रथम, लक्ष्मी साकेत ने द्वितीय व मधुरिमा कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग में सरस्वती कुशवाहा ने प्रथम, मानवी गुप्ता ने द्वितीय व रितु कोल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वॉलीबाल प्रतियोगिता में बरौहा टोला सोहागी एवं सोहागी मार्केट की टीम के बीच खेला गया, जिसमें बरौहा टोले सोहागी टीम को चौदह व सोहागी मार्केट टीम ने बीस अंक अर्जित कर छः अंकों से विजयी रही। वहीं दूसरे मैच में भगली टीम व पंछा टीम के बीच खेला गया जिसमें भगली टीम ने बीस व पंछा टीम ने पद्रह अंक प्राप्त किया। भगली टीम ने पांच अंको विजयी रही।फाइनल मैच में सोहागी मार्केट के कैंप्टन शिवा जायसवाल की टीम ने 20 अंक अर्जित कर दस अंक से विजय हासिल की। भगली टीम के कैप्टन सुजल जायसवाल की टीम ने दस अंक प्राप्त किया। कबड्डी प्रतियोगिता में पंछा की टीम ने 25 अंक अर्जित कर विजयश्री हासिल की।




### मुख्य अतिथि ने किया पुरस्कार वितरण

मुख्य अतिथि ने बालक व बालिका वर्ग में विभिन्न खेलों के बीच हुई प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर विजेता व उपविजेता टीमों के प्रतिभागियों को शील्ड, मेडल, कॉपी, पेन व पेंसिल पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मध्यप्रदेश गान हेतु प्रथम पुरस्कार सरस्वती कुशवाहा व तृषा को व तेरे लिए काफी है बेटी हिंदुस्तान की गीत की प्रस्तुति हेतु स्वाती कुशवाहा व आकृति कुशवाहा को द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर रामदयाल कोल, अखिलेश्वर कुमार मिश्रा, हीरालाल प्रजापति, अनुराग कुमार शर्मा, प्रवीण दिवाकर शुक्ला, मैना देवी, बुद्धिमानी देवी चतुर्वेदी, रामायण प्रसाद मांझी, अनुपम दुवे, संजय सिंह, योगेन्द्र यादव, वीरेंद्र सिंह, विपिन कुमार सिंह सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ व छात्र - छात्राओं व अभिभावक गण मौजूद थे। आभार प्रदर्शन अमित सिंह के द्वारा किया गया ।

## अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का हुआ सम्मान

### जीवन सुधा पब्लिक स्कूल में आयोजित हुआ समारोह

**डभौरा नि.प्र.।** जीवन सुधा पब्लिक स्कूल नगर परिषद डभौरा में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर अमर शहीद के परिजनों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का सम्मान समारोह का भव्य आयोजन अमर शहीद रघुनाथ प्रसाद द्विवेदी के पिता सेवानिवृत्त कैप्टन पंडित राम सुमिरन द्विवेदी के मुख्य अतिथ्य में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अमर शहीद रणजीतराय दीक्षित डभौरा के वंशज अनिल दीक्षित, सेवानिवृत्त डीएसपी बीड़ी पाण्डेय, वरिष्ठ भाजपा नेता कृपा शंकर गौतम, सांसद प्रतिनिधित्व चन्द्रमणि मिश्रा, सेवानिवृत्त रेंजर पन्नालाल द्विवेदी,



सेवा निवृत्त प्राचार्य हिम्मतलाल द्विवेदी, रावेन्द्र सिंह, पार्षद शीला सिंह, आसमां कोल, श्याम सिंह ,अनिल गुप्ता रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती एवं अमर शहीद पंडित रणजीतराय दीक्षित के छाया चित्र पर माल्यार्पण द्वीप प्रज्वलन कर किया गया, तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों का स्वागत विद्यालय के संचालक पी.एन.द्विवेदी, प्रधानाध्यापक नागेश्वर प्रसाद तिवारी सहित विद्यालय के शिक्षकों द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति के गीत, नाटक, नृत्य, नशामुक्ति सहित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। अपने स्वागत भाषण में विद्यालय के संचालक पीएन द्विवेदी ने उपस्थित सभी मंचासीन अतिथियों, अभिभावकों, गणमान्य नागरिकों का स्वागत करते हुए अमर शहीद के परिजनों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को मां सरस्वती की फोटो शाल श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

**अंतिम सांस तक श्री दीक्षित ने लड़ी आजादी की लड़ाई :** अपने उद्बोधन में सांसद प्रतिनिधि चंद्रमणि मिश्रा ने पंडित रणजीतराय दीक्षित के जीवन के संघर्षो को याद करते हुए बताया कि उन्होंने अंतिम सांस तक अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए शहीद हो गए जिनके याद में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो एवं शहीद के परिजनों के सम्मानित किए जाने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह एक बहुत ही नेक परम्परा का शुभारंभ हुआ है जिसके लिए विद्यालय परिवार को बहुत बहुत धन्यवाद। आभार प्रदर्शन विद्यालय के प्रधानाध्यापक नागेश्वर प्रसाद तिवारी द्वारा किया गया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी मनीष मिश्रा, भूपेंद्र अग्निहोत्री, रामनरेश यादव, आषुतोष केसरवानी, अरूणेन्द्र शुक्ला, विनोद केशरी, पुष्पराज सिंह, सियादुलारी सहित काफी संख्या में अभिवावक गणमान्य जन सहित शिक्षक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बच्चों के सर्वांगीण विकास में मां की भूमिका एवं शिक्षक के दायित्व का बताया महत्व

**त्योंथर ब्यूरो।** सोहागी पब्लिक स्कूल में बड़े हर्षोल्लास के साथ बसंत पर्व पर 23 जनवरी को मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. रघुराज सिंह एवं विद्यालय की संरक्षिका शीला सिंह एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं अभिभावक व शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा से हुआ। इस अवसर पर नौनिहाल छात्रों ने स्कूल में नामांकन एवं परीक्षा व अक्षर के बारे में जानकारी ली, विद्यालय के चेयरमैन डॉ रघुराज सिंह ने छात्रों का तिलक चंदन लगाकर संस्कारित किया। छात्रों के संबोधन में अध्यक्ष डॉक्टर रघुराज सिंह ने शिक्षा के महत्व बच्चों के सर्वांगीण विकास में शिक्षक की भूमिका एवं महत्व के बारे में बताया।



संरक्षिका शीला सिंह ने छात्रों के संबोधन में मां की भूमिका शिक्षा की उपयोगिता एवं शिक्षक के दायित्व के बारे में बताएं। कार्यक्रम के अंत में मां सरस्वती की आरती वरिष्ठ शिक्षक राम कृष्ण तिवारी एवं अन्य शिक्षक व अभिभावकगण व बच्चों ने उत्साहपूर्वक संपन्न किया। विद्यालय के प्राचार्य जेपी सिंह ने सभी वरिष्ठ अतिथियों एवं मुख्य अतिथियों व अभिभावकों का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यालय में समय-समय पर होते रहेंगे इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विद्यास्थली हायर सेकेंडरी स्कूल में सरस्वती पूजन एवं बाल मेले का कार्यक्रम



**गोविन्दगढ़ ब्यूरो।** विद्यस्थली हायर सेकेंडरी स्कूल में आज बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती का पूजन का कार्यक्रम संपन्न हुआ और साथ ही इस पावन दिन पर बच्चों ने फूड फेस्टिवल मेले का आयोजन भी किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व डीएसपी भूपेंद्र सिंह यादव थे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल रहे। माता सरस्वती जी की पूजा अर्चना एवं आरती करने के बाद बाल मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथि की उपस्थिति में फीता काटकर किया । इस बाल मेले में बच्चों ने भारत के विभिन्न राज्यों के मुख्य व्यंजन स्वयं तैयार करके लाए और स्टॉल लगाकर लोगों को उसका स्वाद चखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मुख्य अतिथि की हैसियत से बोलते हुए पूर्व डीएसपी भूपेंद्र सिंह यादव ने कहा कि इस तरह के मेले के आयोजन से बच्चों को व्यापार की बारीकियां सीखने को मिलती हैं और भविष्य में बच्चे खुद के अनुभव से कुछ करने की कला सीखते हैं। अंत में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के डायरेक्टर आर के साहू ने सभी लोगों के प्रति अपनी कृतज्ञता जताई।

## कवि सम्मेलन का आयोजन कर मनाया वार्षिकोत्सव

**गुढ़ ( नि.प्र )।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रौरा में मां सरस्वती पूजन, वार्षिकोत्सव एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गुढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक नागेंद्र सिंह एवं त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य सुरेश पाण्डेय ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी जिला रीवा के मंत्री बाबूलाल यादव एवं ग्राम पंचायत रौरा की सरपंच विन्नू बारी, भाजपा मण्डल गुढ़ के अध्यक्ष एड अनंत कुमार गुप्ता उपस्थित रहें। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं नाट्य प्रस्तुतियों की



प्रस्तुति दी गई। कवि सम्मेलन के माध्यम से कवियों ने समसामयिक विषयों पर काव्य पाठ कर उपस्थित जनसमूह को भावविभोर किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने विद्यालय द्वारा प्रस्तुत मांगों को स्वीकार करते हुए उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में शैलेंद्र तिवारी (पूर्व सोसाइटी अध्यक्ष), भारत भूषण शुक्ला, जितेंद्र अग्निहोत्री, सरपंच पति रमेश बारी, चेतना पाण्डेय, शशिकला तिवारी, मोहनलाल पाण्डेय, यदुनाथ प्रसाद चतुर्वेदी, अजय दुबे, कृष्ण सेवक शुक्ल, प्रेम प्रकाश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## श्रीराम जी की झांकी के साथ निकाली शोभा यात्रा

**मऊगंज ब्यूरो।** अयोध्या मे श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देवरा महारानी दाई मंदिर से भव्य शोभायात्रा प्रभु श्री राम की दिव्य झांकी के साथ निकाली गई शोभायात्रा देवरा ओवर ब्रिज होते हुए बाजार खटखरी पहुंचकर चौराहे से होते हुए पुनः महदेवन महा लोक धाम देवरा पहुंच कर



प्रभु श्री राम के दिव्य दरबार का पूजन और आरती का कार्यक्रम हुआ शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया इसके प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम मे बड़ी संख्या मे माताएए, बहने, भैया सभी भक्त गण शामिल हुए कार्यक्रम मे श्री अरविन्द पटेल, बृजेश हिन्दू, रोहित पटेल,गगन पटेल, हरिन्द्र त्रिपाठी,ए पीयूष विश्वकर्मा, नितिन कुशवाहा, ध्रुव कुशवाहा, रिपसूदन उपाध्याय, अनिरुद्ध उपाध्याय, रवि कुशवाहा, पंकज कुशवाहा, शिवम गुप्ता, अभय गुप्ता, अतुल पटेल, शिवम पटेल, अमित पटेल, राज शर्माए सुमित शर्मा, विवेकए शर्मा सूरज पटेल, संदीप पटेल पाटिलए बड़ी संख्या मे सभी भक्त गण शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह सम्मेलन में 200 से अधिक जोड़े परिणय सूत्र में बंधे




**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज में आयोजित जिला स्तरीय सामूहिक विवाह, निकाह आयोजन में 200 से अधिक जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। गरिमामय समारोह में जिले के विभिन्न क्षेत्र से आये जोड़ों ने वैदिक मंत्रोंच्चार और सामाजिक रीति रिवाज के साथ गृहस्थ जीवन में प्रवेश किया। शहीद केदारनाथ महाविद्यालय प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित प्रशासनिक अधिकारियों ने नवदम्पत्तियों को शुभ आशीर्वाद दिया। उपस्थित जनों ने कहा कि गरीब लोगों के लिए यह योजना हितकारी है। अब बेटियों के विवाह की चिंता स्वयं सरकार करती है और जनप्रतिनिधियों सहित अधिकारी उपस्थित रह कर वर-वधू को आशीर्वाद देते हैं। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र मिश्र, अध्यक्ष नगर परिषद मऊगंज बृजवासी पटेल, कलेक्टर संजय कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक दिलीप सोनी, अध्यक्ष जनपद पंचायत नईगढ़ी ममता तिवारी सहित बड़ी संख्या में वर-वधू तथा उनके परिजन उपस्थित रहे।

## मऊगंज भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला आज

**मऊगंज ब्यूरो।** भारतीय जनता पार्टी जिला मऊगंज की 'वीवी जी राम जी' की जिला कार्यशाला 24 जनवरी को दोपहर 12:00 बजे जिला भाजपा कार्यालय मऊगंज में आयोजित की गई है। कार्यशाला को रीवा संभाग प्रभारी विजय दुबे रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा, एवं भाजपा जिला प्रभारी के. के. तिवारी तथा भारतीय जनता पार्टी जिला मऊगंज के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र मिश्रा का मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

## गणतंत्र दिवस का फाइनल रिहर्सल आज

**मऊगंज ब्यूरो।** मऊगंज जिले में गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को कलेक्ट्रेट परिसर में परंपरागत ढंग से समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। समारोह का फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को सुबह 9 बजे से कलेक्ट्रेट परिसर में होगा। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ फाइनल रिहर्सल में उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।

## बालिकाओं को कॅरियर संबधित दी गयी जानकारी

**रायपुर कर्चु.।** राष्ट्रीय बालिका दिवस की उपलक्ष्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत बालिकाओं का कॅरियर काउंसलिंग किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राजीव तिवारी सचिव उपमुख्यमंत्री, राज लखन सिंह जिला संयोजक भाजपा स्वयंसेवी प्रकोष्ठ रीवा, सुषमा तिवारी आजीविका मिशन प्रबंधक, वीवी सिंह सामाजिक कार्यकर्ता, अंजना सिंह परियोजना अधिकारी रायपुर कर्चुलियान1, ममता मिश्रा सीडब्ल्यू सी मेंबर, पर्यवेक्षक पुष्पा सिंह, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ,ग्रामीण जनों ,किशोरी बालिकाओं की उपस्थिति में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व स्वागत गीत से किया गया। राजीव तिवारी द्वारा महिला



सशक्तिकरण में शासन द्वारा चलाई गई योजनाओं की जानकारी बालिकाओं को दी गई। सुषमा सिंह द्वारा आजीविका मिशन के तहत सहायता समूह का गठन कर महिलाओं की आत्मनिर्भरता के गुर सिखाए गए। वी वी सिंह द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम अंतर्गत संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। अंजना सिंह द्वारा महिला बाल विकास द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। तत्पश्चात मेधावी छात्राओं कार्यकर्ताओं एवं महिलाओं को पुरस्कृत किया गया एवं स्वल्पाहार वितरण कर उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया

## शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, आजीविका एवं सामाजिक समरसता से सतत ग्रामीण विकास संभव : वरुण सिंह

**हनुमना, नि.प्र.।** मऊगंज जिले के हनुमना मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के तत्वाधान में ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हनुमना में संभागीय समन्वयक प्रवीण पाठक एवं जिला समन्वयक जागेश्वर ताम्रकार के निर्देशानुसार तथा विकासखंड समन्वयक डॉ रामानंद पटेल के कुशल नेतृत्व में ग्रामोदय से अभ्युदय मध्यप्रदेश अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम मे मुख्यतः उपस्थिति लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अभियंता वरुण सिंह , सामाजिक कार्यकर्ता रामबाबू गुप्ता की रही। अभियान का मुख्य उद्देश्य शाब्दिक अर्थ गाँव के उदय/विकास से ही प्रदेश का समग्र उत्थान है। यह अभियान स्वामी विवेकानंद जी की जयंती (12 जनवरी से गणतंत्र दिवस 26 जनवरी) तक ग्राम विकास पखवाड़ा के रूप में आयोजित किया जाएगा। है। इस अवसर पर वरुण सिंह ने ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान के



महत्व पर कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, आजीविका एवं सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर सामूहिक प्रयासों से ही सतत ग्रामीण विकास संभव है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों, प्रस्फुटन समिति सदस्यों से शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका हेतु सहयोगी भूमिका के लिए बात कही। कार्यक्रम मे ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्य, नवांकुर संस्थान सदस्य, ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायत के जन समुदाय के अलावा जन अभियान परिषद के नेतृत्व में संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत अध्ययनरत बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र छात्राओं एवं परामर्शदाताओं की सहभागिता रही एवं इस आयोजन मे सम्मिलित होकर अनुभव प्राप्त किया है।

## डीई ने टीम के साथ गांव-गांव किया संपर्क

**गुढ़।** पूर्व संभाग रीवा के अंतर्गत 'समाधान योजना' के तहत वितरण केंद्र गुढ़ के बदवार गांव, वितरण केंद्र बदरांव के गंगापुर, लक्ष्मणपुर, एरिया में उपभोक्ताओं से सघन संपर्क कर योजना की राशि जमा करने हेतु समझाइश दी गई। इस अवसर पर डीई सुशील यादव, एई अंशुल नारायण, कनिष्ठ अभियंता आरएस पाठक एवं कुंदन श्रीवास्तव द्वारा क्षेत्र में टीम के साथ गांव गांव जाकर संपर्क किया। क्षेत्र में अपील की गई कि योजना सीमित समय तक है, इसलिए योजना का लाभ उठाएं।



# सूर्य की चमक, इशान की यादगार वापसी से टीम इंडिया ने टी-20 में सबसे तेज 200+ रनों का लक्ष्य हासिल किया

## पांच मैचों की सीरीज के दूसरे टी-20 में टीम इंडिया 28 गेंद शेष रहते सात विकेट से जीती

जेएनएन, रायपुर

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव (नाबाद 82) और टीम में अपनी वापसी को यादगार बनाते हुए 'प्लेयर ऑफ द मैच' इशान किशन (76) की आक्रामक पारियों के दम पर भारत ने पांच मैचों की सीरीज के दूसरे टी-20 में शुक्रवार को न्यूजीलैंड को रिकॉर्ड 28 गेंद शेष रहते सात विकेट से हराया। बल्लेबाजी के लिए आसान परिस्थितियों में न्यूजीलैंड को छह विकेट पर 208 रन पर रोकने के बाद भारत ने महज 15.2 ओवर में तीन विकेट पर 209 रन के साथ सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली।

भारत ने 28 गेंद शेष रहते हुए जीत दर्ज की जो टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 200 से अधिक रन का पीछा करते हुए सबसे बड़ा आंकड़ा है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पाकिस्तान के नाम था, जिसने पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ ही 24 गेंद शेष रहते 205 रन के लक्ष्य को हासिल किया था। टी-20 विश्व कप से पहले लय हासिल करते हुए सूर्यकुमार ने 23 पारियों से चले आ रहे अर्धशतक के सूखे को खत्म किया। उन्होंने 37 गेंद की नाबाद पारी के दौरान नौ चौके और चार छक्के लगाने के अलावा तीसरे विकेट के लिए इशान के साथ महज 49 गेंद में 122 और शिवम दुबे (नाबाद 36) के साथ चौथे विकेट के लिए 37 गेंद में 81 रन की अटूट की साझेदारी के साथ टीम के आसानी से जीत दिला दी। भारत ने इसके साथ ही टी-20 में लक्ष्य का सफलता से सबसे बड़े स्कोर के पीछा करने के रिकॉर्ड की बराबरी की। टीम ने इससे पहले 2023 में विशाखापत्तनम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी लक्ष्य का पीछा करते हुए 209 रन बनाए थे।

राष्ट्रीय टीम में अपनी वापसी को सही साबित करते हुए इशान ने 32 गेंद की पारी में 11 चौके और चार छक्के लगाए, जबकि दुबे ने 18 गेंद की नाबाद पारी में तीन छक्के और एक चौका जड़ा। इससे पहले कुलदीप यादव ने बीच के ओवरों में दो अहम विकेट लेकर शानदार वापसी की, जिससे भारत ने न्यूजीलैंड को छह विकेट पर 208 रन पर रोक दिया। न्यूजीलैंड की ओर से रचिन रवींद्र (44) और कप्तान मिचेल सैंटनर (नाबाद 47 रन) ने अलग-अलग चरणों में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए टीम को 200 रन के पार पहुंचाया।



### 7 गेंद में दो विकेट गंवाकर मुश्किल में थी टीम इंडिया

भारतीय टीम मुश्किल में थी। उन्होंने 1.1 ओवर के भीतर अपने पहले दो विकेट गंवा दिए थे। टी-20 विश्व कप 2024 के बाद टी-20 में यह भारत के सबसे जल्दी पहले दो विकेट गिरने का मामला है। इससे पहले यह रिकॉर्ड पिछले साल पुणे में इंग्लैंड के खिलाफ भारत के पहले दो विकेट आठ गेंदों में गिर गए थे। इससे पहले भारत ने इतनी जल्दी दो विकेट आखिरी बार 2017 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुवाहाटी में गंवाए थे, जब पहली छह गेंदों में ही दो बल्लेबाज आउट हो गए थे। दो विकेट गंवाने के बाद किशन और सूर्यकुमार ने जिस तरह की पारी खेली, उससे ऐसा लगा कि वे कहीं से भी हारने के मूड में नहीं थे।

### स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंडः 208/6 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कोन्वे का. हार्दिक बो. राणा | 19 | 9 | 3 | 1 |
| सिफर्ट का. इशान बो. वरुण | 24 | 13 | 5 | 0 |
| रविंद्र का. अर्शदीप बो. कुलदीप | 44 | 26 | 2 | 4 |
| फिलिप्स का. हार्दिक बो. कुलदीप | 19 | 13 | 2 | 1 |
| मिचेल का. हार्दिक बो. दुबे | 18 | 11 | 3 | 0 |
| चैपमैन का. अभिषेक बो. हार्दिक | 10 | 13 | 0 | 0 |
| मिचेल सैंटनर नाबाद | 47 | 27 | 6 | 1 |
| जैक फोक्स नाबाद | 15 | 8 | 2 | 1 |

**अतिरिक्तः** 12, **कुलः** 20 ओवर में छह विकेट पर 208 रन, **विकेट पतनः** 1-43, 2-43, 3-98, 4-125, 5-129, 6-161, **गेंदबाजीः** अर्शदीप 4-0-53-0, हार्दिक 3-0-25-1, राणा 3-1-35-1, चक्रवर्ती 4-0-35-1, कुलदीप 4-0-35-2, अभिषेक 1-0-12-0, दुबे 1-0-7-1.

**भारतः 209/3 (15.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सैमसन का. रविंद्र बो. हेनरी | 6 | 5 | 0 | 1 |
| अभिषेक का. कॉन्वे बो. डफी | 0 | 1 | 0 | 0 |
| किशन का. हेनरी बो. सोढ़ी | 76 | 32 | 11 | 4 |
| सूर्यकुमार यादव नाबाद | 82 | 37 | 9 | 4 |
| शिवम दुबे नाबाद | 36 | 18 | 1 | 3 |

**अतिरिक्तः** 9, **कुलः** 15.2 ओवर में तीन विकेट पर 209 रन, **विकेट पतनः** 1-6, 2-6, 3-128, **गेंदबाजीः** हेनरी 3-0-41-1, जेकब डफी 4-0-38-1, फॉक्स 3-0-67-0, सैंटनर 2-0-27-0, सोढ़ी 3-0-34-1, मिचेल 0.2-0-2-0.




■ 463 दिनों के बाद सूर्यकुमार का पहला टी-20 अर्धशतक आया।

■ हार्दिक पंड्या (126) भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा टी-20 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बने। उन्होंने स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (125) को पीछे छोड़ा।

■ इशान किशन ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 में 21 गेंद में अर्धशतक जड़ा। इससे पहले अभिषेक शर्मा ने 22 गेंदों में फिफ्टी लगाई थी।

## मैदान से हटकर

### युजवेंद्र चहल और आरजे महवश ने किया एक-दूसरे को अनफॉलो





भारतीय क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और आरजे महवश ने इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया है। उन्होंने ऐसा क्यों किया? इसका जवाब तो अभी तक नहीं मिला है। हालांकि, सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि दोनों की लड़ाई हो गई है। बता दें, जब से चहल का तलाक हुआ तब से यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि वे और आरजे महवश एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि दोनों को अक्सर साथ में स्पॉट किया जाता है। पिछले साल रिएलिटी शो 'राइज एंड फॉल' में चहल की एक्स वाइफ धनश्री वर्मा ने दावा किया था कि शादी के दो महीने बाद चहल ने उन्हें धोखा दिया था। उन्होंने कहा था, मैंने सगाई के बाद से ही उनके बिहेवियर में बदलाव नोटिस कर लिया था, लेकिन मैंने उन पर और अपने रिश्ते पर भरोसा रखा। मेरी समस्या ये है कि मैं अपने आस-पास के लोगों को बहुत ज्यादा मौके देती हूं। लेकिन मैं मौके दे देकर थक गई। मैंने अपनी तरफ से हर कोशिश की थी और अपना 100 प्रतिशत दिया था। हालांकि, चीजें ठीक नहीं हुईं। बाद में, चहल ने धनश्री के दावों पर रिएक्ट करते हुए कहा था, मैं एक खिलाड़ी हूं और मैं धोखा नहीं देता। अगर कोई दो महीने में ही धोखा देता तो इतना लंबा रिश्ता चलता क्या? मेरे लिए, यह चैप्टर खत्म हो गया है। मैं अपनी जिंदगी में आगे बढ़ गया हूं और दूसरों को भी ऐसा ही करना चाहिए। (जेएनएन)

### शतरंजः गुकेश के सामने छठे दौर में अब्दुसत्तोरोव की चुनौती

**विच्क आन जी (नीदरलैंड), जेएनएन।** पिछले मुकाबले में जीत से आत्मविश्वास हासिल करने वाले भारत के युवा विश्व चैंपियन डी गुकेश टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में उज्बेकिस्तान के अनुभवी और संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव से भिड़ेंगे। गुकेश ने पांचवें दौर में काले मोहरों से चेक गणराज्य के थाई दाई वान गुयेन को हराया था। उन्हें लगातार दूसरे मुकाबले में काले मोहरों से खेलना होगा।

# रणजी ट्रॉफीः शुभमन गिल फिर नाकाम सौराष्ट्र ने पंजाब को 194 रन से हराया

जेएनएन, राजकोट

स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल लगातार दूसरी बार विफल रहे, जिससे पंजाब की टीम सौराष्ट्र के स्पिनरों के सामने टिक नहीं सकी और उसे दूसरे दिन 194 रन से हार का मुंह देखना पड़ा। मुश्किल पिच पर 320 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की सबसे बड़ी उम्मीद गिल 32 गेंद में 14 रन बनाकर आउट हो गए। इससे मेहमान टीम अपनी दूसरी पारी में महज 125 रन पर सिमट गई। पहली पारी में भी गिल दो गेंद खेलने के बाद खाता खोले बिना आउट हो गए थे। दोनों पारियों में गिल को बाएं हाथ के स्पिनर पार्थ भुट ने पगबाधा आउट किया। भुट ने मैच में कुल 10 विकेट झटके। पहली पारी में 33 रन देकर पांच विकेट लेने वाले भुट ने अगले दिन और भी घातक प्रदर्शन किया और 10 ओवर में सिर्फ आठ रन देकर पांच विकेट हासिल किए। स्पिनरों के दबदबे का अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि पहले दिन 23 विकेट गिरे, जबकि दूसरे दिन 17 बल्लेबाज पवेलियन लौटे। भुट को साथी स्पिनर धर्मेंद्र जडेजा का बेहतरीन साथ मिला, जिन्होंने 55 रन देकर पांच विकेट चटकाए। पंजाब के लिए कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका, जिससे उदय सहारण 71 गेंद में 31 रन बनाकर उसके शीर्ष स्कोरर रहे। इससे पहले सौराष्ट्र ने बीते दिन के तीन विकेट पर 24 रन से आगे खेलते हुए दूसरी पारी में बेहतर प्रदर्शन किया और 286 रन बनाए। सौराष्ट्र ने 75 रन पर पांच विकेट गंवा दिए थे और तब उसकी बढ़त सिर्फ 108 रन की थी। इसके बाद निचले क्रम के बल्लेबाजों के संघर्ष ने घरेलू टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। प्रेरक मानकड़ ने 41 गेंद में 56 रन बनाकर नेतृत्व किया। भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा ने 44 गेंद में 46 रन बनाए जबकि भुट ने नाबाद 37 और हेतविक कोटक ने 39 रन का योगदान दिया। सौराष्ट्र के अब छह मैच में 18 अंक हो गए हैं।



### सरफराज का दोहरा शतक



**हैदराबाद।** सरफराज खान की 227 रन की की बदौलत मुंबई ने ग्रुप-डी में हैदराबाद पर दबदबा बना लिया। हैदराबाद ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक पहली पारी में दो विकेट पर 138 रन बना लिए है, लेकिन टीम मुंबई से 422 रनों से पीछे है। मुंबई की पहली पारी 560 रन पर सिमटी। सरफराज ने दिन की शुरुआत में 142 रन से आगे खेलते हुए मौजूदा सत्र के अपने पहले शतक को दोहरे शतक में तब्दील किया। उन्होंने भारत के अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज (106 रन देकर एक विकेट) की अगुआई वाले आक्रमण के खिलाफ बेखौफ बल्लेबाजी करते हुए 19 चौके और नौ छक्के जड़े। अजिंक्य रहाणे की जगह टीम में शामिल किए गए सुवेद पारकर (75) ने भी मौके का पूरा फायदा उठाया।

### कर्नाटक के खिलाफ मप्र को बढ़त

अलूर में पहली पारी में 323 रन बनाने के बाद मध्य प्रदेश ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक कर्नाटक का स्कोर आठ विकेट पर 168 रन कर दिया। कर्नाटक अब भी 155 रन से पीछे है। स्पिनर सरांश जैन ने 42 रन देकर तीन विकेट लिए। कर्नाटक के सलामी बल्लेबाज केवी अनीश 153 गेंद में 80 रन बनाकर नाबाद हैं।

# ऑस्ट्रेलियन ओपनः 100वें ग्रैंड स्लैम मैच में जीते अल्काराज

जेएनएन, मेलबर्न

विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में कोरेंटिन माउटेट पर जीत दर्ज की। स्पेन के 22 साल के अल्काराज करियर ग्रैंडस्लैम की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने 32वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी माउटेट से मिली चुनौती से निपटते हुए 6-2, 6-4, 6-1 से जीत दर्ज की। अल्काराज का यह 100वां ग्रैंडस्लैम मैच था, जिसमें उन्होंने 87वीं जीत दर्ज की। यह रिकॉर्ड पहले 100 ग्रैंड स्लैम मैचों में सबसे अधिक जीतों के मामले में ब्योर्न बोर्ग (88 जीतें) के बाद दूसरा स्थान है। अल्काराज अब रविवार को दुनिया के 19वें नंबर के खिलाड़ी टॉमी पॉल से भिड़ेंगे, जिन्होंने एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के चोट के कारण रिटायर होने के कारण अगले दौर में प्रवेश किया। पॉल ने पहले दो सेट 6-1, 6-1 से अपने नाम कर लिए थे। शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने अनास्तासिया पोटापोवा को 7-6 (4), 7-6 (7) से हराया। अब चौथे दौर में सबालेंका का सामना उभरती हुई स्टार विक्टोरिया म्बोको के खिलाफ होगा, जिन्होंने 14वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टौसन को 7-6 (5), 5-7, 6-3 से हराया।



### पिछड़ने के बाद वापसी कर जीते मेदवेदेव

दानिल मेदवेदेव ने दो सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फैबियन मारोजसन पर 6-7 (5), 4-6, 7-5, 6-0, 6-3 से जीत हासिल की। यह पांचवीं बार है, जब मेदवेदेव ने 0-2 से पिछड़ने के बाद ग्रैंड स्लैम मैच जीता है। 2021 के अमेरिकी ओपन चैंपियन और तीन बार के ऑस्ट्रेलियन ओपन उप विजेता मेदवेदेव अब अमेरिकी खिलाड़ी लर्नर टिएन से भिड़ेंगे।

## सिंधू-लक्ष्य की हार से इंडोनेशिया मास्टर्स में भारतीय चुनौती समाप्त

**जकार्ता, जेएनएन।** पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में सीधे गेम में हारकर बाहर हो गए, जिससे पांच लाख डॉलर पुरस्कार राशि वाले इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती शुक्रवार को समाप्त हो गई। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को महिला एकल क्वार्टर फाइनल में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त और विश्व नंबर चार खिलाड़ी चेन यू फेई के खिलाफ 42 मिनट तक चले मुकाबले में 13-21, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही सिंधू का सुपर 500 स्तर के इस टूर्नामेंट में सफर खत्म हो गया। चेन यू फेई के खिलाफ आमने-सामने के रिकॉर्ड में अब सिंधू 6-8 से पीछे हो गई हैं। सिंधू की चीन की इस खिलाड़ी के खिलाफ पिछली जीत वर्ष 2019 में दर्ज हुई थी। पुरुष एकल में 2021 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन को थाईलैंड के उभरते खिलाड़ी पनिचाफोन तीरारत्साकुल से कड़े मुकाबले में 18-21, 20-22 से हार मिली। यह मैच 46 मिनट तक चला।



## एसए-20: पार्ल रॉयल्स क्वालिफायर-2 में पहुंची

**जोहानिसबर्ग, जेएनएन।** पार्ल रॉयल्स ने एसए20 एलिमिनेटर में जोबर्ग सुपरकिंग्स को 36 रन से हराकर टूर्नामेंट से बाहर करते हुए क्वालिफायर-2 में जगह बनाई। क्वालिफायर-2 में अब रॉयल्स की भिड़ंत कल सनराइजर्स ईस्टर्न केप से होगी और वह दो बार के पूर्व चैंपियन को हराकर पहली बार फाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। सनराइजर्स की टीम अब तक तीनों सत्र में खिताबी मुकाबले में खेली है। रॉयल्स के 211 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरकिंग्स की टीम कभी लक्ष्य हासिल करने की स्थिति में नहीं दिखी और हार्डस विलजोएन (24 रन पर दो विकेट) तथा ओटनील बार्टमैन (47 रन पर दो विकेट) की प्रभावी गेंदबाजी के सामने आठ विकेट पर 174 रन ही बना सकी।

## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलेंगे शाहीन अफरीदी

तीन मैचों की सीरीज के लिए चार साल बाद पाक जाएगी टीम

**कराची, जेएनएन।** पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज के लिए शुक्रवार को तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को राष्ट्रीय टी-20 टीम में शामिल किया। अफरीदी के घुटने की चोट से वापसी और बाबर आजम के बिग बैश लीग से लौटने के अलावा इस महीने की शुरुआत में श्रीलंका के खिलाफ खेलने वाली टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अफरीदी को ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग के दौरान फील्डिंग करते हुए घुटने में चोट लग गई थी और वह लाहौर के 'हाई परफॉर्मेंस सेंटर' में उपचार के लिए घर लौट आए थे। ऑस्ट्रेलियाई टीम 28 जनवरी को पाकिस्तान पहुंचेगी। अप्रैल 2022 में एक टी-20 के बाद ऑस्ट्रेलियाई टीम पाकिस्तान की धरती पर इस प्रारूप में अपनी दूसरी सीरीज खेलेगी। पाकिस्तान के चयनकर्ताओं ने अभी तक विश्व कप के लिए अपनी अंतिम टीम की घोषणा नहीं की है। तीन मैच की टी-20 सीरीज के मैच 29 और 31 जनवरी तथा एक फरवरी को होंगे। सभी मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले जाएंगे।



**पाकिस्तान की टीमः** सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, बाबर आजम, फहीम अशरफ, फखर जमां, ख्वाजा मोहम्मद नफे (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद सलमान मिर्जा, मोहम्मद वसीम जूनियर, नसीम शाह, साहिबजादा फरहान (विकेटकीपर), सईम अयूब, शाहीन शाह अफरीदी, शादाब खान, उस्मान खान (विकेटकीपर) और उस्मान तारिक।

## सिटी स्पोर्ट्स

### उद्रेका सिंह ने खेलो इंडिया विंटर गेम्स में जीता स्वर्ण




**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश की उद्रेका सिंह ने खेलो इंडिया विंटर गेम्स (केआईडब्ल्यूजी) में शानदार प्रदर्शन करते 500 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। लेह-लद्दाख में आयोजित केआईडब्ल्यूजी में उद्रेका (53.94 सेकंड) ने स्थानीय दावेदार स्कार्मा त्सुलटिम (54.21 सेकंड) को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण अपने नाम किया। लद्दाख की तस्निया शमीम (57.41 सेकंड) ने इस स्पर्धा का कांस्य पदक जीता। उद्रेका ने इसके साथ ही भारत की सबसे तेज महिला आइस स्केटर का खिताब भी अर्जित किया।

### पब्लिक वाणी सेमीफाइनल में डीजीपी एकादश बनीं चैंपियन

31वां आईईएस डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट



**भोपाल, खेप्र।** पब्लिक वाणी ने टाइम्स ऑफ इंडिया को सात विकेट से हराकर 31वें आईईएस डिजिआना इंटर प्रेस क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में उसका सामना राज एक्सप्रेस से होगा। डिपार्टमेंटल ग्रुप के फाइनल में नगर निगम कमिश्नर इलेवन को 86 रन से हराकर डीजीपी एकादश चैंपियन बनीं। कॉर्पोरेट ग्रुप के मैचों में हमीदिया स्पोर्ट्स ने भोपाल क्रिकेट क्लब को 96 रनों और एलीट वारियर्स ने रेट्रो स्टार को 70 रनों से मात दी। फेथ क्रिकेट मैदान पर टाइम्स ने जावेद (47) और जतिन (22) की पारियों की बदौलत आठ विकेट पर 110 रन बनाए। शशांक और देवेंद्र ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में पब्लिक वाणी ने तीन विकेट पर जरूरी रन बना लिए। कप्तान विशाल गर्ग और राम ने 25-25 रनों का योगदान दिया। विनय शुक्ला ने 22 रनों की पारी खेली। टाइम्स की ओर से कप्तान रामेंद्र सिंह ने दो विकेट लिए। विभागीय ग्रुप के फाइनल मुकाबले में डीजीपी ने आठ विकेट पर 171 रन बनाए। इसमें दीशांत खरे ने 65 रनों की पारी खेली। विजय सिंह ने 34 और कप्तान संदीप सूर्यवंशी ने 34 रन बनाए। फहाद ने तीन विकेट लिए। रणवीर वैद को दो सफलता मिली। जवाब में नगर निगम कमिश्नर इलेवन मात्र 85 रनों पर आउट हो गई। रणवीर ने 45 रन बनाए। डीजीपी की ओर से अंकुश सराठे ने चार विकेट लिए।

### पृथ्वीराज सिंह का शतक, भोपाल की सधी शुरुआत

**भोपाल, खेप्र।** पृथ्वीराज सिंह तोमर के शतक की बदौलत भोपाल डिवीजन ने एमवाय मेमोरियल ट्रॉफी सीनियर बॉयज इंटर डिविजनल मल्टीडे क्रिकेट टूर्नामेंट में उज्जैन के खिलाफ सधी हुई शुरूआत की। एमपीसीए क्रिकेट मैदान पर भोपाल ने उज्जैन डिवीजन के 423 रन के जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक तीन विकेट खोकर 295 रन बना लिए। पृथ्वीराज ने 123 रन की शतकीय पारी खेली। अरहम अकील (89) ने अर्धशतक जड़ा। कनिष्क दुबे (37) और अभिराज (25) नाबाद लौटे। उज्जैन के इशान अफरीदी ने 2 विकेट लिए। इससे पहले उज्जैन ने कल के स्कोर 7/410 को आगे बढ़ते हुए उसमें सिर्फ 13 रन और जोड़े।



### आरएनटीयू की हॉकी टीम ने उड़ीसा को 9-3 से हराया



**भोपाल, खेप्र।** रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू) की टीम ने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी टूर्नामेंट में केआईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर (उड़ीसा) को 9-3 से हराया। सम्बलपुर यूनिवर्सिटी, सम्बलपुर (उड़ीसा) में खेले गए मुकाबले में आरएनटीयू की ओर से मोहम्मद जैद खान, अलमाज खान, मुस्तफा अजीज एवं मुदस्सर कुरैशी ने दो-दो गोल दागे, जबकि अरहम जमीर अंसारी ने एक गोल किया। टीम अपना अगला मुकाबला 24 जनवरी को बैंगलोर सिटी यूनिवर्सिटी, बैंगलोर (कर्नाटक) के विरुद्ध खेलेगी।

## गणतंत्र दिवस की संध्या पर शासकीय भवनों में होगी रोशनी

**रीवा।** गणतंत्र दिवस 26 जनवरी की संध्या पर सभी शासकीय भवनों पर रोशनी की जायेगी। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सभी अधिकारियों को कार्यालय भवनों में रोशनी कराने की व्यवस्था के निर्देश दिये हैं। उन्होंने निजी संस्थानों से भी उनके भवनों में गणतंत्र दिवस में रोशनी करने का अनुरोध किया है।


# दैनिक जागरण
रीवा, 24 जनवरी, 2026 रीवा शहर www.dainikjagranmpcg.com


## गणतंत्र दिवस का फाइनल रिहर्सल आज

**रीवा।** गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को एसएएफ मैदान में परंपरागत ढंग से समारोह पूर्वक मनाया जायेगा। समारोह का फाइनल रिहर्सल 24 जनवरी को सुबह 9 बजे से एसएएफ मैदान में होगा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने आयोजन से जुड़े सभी अधिकारियों को पूरी तैयारी के साथ फाइनल रिहर्सल में उपस्थिति के निर्देश दिये हैं।






# पांच साल में दो बार से ज्यादा जेल जाने वाले माने जाएंगे आदतन अपराधी

## बंदीगृह अधिनियम में आदतन अपराधी की निर्धारित की जा रही नई परिभाषा



**जागरण, रीवा।** चोरी, मारपीट या फिर किसी दूसरे अपराध में पांच वर्ष में दो बार जेल पहुंचे तो आदतन अपराधी माने जाएंगे। इसके बाद ऐसे अपराधियों को पैरोल आसानी से नहीं मिलेगी। जेलों में सुरक्षा के प्रबंध भी कड़े कर दिए जाएंगे। प्रदेश की जेलों के लिए पहली बार आदतन अपराधी की परिभाषा निर्धारित की जा रही है। मध्य प्रदेश सुधारात्मक सेवाएं एवं बंदीगृह अधिनियम में इसका प्रविधान किया जा रहा है। अधिनियम के अंतर्गत प्रस्तावित नियमों में इसे शामिल किया जाएगा। गौरतलब है कि यह अधिनियम सरकार ने लगभग एक वर्ष पहले लागू करने की तैयारी की थी, पर नियमों को अंतिम रूप अभी तक नहीं दिया जा सका है, जिससे देरी हो रही है। जेल मुख्यालय द्वारा प्रस्तावित नियमों का विधि विभाग और जेल विभाग बारीकी से परीक्षण कर रहे हैं। मुख्यालय द्वारा अधिनियम के अंतर्गत लगभग एक हजार नियम प्रस्तावित किए गए हैं। आदतन अपराधी के अतिरिक्त नियमों में कुछ और परिवर्तन विधि और जेल विभाग ने सुझाया है। इन्हें अंतिम रूप दिए जाने के बाद माना जा रहा है कि अप्रैल के पहले अधिनियम प्रभावी हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2023 में आदर्श कारागार अधिनियम तैयार किया था, जिसे सभी राज्यों को अपनी आवश्यकता के अनुसार परिवर्तन कर लागू करने के लिए कहा था। इसी संदर्भ में राज्य सरकार नया एक्ट प्रभावी करने जा रही है। इसके लागू होने के बाद जेलों का नाम बंदीगृह एवं सुधारात्मक संस्था हो जाएगा। कैदियों के लिए सुविधाएं बढ़ेंगी। अवकाश के नियम भी सरल किए जाएंगे।






## वेतन निर्धारण का होगा सत्यापन

**रीवा।** कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों के वेतन निर्धारण का सत्यापन न होने से पेंशन प्रकरण के निराकरण में कठिनाई जा रही है। संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा तोकानंद टेकाम ने संभागीय पेंशन अधिकारी को आगामी दो वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन निर्धारण और सत्यापन का अनुरोध किया है। श्री टेकाम ने कहा है कि वेतन निर्धारण का ऑनलाइन सत्यापन करें जिससे पेंशन प्रकरण तैयार करने में किसी तरह की कठिनाई न हो। सभी कार्यालय प्रमुख आगामी दो वर्ष में सेवानिवृत्त होने वाले शासकीय सेवकों के वेतन निर्धारण का सत्यापन करा लें।

## ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

### बैकुंठपुर कस्बे में हुआ दर्दनाक हादसा



**जागरण, रीवा।** बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के बरौं मोड़ के पास बाइक सवार युवक को ट्रेलर ट्रक ने कुचल दिया। हादसे में मौके पर ही युवक की मौत हो गई। मृतक बाइक में तेल भरवाकर वापस बरौं मोड़ लौट रहा था तभी शुक्रवार को यह हादसा हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक विजय तिवारी पिता लालजी तिवारी 28 वर्ष निवासी गुहिया अपने साले के साथ बाइक से जा रहा था। बरौं मोड़ पर साला उतर गया और विजय पेट्रोल भरवाने पेट्राल पम्प की तरफ चला गया। वापस लौटते समय बरौं मोड़ के पास विपरीत दिशा से आए ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए सिरमौर भिजवाया जहां पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। जबकि दुर्घटना कारित करने वाले ट्रेलर को जब्त कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के संबंध में बैकुंठपुर थाना प्रभारी घनश्याम मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि बाइक सवार युवक और ट्रेलर ट्रक बैकुंठपुर से रीवा की ओर निकले थे। इसी दौरान बरौं मोड़ के पास एक ट्रेलर ट्रक ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई और सूचना पुलिस को दी गई। जिसके बाद तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर थाने लाया गया। पुलिस मर्ग कायम कर आगे की कार्रवाई में लगी हुई है।

## बकरी चोरों को ग्रामीणों ने घेरा, पिकअप लेकर भाग गए आरोपी

### रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के सुरसा मढ़ी की घटना



**जागरण, रीवा।** रायपुर कर्चुलियान थाना क्षेत्र के सुरसा मढ़ी गांव में बीती रात्रि पिकअप वाहन लेकर आए बकरी चोर गिरोह को ग्रामीणों ने घेर लिया। हालांकि घटना के बाद आरोपी पिकअप वाहन सहित मौके से फरार हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना के संबंध में पीड़ित महेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात्रि तकरीबन 3 बजे वह अपने घर सो रहा था। इसी दौरान उसे किसी के आने की आहट मिली जब उसने घर का दरवाजा खोलने का प्रयास किया तो नहीं खुला। महेंद्र ने बताया कि इसके बाद वह कच्चे मकान का छप्पर हटाकर बाहर निकला तो देखा कि उसके घर के सभी दरवाजे बाहर से बंद है और जहां पर बकरा बकरी रखे हुए था वहां का दरवाजा टूटा हुआ है और जानवर गायब थे। पीड़ित ने तत्काल हल्ला गोहार मचाना शुरू किया तो आसपास के लोग भी एकत्रित हो गए। महेंद्र के मुताबिक घर से तकरीबन आधा किलोमीटर दूर कुछ लोगों द्वारा उसकी बकरा और बकरी चुरा कर एक बगीचे में ले गए थे जहां पिकअप वाहन में लोड किया जा रहा था लेकिन बदमाशों को जब ग्रामीणों के आने की आहट मिली तो आरोपी बकरा बकरी मौके पर ही छोड़कर पिकअप वाहन लेकर फरार हो गए। महेंद्र ने बताया कि आरोपी उसके घर से 30 बकरा बकरी चुरा ले गए थे जिन्हें छोड़कर भाग गए हैं।

## शासकीय और निजी भूमि पर कब्जे को लेकर बढ़ा तनाव

### प्रशानिक और पुलिस अमले ने मौके पर पहुंचकर समझाइश देकर शांत कराया मामला



**जागरण, रीवा।** सिरमौर तहसील अंतर्गत वार्ड क्रमांक 5 में निजी और शासकीय भूमि में 1 वर्ष पूर्व 380 आदिवासी परिवारों द्वारा झुग्गी झोपड़ी बनाकर निवास करने का मामला एक बार फिर गर्मा गया है। मौके पर पहुंची पुलिस और तहसीलदार ने दोनों पक्षों को समझाइश देकर मामले को शांत कराया। इस पूरे मामले को लेकर सिरमौर तहसीलदार अनुपम पाण्डेय ने बताया कि बीते दिन शैलेंद्र द्विवेदी द्वारा सूचना दी गई थी कि रीवा डभौरा मार्ग के वार्ड क्रमांक 5 में शासकीय और निजी भूमि में तकरीबन 1 वर्ष पूर्व अपनी स्वेच्छा से बसे आदिवासी परिवारों द्वारा पक्का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस निर्माण कार्य को लेकर भूमि स्वामी और कब्जेदारों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो रही है। जिसके बाद उन्होंने सिरमौर पुलिस को मामले की सूचना दी। प्रशासनिक अमले के साथ पहुंचे पुलिस बल ने मौके पर पहुंचे और दोनों पक्षों को बुलाकर समझाइश दी और किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं किए जाने के हिदायत दी गई। बताया गया कि जिस स्थान पर आदिवासी परिवारों द्वारा झुग्गी झोपड़ी बनाकर निवास किया जा रहा है, वहां पर कुछ शासकीय भूमि है जबकि कुछ हिस्सा निजी भूमि का भी है जिसका प्रकरण उन्हीं के न्यायालय में विचाराधीन है। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि जब तक इस प्रकरण का निराकरण नहीं हो जाता तब तक उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य न किया जाए। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच कुछ विवाद की स्थिति भी निर्मित हुई थी जिसे मौके पर मौजूद पुलिस और प्रशासनिक अमले ने शांत कराया।

## श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए अभियान 31 तक

**रीवा।** रीवा जिले में मध्यप्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत मजदूरों तथा उनके परिवार के सदस्यों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में 31 जनवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस संबंध में जिला श्रम पदाधिकारी प्रिया अग्रवाल ने बताया कि पंजीकृत मजदूरों तथा उनके परिवार के सदस्यों की सूची निरामय पोर्टल पर उपलब्ध है। इस सूची के आधार पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए आयुष्मान ऐप का उपयोग किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा नगरीय निकायों के सहयोग से आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं।

## लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त आवेदन पत्रों का समय सीमा में निराकरण करें: कलेक्टर

**रीवा।** कलेक्टर प्रतिभा पाल ने सभी पदाभिहित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि लोक सेवा गारंटी अन्तर्गत अधिसूचित सेवाओं का समय सीमा में निराकरण करें। उन्होंने कहा है कि लोक सेवा से प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों में समय सीमा में निराकरण नहीं होने से अनावश्यक देरी होती है और शासन स्तर से अप्रसन्नता व्यक्त की जाती है। उन्होंने सभी पदाभिहित अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि स्वयं अपने डिजिटल सिग्नेचर की जांच कर लें और एक्सपायर होने पर नया डिजिटल सिग्नेचर बनवाकर समय सीमा में आवेदन पत्रों का 26 जनवरी के पहले अनिवार्यतः निराकरण करें। निर्धारित समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण न होने पर संबंधितों को अर्थदण्ड से अधिरोपित किया जायेगा।

## नाबालिग से शादी कर दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

### गुढ़ पुलिस शिकायत के बाद कर रही थी आरोपी की तलाश



**जागरण, रीवा।** नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर आरोपी ने शादी कर उससे दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिजनों ने बीते वर्ष 2 सितंबर को गुढ़ थाना में लड़की की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट व बलात्कारी की धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध किया था। आरोपी घटना के बाद से फरार था जिसकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही थी। जिसे पुलिस ने 4 माह बाद धर दबोचा। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। गुढ़ पुलिस से हासिल जानकारी के मुताबिक 02 सितंबर 2025 को नाबालिग लड़की के परिजनों ने अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट लेख कराई। बताया गया कि उनकी 16 वर्ष 04 माह की लड़की को संदेही मनीष कोल भगा ले गया है। जिस पर पुलिस ने मामले में धारा 137(2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया। पीड़िता को दस्तयाब कर पीड़िता के न्यायालयीन कथन कराए गए जहां नाबालिग लड़की ने आरोपी मनीष कोल के द्वारा भगाकर शादी करने व दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण मे धारा 64(2) (ड्),96 बीएनएस 5/6 पॉक्सो एक्ट का इजाफा कर आरोपी मनीष कोल पिता सुरेश कोल निवासी मुसौआ को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com